जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

बीकानेर

Rashtradoot

फोनः- 2200660 फैक्स : 0151-2527371 वर्षः 46 संख्याः 42 प्रभात बीकानेर, सोमवार 2 सितम्बर, 2024 डाक प.स.बीकानेर/045/2020-22 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.



*पश्चिम हिंद महासागर में मैडागामर के पास एक छोटा सा द्वीप है ट्रॉमलिन, वहां रहने वाला आखिरी चूहा 2005 में मार दिया गया था। फ्रांस के स्वामित्व वाले इस टापू पर संभवतया 17 वीं सदी में एक फ्रांसीसी जहाज पर चूहे यहाँ आए थे। जहाज टापू के पास दुर्घटना ग्रस्त हो गया, इसमें मैलगैसी लोग भरे हुए थे जिन्हें अगवा करके बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। युनिवर्सिटी ऑफ रीयूनियन आइलैंड के इकॉलजिस्ट मैथ्यू ली कोर ने यह जानकारी दी। चूहों के आने से पहले यह द्वीप 8 प्रकार की सी बर्ड्स प्रजातियों का घर था, जिनमें फ्रिगेट बर्ड्स, टर्न और बूबी प्रमुख थीं। लेकिन चूहों के आने के बाद पक्षियों की आबादी घटने लगी क्योंकि चूहे पक्षियों के अंडों को खा जाते थे। सन् 2005 तक, जब फ्रांस ने चूहों का उन्मूलन शुरु किया यहाँ मात्र दो पक्षी प्रजातियां ही बची थीं, मास्क्ड बूबी और चित्र में नज़र आ रही रैड फुटेड बूबी। चूहों के उन्मूलन के लगभग दो दशक के बाद आज यह द्वीप फिर से सी बर्ड्स का फलता-फूलता आवास बन गया है, अब यहाँ 7 अलग-अलग प्रजातियों के हजारों पक्षी रहते हैं। सबसे उत्साह वर्धक बात यह है कि यह द्वीप उन चन्द द्वीपों में से एक है जहां घुसपैठिया परभक्षी के उन्मूलन के बाद पक्षियों ने स्वतः वापसी की हैं। ली कोर ने हाल ही में छपे अपने शोध में इसे अद्भुत सफलता बताया है। ट्रॉमलिन आइलैंड, जो कि एक वर्ग मील से भी छोटा है, पर एक छोटे से साईन्टिफिक रिसर्च स्टेशन के अलावा और कछ नहीं हैं। यहाँ पर फ्रैंच अधिकारियों ने एक महीने में चूहों का खात्मा कर दिया। वर्ष 2013 तक रैड फुटेड एवं मास्क्ड बूबी पक्षियों की आबादी दोगुने से भी अधिक हो गई थी। इसके बाद वाइट टर्न, ब्राउन नॉडी, सूटी टर्न, वैजटेल्ड शिअरवॉटर्स एवं लैसर नॉडीज़ की आबादी बढ़ी है। जबकि टर्न और नॉडीज़ वैज टेल्ड शीअरवॉटर्स ने तो यहां 1856 के बाद से प्रजनन ही नहीं किया था। वैज्ञानिकों ने कहा कि परभक्षियों को हटाने के बाद ये पक्षी जल्दी रिकवरी करते हैं, पर सभी कॉलोनियों में रिकवरी नहीं हो पाती है। ट्रॉमलिन में पक्षियों की आबादी तेजी से बढ़ी है क्योंकि यहां जो पक्षी हैं वे तेजी से बढ़ते हैं और कहीं भी रह लेते हैं, जबकि एल्बैट्रॉस, पैट्रल और कुछ अन्य प्रजाति के पक्षी अपने खास स्थान के प्रति लॉयल होते हैं, वे हर साल एक ही जगह घर बनाते हैं। तथापि, शानदार रिकवरी के बाद भी इस द्वीप के पक्षियों के समक्ष कई खतरे हैं। वही खतरे, जिनका सामना विश्वभर के पक्षी कर रहे हैं।*

# 'न्याय में देरी की परिपाटी बदलने का समय आ गया है'

## राष्ट्रपति ने कहा कि जब बलात्कार जैसे मामलों में कोर्ट का फैसला एक पीढ़ी गुजर जाने के बाद आता है, तो लोगों को लगता है कि न्याय की प्रक्रिया में संवेदनशीलता खत्म हो चुकी है

- **राष्ट्रपति ने जोर देते हुए कहा, जब तक किसी पीड़ित को न्याय मिलता है, तब तक तो उसके चेहरे से मुस्कान गायब हो चुकी होती है। कई मामलों में उनकी जिंदगी तक खत्म हो जाती है। इसलिए हमें इस बारे में गहराई से विचार करने की जरूरत है।**
- **राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि न्याय की रक्षा करना देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अदालती माहौल में आम लोगों का तनाव का स्तर बढ़ जाता है।**

नई दिल्ली, 1 सितम्बर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने त्वरित न्याय सुनिश्चित करने पर जोर दिया है। उन्होंने रविवार को कहा कि इसके लिए अदालतों में स्थगन की संस्कृति को बदलने के प्रयास किए जाने की जरूरत है। जिला न्यायपालिका के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने ये बातें कहीं। मुर्मू ने कहा कि "अदालतों में लंबित मामलों का होना हम सभी के लिए एक बड़ी चुनौती है। राष्ट्रपति ने कहा, 'कोर्ट में स्थगन की संस्कृति को बदलने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाने की जरूरत है।" उन्होंने कहा कि जब बलात्कार जैसे मामलों में कोर्ट का फैसला एक पीढ़ी गुजर जाने के बाद आता है, तो आम आदमी को लगता है कि न्याय की प्रक्रिया में संवेदनशीलता नहीं बची।

द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि गांव के लोग तो न्यायपालिका को दैवीय मानते हैं, क्योंकि उन्हें वहीं न्याय मिलता है। एक कहावत भी है- भगवान के घर देर है, अंधेर नहीं। मगर, सवाल है कि आखिर कितनी देर? हमें इस बारे में सोचना होगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा, जब तक किसी पीड़ित को न्याय मिलता है, तब तक तो उसके चेहरे से मुस्कान गायब हो चुकी होती है। कई मामलों में उनकी जिंदगी तक खत्म हो जाती है। इसलिए हमें इस बारे में गहराई से विचार करने की जरूरत है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि न्याय की रक्षा करना देश के सभी न्यायाधीशों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अदालती माहौल में आम लोगों का तनाव का स्तर बढ़ जाता है। उन्होंने इस विषय पर अध्ययन का भी सुझाव दिया। उन्होंने महिला न्यायिक अधिकारियों की संख्या में वृद्धि पर भी प्रसन्नता व्यक्त की। मालूम हो कि इस कार्यक्रम में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और केंद्रीय कानून व न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल भी शामिल हुए। राष्ट्रपति मुर्मू ने भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुप्रीम कोर्ट का ध्वज और प्रतीक चिह्न भी जारी किया।

द्रौपदी मुर्मू ने कहा, मुझे बताया गया है कि हाल के वर्षों में जनपद स्तर पर न्यायपालिका के बुनियादी ढांचे, सुविधाओं, प्रशिक्षण और जनशक्ति की उपलब्धता में सुधार हुआ है। लेकिन इन सभी क्षेत्रों में अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। मेरा विश्वास है कि सुधार के सभी आयामों में तेजी से प्रगति होनी चाहिए। मुझे यह जानकर खुशी हुई कि हाल के वर्षों में चयन समितियों में महिलाओं की संख्या में वृद्धि हुई है। इस वृद्धि के कारण कई राज्यों में चयन समितियों में महिलाओं की संख्या में 50 की वृद्धि हुई है।

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी न्यायपालिका के सामने कई चुनौतियां हैं, जिनके लिए सभी हितधारकों को मिलकर प्रयास करने होंगे। उदाहरण के लिए साक्ष्य और गवाहों से संबंधित मुद्दों को न्यायपालिका, सरकार और पुलिस प्रशासन की ओर से मिलकर सुलझाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, यह हमारे सामाजिक जीवन का एक दुखद पहलू है कि कुछ मामलों में साधन संपन्न लोग अपराध करने के बाद भी बेखौफ घूमते रहते हैं जो लोग इन अपराधों के शिकार होते है वे इस डर में जीते है जैसे कि उनके अपने विचारों ने कई अपराध किए हों।

महिला पीड़ितों की स्थिति और भी बदतर है क्योंकि समाज के लोग भी उनका साथ नहीं देते।

# शिवाजी की प्रतिमा गिरने के मामले में प्र.मंत्री की माफी स्वीकार करने से विपक्ष ने इनकार किया

## उद्धव ठाकरे ने "सरकार को जूते मारो" रैली को लीड किया, उन्होंने कहा कि प्र.मंत्री मोदी की माफी में अहंकार की बू आ रही थी

- **उद्धव ठाकरे ने रविवार को मुम्बई के हुतात्मा चौक से गेटवे ऑफ इंडिया तक विरोध रैली को लीड किया। गेटवे ऑफ इंडिया पर आयोजित हुई विपक्ष की सभा में उद्धव ठाकरे ने कहा कि एक तरफ प्र.मंत्री मोदी इस मामले में माफी मांग रहे थे तो वहीं उनके पास में खड़े एक उप मु.मंत्री मुस्कुरा रहे थे। इसमें भाजपा का अहंकार साफ झलक रहा था।**
- **उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम सभी यहां भाजपा को भारत से बाहर करो कि मांग करने के लिए एकत्र हुए हैं भाजपा ने छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान किया है उन्होंने महाराष्ट्र की आत्मा का अपमान किया है उन्हें इसके लिए सजा मिलनी ही चाहिए।**

मुम्बई, 1 सितम्बर। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में किले में स्थापित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा टूटने का मामला तूल पकड़ता ही जा रहा है। इस मामले में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तक ने माफी मांग ली है। प्रधानमंत्री मोदी के माफी मांगने के बाद मामला शांत होने की बजाय और गरम हो गया है।

रविवार को मूर्ति ढहने के विरोध में मुंबई में एक विशाल रैली का नेतृत्व करते हुए उद्धव ठाकरे पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने जो माफी मांगी है उसमें अहंकार की भावना ज्यादा नजर आ रही थी। विपक्षी गठबंधन महा विकास अघाड़ी के नेताओं ने मुंबई में इस विशाल रैली का नेतृत्व किया। यह रैली प्रतिष्ठित हुतात्मा चौक से शुरू होकर गेटवे ऑफ इंडिया पर जाकर समाप्त हुई।

प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने जनता से पूछा कि क्या आपने माफी में अहंकार देखा? इसमें अहंकार की बू आ रही थी, जब वह माफी मांग रहे थे तो पास में ही एक उपमुख्यमंत्री मुस्कुरा रहे थे। ठाकरे ने कहा कि ऐसी गलती को माफ नहीं किया जा सकता। हम सभी यहां भाजपा को भारत से बाहर करो कि मांग करने के लिए एकत्र हुए हैं भाजपा ने छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान किया है उन्होंने महाराष्ट्र की आत्मा का अपमान किया है उन्हें इसके लिए सजा मिलनी ही चाहिए। उद्धव ने कहा कि मुझे समझ नहीं आया कि पीएम किस बात के लिए माफी मांग रहे थे, उन्होंने इस मूर्ति का अनावरण आठ महीने पहले किया था, इतनी जल्दी मूर्ति का गिर जाना यह दिखाता है कि इसमें भ्रष्टाचार किया गया था। क्या वह भ्रष्टाचार के लिए माफी मांग रहे थे?

ठाकरे ने अयोध्या के मंदिर को भी बीच में लाते हुए कहा कि भाजपा कि सरकार ने जो कुछ भी बनवाया है उसमें ही गड़बड हुई है, अयोध्या का राम मंदिर पहली बरसात में ही टपकने लगा, यह दिखाता है कि किस हद भ्रष्टाचार हुआ है। जोड़े मारो आंदोलन के नाम से शुरू की गई इस रैली में उद्धव ने लोगों से अपील की सीएम एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडनवीस और

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कंगना रनौत की फिल्म इमरजैंसी की रिलीज टाली गई

मुम्बई, 1 सितम्बर। कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी को लेकर लगातार बढ़ रही कॉन्ट्रोवर्सी के बीच अब इसे पोस्टपोन कर दिया गया है। मंडी लोकसभा सीट से सांसद कंगना रनौत इस फिल्म की लीड एक्ट्रेस और डायरेक्टर भी हैं कंगना रनौत ने हाल ही में बताया था कि फिल्म की वजह से

- **कंगना रनौत ने बताया कि फिल्म के विरोध तथा उन्हें लगातार मिल रही धमकियों की वजह से सैंसर बोर्ड ने फिलहाल फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी है।**

मिल रही धमकियों के बीच फिलहाल सैंसर बोर्ड ने इसे हरी झंडी देने से इनकार कर दिया है। जहां तक फिल्म की नई रिलीज डेट का सवाल है तो अभी तक इस बारे में कंगना रनौत की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सैंसर बोर्ड को अभी इस मामले में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में बाढ़, 294 गाँव खाली कराये गये

## तेलंगाना में सौ से ज्यादा गाँव बाढ़ की वजह से जलमग्न हो गये हैं, आंध्र प्रदेश में 9 लोगों की मौत

- **तेलंगाना की गृह मंत्री अनिता ने बताया कि बारिश के कारण 62,644 हेक्टेयर धान की फसल और 7,218 हेक्टेयर बाग जलमग्न हो गए हैं।**
- **तेलंगाना में बारिश ने बीते 50 सालों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है कई स्थानों पर दो दिन में 27 सेन्टीमीटर से भी ज्यादा बारिश हुई है।**

नई दिल्ली, 1 अगस्त। बीते कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है। आंध्र प्रदेश में पिछले 2 दिनों में मूसलाधार बारिश हो रही है। इसके कारण 5 जिलों के 294 गांवों से 13,227 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सीनियर अधिकारियों के साथ मौसम की स्थिति की समीक्षा की। उनसे बाढ़ का आकलन करने और उसके अनुसार राहत व बचाव अभियान संचालित करने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करने के लिए कहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अधिकारी ने बताया कि उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा के तटों पर बना अवदाब रविवार तड़के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा जो कलिंगपट्टनम के पास दक्षिणी राज्य के तट को पार कर गया। इसी के कारण राज्य में पिछले दो दिनों से भारी बारिश हो रही थी।

तेलंगाना में भारी बारिश ने जन जीवन को अस्त-व्यस्त करके रखा है। रविवार को भी तेलंगाना में बारिश ने अपना रौद्र रूप दिखाना जारी रखा, जिससे भयंकर बाढ़ और जलभराव की समस्या हुई। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश दोनों ही राज्य पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश से जूझ रहे हैं, जिससे नदियां उफान पर हैं, इसके कारण हैदराबाद और विजयवाड़ा जैसे प्रमुख शहरों सहित कई इलाकों में बाढ़ आ गई है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए.रेवंत रेड्डी ने स्थिति का जायजा लेने के लिए मंत्रियों के साथ आपात बैठक की। रेड्डी ने बारिश प्रभावित इलाकों की स्थिति जायजा लिया।

आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वंगलापुड़ी अनिता ने बताया कि बारिश से प्रभावित इलाकों से लोग निकाले गए, जिनके लिए एनटीआर, कृष्णा, बापटला, गुंटूर और पालनाडु जिलों में 100 राहत व पुनर्वास केंद्र बनाए गए हैं साथ ही 61

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# वंदे भारत स्लीपर की शीघ्र मिलेगी सौगात

बेंगलुरु, 1 सितंबर (वार्ता)। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को कहा कि वंदे भारत के बाद भारतीय रेलवे के नक्शे पर बहुत जल्द वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जायेगा और इसकी अधिकतम गति 160 किलोमीटर होगी।

- **रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैंगलुरु रेलकारखाने में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन की रफ्तार 160 किलोमीटर प्रति घंटा रहेगी।**

वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन की तरह वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का निर्माण भी स्वदेशी तकनीक से किया जा रहा है। इस ट्रेन में यात्री सुरक्षा के साथ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'तमिलनाडू को 2030 तक एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बना देंगे'

## इस विज़न को साकार करने के लिए स्टालिन 15 दिन की यात्रा पर अमेरिका गए हैं

- **अमेरिका प्रवास के दौरान वे नोकिया, एपल और माइक्रोचिप जैसे ब्रांड्स के साथ एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर करेंगे, जिस पर पहले से ही वार्ता चल रही थी।**
- **स्टालिन 14 सितम्बर तक अमेरिका में रहेंगे, इस दौरान वे राज्य के लिए भारी निवेश जुटाने का प्रयास करेंगे।**

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 1 सितम्बर। ऐसे समय पर, जब बहुत से राज्य मूलभूत मुद्दों में ही उलझे हुए हैं, तमिलनाडु अपनी मैन्यूफैक्चरिंग क्षमताओं और सामर्थ्यों का तेजी से विस्तार करने में लगा हुआ है। तमिलनाडु का विशेष ध्यान ऑटोमोटिव सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स, एवं कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर क्षेत्रों पर है तथा उसकी सोच के केन्द्र में द्रविड़-मॉडल है।

इस मॉडल को तेजी से आगे बढ़ाने की धुन वाले मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन अब एक पखवाड़े की अमेरिका यात्रा पर हैं। उनका उद्देश्य विदेशी कम्पनियों तथा मल्टी-नेशनल कम्पनियों से राज्य के लिये निवेश हासिल करना है। इससे पूर्व, वे नॉकिया, पेपल तथा माइक्रोचिप जैसे बहुत बड़े और प्रख्यात ब्रान्डों से कई एम.ओ.यू. कर चुके हैं इन एम.ओ.यू. के फलस्वरूप उच्च तथा निम्न स्तर के रोजगार सृजित होना सुनिश्चित है, जो इस समय तमिलनाडु की मूलभूत आवश्यकता है। स्टालिन 14 सितम्बर तक अमेरिका में रहकर तमिलनाडु के लिये निवेश प्राप्त करने की कोशिश में होंगे। ये सम्भावित निवेश उनकी सरकार के इस स्वप्न का हिस्सा हैं कि वे 2030 तक तमिलनाडु को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बना देंगे।

तमिलनाडु में निवेश करने की इच्छुक कम्पनियों में से एक कम्पनी है- "एप्लाइड मैटीरिअल्स"। यह कम्पनी चेन्नई के तरमानी नामक स्थान पर सेमीकन्डक्टर मैन्यूफैक्चरिंग एंड इक्विपमेंट के लिए एक उन्नत एवं अत्याधुनिक ए.आई. चालित टेक्नॉलॉजी डवलपमेंट सेन्टर स्थापित करेगी। 'इनफिंक्स' नामक एक अन्य कम्पनी ने एलकॉट वाडापलानी तथा मदुरई में 'टेक्नॉलॉजी एंड ग्लोबल डिलीवरी सेन्टर' स्थापित करेगी। इनमें वह 50 करोड़ रु. का निवेश करेगी तथा 700 रोजगार सृजित होंगे। अब तक कुल मिलाकर 900 करोड़ रु. के निवेश पक्का हो गया है जिससे 4000 नौकरियाँ सृजित होंगी।

मुख्यमंत्री स्टालिन के अन्दर राज्य की अर्थव्यवस्था को लेकर जबरदस्त जुनून है। वे राज्य में 39000 से अधिक फैक्ट्रियाँ तथा 26 लाख औद्योगिक श्रमिक देखने की बात कर रहे हैं। वे तमिलनाडु को भारत का अग्रणी औद्योगिक राज्य बनाना चाहते हैं।

उनके नेतृत्व में, सरकार ने राज्य में औद्योगिक ग्रोथ को आगे बढ़ाने के लिए अनेक विशिष्ट पहल की हैं। उनका उद्देश्य बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा करना है। उनका लक्ष्य है कि 2030 तक तमिलनाडु भारत की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था - एक लाख करोड़ (एक ट्रिलियन) डॉलर की अर्थव्यवस्था-बने।

# के.सी. त्यागी ने जे.डी.यू. के राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद से इस्तीफा दिया

नयी दिल्ली, 1 सितंबर (वार्ता)। जनता दल (यूनाइटेड) :जदयू: के राष्ट्रीय प्रवक्ता के सी त्यागी ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। के.सी. त्यागी ने इसके पीछे बढती उम्र को प्रमुख कारण बताया है। उन्होंने कहा कि वे 75 वर्ष के हो चुके हैं तथा अब उन्हें सक्रिय राजनीति में दिक्कत हो रही है।

- **के.सी. त्यागी ने इस्तीफे के पीछे का कारण अपनी बढ़ती उम्र को बताया। उन्होंने कहा कि वे 75 वर्ष के हो गये हैं तथा अब सक्रिय राजनीति करने में दिक्कतें आती हैं।**

जदयू के महासचिव आफाक अहमद खान ने एक विज्ञिप्त में बताया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**आत्मविश्वास, आत्मज्ञान और आत्म संयम, केवल यही तीन जीवन को परम शांति सम्पन्न बना देते हैं। -टेनीसन**

# चैन से रहना है तो चैन से रहने दीजिए!

स्वाधीनता प्राप्ति के बाद भारत में जिन क्षेत्रों में स्वागत योग्य बदलाव हुए हैं उनमें से एक क्षेत्र जीवन प्रत्याशा भी है। जीवन प्रत्याशा का अर्थ है किसी के जन्म के समय सांख्यिकीय औसत के आधार पर प्राप्त किया गया इस बात का अनुमान कि वह सामान्यत: कितने वर्ष जीवित रहेगा। वैसे सारी दुनिया में जीवन प्रत्याशा में स्वागत योग्य बदलाव हुए हैं। अब यही बात देख लीजिए कि कांस्य युग में जो जीवन प्रत्याशा मात्र 26 वर्ष थी, वह सन 2010 में (वैश्विक स्तर पर) बढ़ कर 67 वर्ष हो गई थी। वर्ष 2021 में वैश्विक स्तर पर जीवन प्रत्याशा 70 वर्ष से अधिक थी जो मात्र दो सौ वर्ष पूर्व इसकी लगभग आधी ही थी। बताया जाता है कि सन् 1800 तक दुनिया के किसी भी भाग में जीवन प्रत्याशा चालीस वर्ष से अधिक नहीं थी। हमारे अपने देश में भी जीवन प्रत्याशा इसी तरह बढ़ी है। सन 1950 में जहां यह चालीस वर्ष के आस पास थी, सन 2024 तक आते--आते बढ़कर 72.2 वर्ष हो गई है। भारत में अभी स्त्री और पुरुष जीवन प्रत्याशा में थोड़ा अंतर है। स्त्रियों की जीवन प्रत्याशा जहां 73.9 वर्ष है वहीं पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 70.7 वर्ष है। भारत के अलग-अलग राज्यों में जीवन प्रत्याशा में थोड़ा बहुत अंतर है। जहां केरल में जीवन प्रत्याशा 75.2 वर्ष है वहीं राजस्थान में यह 68.5 वर्ष है। यह और जान लीजिए कि दुनिया भर में सर्वाधिक जीवन प्रत्याशा हाँग काँग में 85.63 वर्ष है। इससे थोड़ा ही पीछे जापान है जहां यह प्रत्याशा 84.85 वर्ष है। दुनिया भर में जीवन प्रत्याशा बढ़ने के मूल मंऔ बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और सेहत के प्रति तेज़ी से बढ़ती जा रही जागरूकता मुख्य कारण हैं। अलग-अलग जगहों पर जीवन प्रत्याशा अंतर के मूल में भी ये ही बातें निर्णायक साबित होती हैं।

जीवन प्रत्याशा का बढ़ना निश्चय ही प्रशंसा की बात है। भला किसे अच्छा नहीं लगेगा कि वह और उसके परिजन अधिक लम्बे समय तक जीवित रहें और स्वस्थ एवं सुखी रहते हुए जीवित रहें! पूरी दुनिया के साथ-साथ हमने भी अपने नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं और उन प्रयासों के परिणाम भी दिखाई देते हैं। लेकिन यह जानना भी कम रोचक नहीं होगा कि इन सुपरिणामों के कुछ पक्ष ऐसे भी हैं जो चिंता उत्पन्न करते हैं। आज हम ऐसे ही कुछ पक्षों पर बात करने का प्रयास करेंगे।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट बताती है सन 2022 में भारत में साठ बरस या उससे अधिक उम्र के लोगों की संख्या 14.9 करोड़ थी, जो देश की कुल जनसंख्या का 10.5 प्रतिशत थी। अनुमान किया गया है कि सन 2050 तक देश में बुज़ुर्गों की संख्या बढ़कर 34.7 करोड़ हो जाएगी और यह देश की आबादी का 20.8 प्रतिशत होगी। इसी रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि सन 2046 तक आते-आते भारत में बुज़ुर्गों की संख्या बच्चों की संख्या से अधिक हो सकती है। ये आंकड़े उत्साहवर्धक हैं या डराने वाले? बेशक लोगों का अधिक समय तक जीना सुखद है। लेकिन यह न भूला जाए कि ज्यों-ज्यों उम्र बढ़ती है, कार्यक्षमता घटती जाती है। जो लोग किसी नौकरी में होते हैं वे साठ की उम्र के आस-पास सेवा निवृत्त हो जाते हैं, और जो नौकरी में नहीं भी होते हैं, ख़ुद कोई काम कर रहे होते हैं, या तो उनकी अगली पीढ़ी उन्हें काम नहीं करने देती है या अगर उनकी स्थितियां ऐसी हों कि उन्हें काम करते रहना है, तो भी पले जितना काम नहीं कर पाते हैं। जो नौकरी से रिटायर होते हैं उन्हें पेंशन दी जाती है और वे आर्थिक रूप से सामान्यत: संतोषप्रद स्थिति में होते हैं। लेकिन जो उन्हें पेंशन देते हैं वे पेंशन के बढ़ते व्यय भार को लेकर चिंतित होते रहते हैं। इस वे में सरकारे भी शामिल हैं और निजी क्षेत्र भी। हमारे देश में पेंशन स्कीम को लेकर चल रहे ताज़ा विवाद इसी स्थिति की तरफ इशारा करते हैं।

**बढ़ती उम्र को जितनी ज़रूरत आर्थिक संबल की है, उससे कम ज़रूरत इस बात के प्रशिक्षण की नहीं है कि जब तक आपके पास गाड़ी का स्टीयरिंग था, आपने अपनी तरह से गाड़ी को चला लिया। अब जब स्टीयरिंग पर कोई और बैठा है, आप निश्चिंत होकर बैठिये, उन्हें अपनी गाड़ी अपनी तरह से चलाने दीजिए।**

जिन्हें किसी तरह की पेंशन नहीं मिलती है और अगर वे आर्थिक रूप से सुविधाजनक स्थिति में नहीं हैं तो उनके लिए यह बढ़ी हुई उम्र बड़े कष्ट का कारण बनती है। हमारे यहां सामाजिक सुरक्षा जैसी किसी पुख़्ता व्यवस्था का न होना बहुत बड़ी कमज़ोरी है। बढ़ती उम्र के साथ सेहत अधिक देखभाल की मांग करने लगती है और सार्वजनिक क्षेत्र की चिकित्सा व्यवस्था जिस हालत में है, उसकी बात न ही की जाए तो बेहतर होगा। हमारी अधिकांश सरकारों ने चिकित्सा और शिक्षा को अपनी प्राथमिकता सूची से जैसे हटा ही दिया है। निजी क्षेत्र के अस्पताल बहुत महंगी सुविधाएं देते हैं और उन्हें पाना हरेक के वश की बात नहीं है। चिकित्सा बीमा भी हमारे यहां अधिक लोकप्रिय नहीं हुआ है और जिन्होंने यह सुविधा ले रखी है वे भी इससे संतुष्ट नहीं हैं। सरकारों ने साधनहीन नागरिकों के लिए थोड़ी-बहुत सुविधाएं दी ज़रूर हैं लेकिन वे ऊंट के मुंह में जीरे के समान हैं। उनमें बहुत ज़्यादा वृद्धि की ज़रूरत है। जिन नागरिकों ने अपनी पूरी ज़िंदगी परिवार, समाज और देश के लिए कुछ न कुछ किया है, जब वे कुछ कर पाने में समर्थ नहीं रह जाएं तो समाज का (और सरकार का भी) दायित्व बनता है कि उनकी समुचित सार-संभाल करे। सरकारों के साथ-साथ सामाजिक-धार्मिक संगठनों को भी इस दिशा में अधिक सक्रिय होना चाहिए। जैसे-जैसे समाज में अधिक वय के लोगों की संख्या बढ़ रही है, इस तरह के प्रयासों की ज़रूरत और अधिक तीव्र होती जा रही है।


बढ़ी उम्र के लोगों की समस्याएं केवल आर्थिक ही नहीं हैं। वे अनेक प्रकार की सामाजिक-मानसिक और मनोवैज्ञानिक समस्याओं का भी सामना करने को अभिशप्त हैं। जो लोग किसी तरह की नौकरी में होते हैं वे सेवा निवृत्त होते ही फालतू हो जाते हैं। न उनके पास करने को कोई काम रह जाता है और न समय बिताने का कोई तरीका। ऐसे में उनके पास कुढ़ते रहने के सिवा कोई चारा नहीं रह जाता है। सेवा निवृत्ति कोई आकस्मिक घटना नहीं होती है, लेकिन हमारे नियोजक/नियोक्ता अपने कर्मचारियों को सेवा निवृत्त जीवन बिताने के लिए शायद ही कभी मानसिक रूप से कोई तैयारी कराते या प्रशिक्षित करते हों। दुनिया के बहुत सारे देशों में ऐसा होता है। हमारे यहां सामान्यत: नहीं होता। बहुत सारे लोग हैं जो अपनी पूरी ज़िंदगी किसी तरह का कोई शौक नहीं पालते हैं। उनके लिए सेवा निवृत्ति एक अभिशाप साबित होती है। मैंने एक बार अपने एक शिक्षक मित्र की इसी तरह की व्यथा सुन कर उन्हें सलाह दी कि वे कुछ पढ़ा करें, तो उन्होंने पलट कर पूछा कि इससे क्या फायदा होगा? अगर मानसिकता यह हो कि कुछ भी करने से क्या फायदा होगा, तो जीवन नरक बनना ही बनना है। ऐसे लोग पार्क वगैरह में सारी दुनिया के प्रति अपनी नाराज़गी व्यक्त करते हुए आपको मिल जाएंगे। न ये सुख से रहते हैं और न अपने घर वालों को सुख से रहने देते हैं। अपनी नई मिली फुर्सत का दुरुपयोग ये घर के, बीबी बच्चों के सामान्य रूप से चल रहे जीवन में अनावश्यक हस्तक्षेप करने में करते हैं।

जो लोग नौकरी से इतर किसी व्यवसाय आदि में भी रहे वे भी एक ख़ास उम्र के बाद, और अगर उनकी अगली पीढ़ी समर्थ हो गई हो तो भी उनके कामों में अनावश्यक हस्तक्षेप करने में अपनी ऊर्जा नष्ट करते हैं। ऐसों के लिए उनका पचास साल का बेटा भी बच्चा ही होता है और वे चाहते हैं कि उसके जीवन के सारे फैसले ये ही करें। ऐसे में टकराव या बदमज़गी अपरिहार्य है। मुझे हमेशा लगता है कि हमारे बुज़ुर्गों को भी इस बात के लिए प्रशिक्षित किया जाना चाहिए कि अपनी तरह से अपनी ज़िंदगी जी लेने के बाद उन्हें नई पीढ़ी को उनकी तरह से उनके जीवन को जीने देना चाहिए। हो सकता है, वे कोई ग़लती करें, करने दें। परिणाम भी वे ही भुगतेंगे। आखिर आपने भी तो अपनी तरह से अपना जीवन जिया है। अगर आप जी सकते थे तो आपके बाद वाली पीढ़ी क्यों नहीं जी सकती?

बढ़ती उम्र को जितनी ज़रूरत आर्थिक संबल की है, उससे कम ज़रूरत इस बात के प्रशिक्षण की नहीं है कि जब तक आपके पास गाड़ी का स्टीयरिंग था, आपने अपनी तरह से गाड़ी को चला लिया। अब जब स्टीयरिंग पर कोई और बैठा है, आप निश्चिंत होकर बैठिये, उन्हें अपनी गाड़ी अपनी तरह से चलाने दीजिए। अगर आप समाज के लिए कुछ उपयोगी कर सकते हैं, ज़रूर कीजिए, नहीं कर सकते हैं तो किसी शौक में अपना मन लगाइये। और अगर वह भी नहीं कर सकते हैं तो आराम से बैठिए और जो जैसा कर रहे हैं उन्हें करने दीजिए। उनके काम में मीन मेख मत निकालिए! यही आपका सबसे बड़ा उपकार होगा!

**-अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**(शिक्षाविद और साहित्यकार)**

# निवेश का हिसाब-किताब भी रहे



**रामगोपाल जाट**

राजस्थान की 9 महीने पुरानी भजनलाल सरकार ने मुंबई में राइजिंग राजस्थान निवेश सम्मेलन किया है। सरकार ने दावा किया है कि इस सम्मेलन में 4.50 लाख करोड़ के निवेश के मार्ग खुले हैं। इससे 6.78 लाख नौकरियों का दावा किया गया है। इसके अलावा सरकार ने कहा था कि अगले पांच साल में 4 लाख सरकारी नौकरियां दी जाएंगी। सीएम भजनलाल ने यह भी दावा किया है कि राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाएंगे। यदि ऐसा होता है तो बहुत अच्छी बात है। जितना बाहरी निवेश राजस्थान में आएगा, उतने ही रोजगार के अवसर पैदा होंगे और राज्य का युवा नौकरी पाकर परिवार का पालन-पोषण कर पाएगा। सरकारी आंकड़ों के अनुसार राजस्थान में आज शिक्षित बेरोजगारों की संख्या 45 लाख से अधिक हो चुकी है। यह संख्या प्रतिवर्ष लगातार बढ़ती जा रही है। राज्य के सरकारी और निजी विवि मिलकर प्रतिवर्ष 6 लाख से अधिक डिग्रीधारी युवा तैयार कर देते हैं, जिनको रोजगार की आवश्यकता होती है।

राजस्थान में निवेश आता है तो प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से सभी को लाभ होता है। कारोबार से लेकर कृषि तक के क्षेत्र में परिवर्तन होता है। विकास के मार्ग खुलते हैं। इसलिए यदि राज्य सरकार निवेश लाने में सफल होती है तो बहुत बधाई की बात है। जिन कारोबारियों के साथ सरकार एमओयू कर रही है, उनको लेकर यह बात भी जांच लेनी चाहिए कि बीते 25 साल में कोई ऐसा एमओयू तो नहीं किया है, जो केवल कागजी ही रह गया हो। आपको याद होगा इस तरह से निवेश के लिए वसुंधरा राजे ने अपने पहले कार्यकाल में प्रयास किए थे, लेकिन अशोक गहलोत ने अपने पहले कार्यकाल में इसकी शुरुआत कर दी थी, बल्कि जिन केसी बोकाड़िया को फिल्म सिटी बनाने की फाइल सीएम ने दो घंटे में निपटा दी है, वो स्व. भैरोंसिंह शेखावत के समय से आगरा रोड पर फिल्म सिटी बनाने के सपने दिखा रहे हैं। मोटे तौर पर इसका भी हिसाब-किताब सरकार को रखना चाहिए कि किस निवेशक ने एमओयू करने के बाद भी राजस्थान में निवेश नहीं किया है।

क्योंकि ऐसे कई कारोबारी हैं, जो निवेश के लिए एमओयू कर लेते हैं, उसके लिए प्रमोटर्स से धन उगाही कर लेते हैं, लेकिन असल में निवेश करते ही नहीं हैं। वसुंधरा राजे की दूसरी सरकार में रिसरजेंट राजस्थान सम्मेलन में 3.50 लाख करोड़ के एमओयू हुए थे। पिछले साल की जनवरी में अशोक गहलोत सरकार ने भी 1.36 लाख करोड़ के एमओयू साइन किए थे। कुल मिलाकर देखा जाए तो बीते 25 साल में राजस्थान की सरकारें कोई 12-14 लाख करोड़ के एमओयू कर चुकी हैं, लेकिन वास्तव में निवेश कितना आया, यह महत्वपूर्ण है।

भजनलाल शर्मा भले ही संगठन में अनुभवी हों, लेकिन सत्ता के मामले में अनुभव की कमी है। अत: इस बात का ध्यान जरूर रखना चाहिए कि सरकारी अधिकारी कहीं वाहवाही के लिए पुराने एमओयू दुबारा तो साइन नहीं करवा रहे हैं। दो दिन पहले अशोक गहलोत ने कहा है कि उनके लगाए अधिकारी ही सरकार चला रहे हैं। इसलिए नई सरकार को बदनाम करने के लिए किसी भी स्तर पर खेल हो सकता है। यह बात सही है कि सरकार को सकारात्मक सोच के साथ अपने अधिकारियों को उचित जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, लेकिन आंख मीचकर विश्वास भी नहीं करना चाहिए। सत्ता तो पांच साल ही रहती है, और सफलता अथवा असफलता के लिए जिम्मेदारी भी सीएम और मंत्रियों की ही होती है, अधिकारियों की नहीं होती। चार साल बाद फिर विधानसभा चुनाव हैं, उसमें जनता जवाब मांग लेगी।

अत: जनता को जवाब देने के लिए सरकार के पास पूरा हिसाब-किताब होना चाहिए। अभी तक अपराध, सरकारी विफलता और छोटे मुद्दों को बड़ा करके चुनाव लड़ा और जीता जा रहा है, लेकिन शिक्षा की पहुंच साथ ही सोशल मीडिया की शिक्षा ने लोगों को बहुत जागृत कर दिया है। अब गांव का आम आदमी भी सरकार के कामकाज पर निगाहें गढ़ा कर बैठा है। उसे भी चुनाव से पहले हिसाब चाहिए होता है। सत्ता उसे हिसाब दे या नहीं, राजनीतिक दल अपना हिसाब दे या नहीं, लेकिन मतदान से पहले वह अपना निर्णय इसी सरकारी हिसाब के हिसाब से तय करता है।

भाजपा की वसुंधरा राजे 10 साल राज कर चुकी हैं। कांग्रेस के अशोक गहलोत 15 साल शासन का सुख भोग चुके हैं। भजनलाल शर्मा पहली बार के सीएम हैं, इसलिए इन्हें सोच समझकर कदम उठाने होंगे। एक गलत कदम भविष्य पर सवाल खड़े कर देता है। शासन अधिकारियों के दम पर चलता है, लेकिन सीएम का राजनीतिक चरित्र सीएम के आसपास वाले सहायकों के बर्ताव से चलता है। इसलिए सीएम को अपने सलाहकार भी बेहद सोच समझकर चुनने चाहिए। एक गलत चुनाव सीएम की छवि को पूरी तरह से धूमिल कर सकता है।

**-रामगोपाल जाट,**
**वरिष्ठ पत्रकार**

# अलवर में भर्तृहरि मेला चढ़ने लगा परवान, साठ हजार भक्तों ने बाबा के दर्शन किये

**अलवर,** (निसं)। अलवर में भृतहरि मेला परवान चढ़ने लगा है यहां श्रद्धालु मेले से पूर्व ही बाबा के दर्शनों को आने लगे है श्रद्धालुओं में बाबा के प्रति भारी आस्था को देख जिला प्रशासन पूरी तरह से चाक चौबंद है। वहीं भर्तृहरि बाबा के मुरमुरे के प्रसाद पर प्रशासन द्वारा लगाई रोक का मेलार्थियों ने स्वागत करते हुए मेला मजिस्ट्रेट देवी सिंह का आभार व्यक्त किया है।

अलवर तपोभूमि इन दिनों आस्था का केन्द्र बनी हुई है। यहां बाबा भर्तृहरि का मेला भरना शुरू हो गया है। मेला चार सिंतबर से अपने यौवन पर आ जाएगा। हालांकि मेला तीन दिवसीय है। भराभर का मेला 9 सितंबर से चालू होगा लेकिन मेला चालू होने से पूर्व ही भर्तृहरि बाबा के दर्शन को रविवार को भारी संख्या में करीब साठ हजार मेलार्थी पहुंचे और बाबा भर्तृहरि के दर्शनों का लाभ उठाते हुए अपनी मन्नतें मांगी। इस मेले में राजस्थान, हरियाणा, यूपी सहित अन्य प्रदेशों से भी श्रद्धालु आते है जिनकी गिनती सम्भव नहीं है इसलिए इस मेले को लक्खी मेला कहा जाता है। सभी समाज को एकता के सूत्र में पिरोने वाले बाबा भर्तृहरि के मेले में पहली बार सभी गांवों के ग्रामीणों ने एक ध्वज यात्रा निकालते हुए भर्तृहरि धाम पहुंचे। अलवर ग्रामीण विधानसभा की माधोगढ पंचायत समिति के इन्दौक गांव में पहली बार इस ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। यह ध्वज यात्रा सभी समाज के लोगों द्वारा निकाली गई। यह यात्रा सुबह 9 बजे इंदौक गांव के प्राचीन श्री राधा कृष्ण मंदिर से प्रारम्भ होकर भृतहरि धाम पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने बाबा भृतहरि को प्रसाद चढ़ाया और वितरण किया। इस ध्वज यात्रा में 36 कौम के लोग मौजूद थे। यह यात्रा हिन्दू एकता की इस मेले में मिसाल बनी है जिसका सभी लोगों ने स्वागत किया है।



**रविवार को भारी संख्या में करीब साठ हजार मेलार्थी पहुंचे और बाबा भर्तृहरि के दर्शनों का लाभ उठाते हुए अपनी मन्नतें मांगी।**

# बंदरों ने एक सप्ताह में दस लोगों को किया घायल

## बंदरों के आतंक से परेशान सिंघाना के ग्रामीण प्रशासन से कई बार लगा चुके हैं गुहार

**खेतड़ी,** (निसं)। सिंघाना कस्बे में इन दिनों बंदरों के आंतक से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर ग्रामीण कई बार प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं। इसके बावजूद भी समाधान नहीं होने पर प्रशासन से समस्या का समाधान करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में इन दिनों बंदरों की संख्या अधिक हो जाने के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हो रहे हैं। बंदर आए दिन किसी न किसी के घर में घुसकर बच्चे, बुजुर्गों, राहगीरों व महिलाओं पर हमला कर घायल कर देते हैं। इसके अलावा घरों में सुखाए जाने वाले कपड़े व सामान को भी उठा ले जाते हैं। राजेश स्वामी ने बताया कि बंदरों के आतंक की वजह से ग्रामीणों के जान पर आफत बनी हुई है। तीन दिन पहले दोपहर को भी बंदर ने उसके बेटे मनू पर हमला कर घायल कर दिया था। बंदरों की संख्या अधिक होने से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। बंदरों की टोलियां घरों में घुसकर घर में रखा सामान उठा ले जाती हैं।



**बंदरों के काटने से घायल हुए ग्रामीण ने राजकीय अस्पताल में इलाज कराया।**

- **ग्रामीणों ने बताया कि गांव में इन दिनों बंदरों की संख्या अधिक हो जाने के कारण लोग घरों में रहने को मजबूर हो रहे हैं**

उन्होंने बताया कि बंदरों का इस समय आतंक इस कदर बढ़ गया है कि गांव के सरकारी अस्पताल में बंदर के काटने से रोजाना एक केस आ रहा है, जहां रेबीज का इंजेक्शन लगाकर उनका उपचार किया जाता है। महिला सुनीता देवी ने बताया कि जब वह अपने छत पर कपड़े सुखाने के लिए गई थी। कुछ देर बाद जाकर देखा तो उसके कपड़े वहां नहीं मिले।

जब उसने अन्य कपड़े छत से उतारने का प्रयास किया तो बंदरों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई। घायलावस्था में उसे उपचार के लिए राजकीय अस्पताल ले जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि बंदरों के आतंक की समस्या से परेशान होकर ग्रामीण कई बार प्रशासन से इनको पकड़कर दूर ले जाने की मांग उठा चुके हैं, लेकिन प्रशासन मामले को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि यदि प्रशासन ने जल्द ही मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की तो ग्रामीणों की ओर से सिंघाना पालिका कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में 4 माह बाद प्रदेशवासी किसी अन्य राज्य में भी करा सकेंगे इलाज : चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर

- **1 माह बाद अन्य राज्यों के मरीज राजस्थान के किसी भी अस्पताल में इलाज कराने आ सकेंगे**
- **चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने जोधपुर के उम्मेद हॉस्पिटल का दौरा किया। इस दौरान वे ढाई साल की रेप पीड़ित मासूम से भी मिले**

**जोधपुर,** (कासं)। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में 4 माह बाद प्रदेशवासी किसी अन्य राज्य में भी इलाज करा सकेंगे। वहीं 1 माह बाद अन्य राज्यों के मरीज राजस्थान के किसी भी अस्पताल में इलाज कराने आ सकेंगे। उन्होंने कहा-हम चाहते हैं कि पेशेंट के पास इलाज को लेकर विकल्प हों। इसके लिए हमारी इंश्योरेंस कंपनियों के साथ बात चल रही है। ऐसे में आने वाले समय में प्रदेश के लोग अपने पसंद के डॉक्टर या हॉस्पिटल में इलाज करवा पाएंगे। चिकित्सा मंत्री ने इस दौरान विभाग में होने वाली 50 हजार भर्तियों को लेकर भी चर्चा की।


चिकित्सा मंत्री कल देर रात जोधपुर में थे। उन्होंने यहां उम्मेद हॉस्पिटल का दौरा किया और चिकित्सा सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। वे ढाई साल की रेप पीड़ित मासूम से भी मिले। चिकित्सा मंत्री ने उम्मेद अस्पताल में व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया।

मीडिया से बातचीत करते हुए खींवसर ने चिकित्सा विभाग में भर्तियों पर भी चर्चा की। उन्होने कहा- सरकार रिक्त पदों को भरने की दिशा में काम कर रही है। चिकित्सा विभाग में कुल 55 हजार पद रिक्त हैं। जिनमें से 50 हजार रिक्त पदों पर भर्तियां नवंबर-दिसंबर तक हो जाएगी।

चिकित्सा मंत्री ने यहां ढाई साल की रेप पीड़ित बच्ची के स्वास्थ्य को लेकर भी डॉक्टर से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिस तरह का कृत्य आरोपी ने किया है उसके बारे में हम लोग सोच भी नहीं सकते हैं। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में जिस तरीके से आजकल पोर्नोग्राफी साइट ने हमारी सोसाइटी को खराब कर दिया है। हमारे समाज में महिलाओं का सम्मान किया जाता था। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से रेप की घटनाएं बढ़ रही है लेकिन इस मामले में न्यायालय बेहतर काम कर रहा है। न्यायालय इस तरह के मामलों में सख्त निर्णय ले रहा है।

खींवसर ने मामले को लेकर चिकित्सा विभाग के एसीएस को निर्देशित किया है कि हर हॉस्पिटल के हर कोने में सीसीटीवी कैमरे लगे हो। पीएचसी लेवल तक यह काम होना चाहिए। जिससे पूरे अस्पताल की मॉनिटरिंग की जा सके। ब्लैक स्पॉट को खास तौर पर चिह्नित किया जाए।

## राशिफल



**पंडित अनिल शर्मा**

**सोमवार 2 सितम्बर, 2024**

भाद्रपद मास, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, सोमवार, विक्रम संवत 2081, मघा नक्षत्र रात्रि 12:29 तक, मिथ योग सांय 6:20 तक, चतुष्पद करण सांय 6:23 तक, चन्द्रमा सिंह राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-सिंह, मंगल-मिथुन, बुध-कर्क, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सोमवती और पितृकार्य अमावस्या, पिढोरी और कुशग्रहणी अमावस्या, मन्वादि, जैन वषमोत्सव है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 7:45 तक, शुभ 9:19 से 10:23 तक, चर 2:01 से 3:35 तक, लाभ-अमृत 3:35 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 6:11, सूर्यास्त 6:43

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिजनों के व्यवहार के कारण दु:ख हो सकता है।

**वृष**
घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के कारण बाहर जाना पड़ सकता है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे।

**कर्क**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। संभावित धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। स्वास्थ्य संबंधित मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है। संभावित धन प्राप्त होगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों का प्रभाव-प्रभुत्व बढ़ेगा।

**कन्या**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि का भय है। घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। मन में असंतोष बना रहेगा। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।

**तुला**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। घर-परिवार में महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

**धनु**
अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**मकर**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। यात्रा में परेशानी हो सकती है।

**कुंभ**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं। सामूहिक प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। स्वास्थ्य में सुधार होगा। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# जैन धर्म के प्रमुख आगम 'कल्पसूत्र' का वाचन-विवेचन शुरू

- आठ दिवसीय पर्युषण पर्व के दूसरे दिन जैन धर्म के प्रमुख आगम 'कल्पसूत्र' को वंदन पूजन कर स्थापित किया गया

**बीकानेर,** (कासं)। जैन श्वेताम्बर खरतरगच्छ के आचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर के सानिध्य में चल रहे आठ दिवसीय पर्युषण पर्व के दूसरे दिन जैन धर्म के प्रमुख आगम 'कल्पसूत्र' को वंदन पूजन कर स्थापित किया गया। सोमवार को सुबह साढ़े आठ बजे गाजे बाजे के साथ कल्पसूत्र को ढड्ढा चौक में प्रवचन स्थल पर लाकर वाचन-विवेचन किया जायेगा।

सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट व जिनेश्वर युवक परिषद के संयुक्त तत्वावधान में श्रीसंघ के सहयोग से आयोजित पर्यषण पर्व के दूसरे दिन कल्पसूत्र के पूजन, वंदन व वांचन विवेचन का लाभ मुनि सवार्थ रतन सागर के सांसारिक वीर पिता बरोरा के अजय मालू, दादी चंदा व माता जया देवी व बहिन राशि ने लिया। इन्होंने प्रवचन पंडाल में ले जाकर कल्पसूत्रजी को वंदना के बाद प्रतिष्ठित करवाया।




सुगनजी महाराज के उपासरा में आयोजित धर्म चर्चा को आचार्य जिन पियूष सागर सूरिश्वर ने संबोधित किया।

धर्म चर्चा में आचार्य जिन पीयूष सागर सूरिश्वर ने बताया कि कल्पसूत्र में सभी 24 तीर्थंकरों का जीवन चरित्र है। इस ग्रंथ की रचना भद्रबाहु ने की। पर्युषण पर्व के दौरान मुनि व साध्वीवृंद के मुखारबिंद से कल्पसूत्र को सुनने से पापों का क्षय व पुण्यों का उदय होता है। जिन शासन की प्रभावना होती है। बीकानेर के मुनि सम्यक रतन सागर सूरिश्वर ने अष्टानिका प्रवचन में विभिन्न तरह के श्रावकों का वर्णन किया तथा मणिधारी दादा गुरूदेव जिनचन्द्र सूरि का स्मरण दिलाते हुए कहा कि वे असाधरण व्यक्तित्व एवं लोकोत्तर प्रभाव के कारण अल्प आयु में जो प्रसिद्धि प्राप्त की वह परमात्मा महावीर के शासन के स्वर्णिम इतिहास का एक अनूठा अध्याय है।

सुगनजी महाराज का उपासरा ट्रस्ट के मंत्री रतन लाल नाहटा व जिनेश्वर युवक परिषद के अध्यक्ष संदीप मुसरफ ने बताया कि आचार्य सहित चतुर्विद संघ ने बिना अन्न जल के 42 दिन की तपस्या पूर्ण करने वाले कन्हैयालाल भुगड़ी, मास खमण की तपस्या की ओर आगे बढ़ने वाले रौनक बरड़िया सहित उपवास, बेला, तेला, अट्ठाई, मासखमण, आयम्बिल, अट्ठम तप, श्रेणिक तप, आगम तप करने वाले श्रावक-श्राविकाओं की अनुमोदना की गई। बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने कोठारी भवन स्थित नंदीश्वर दीप व ढड्ढा चौक में आगम वाटिका के दर्शन वंदन किए।

जिनेश्वर युवक परिषद के मंत्री मनीष नाहटा ने बताया कि खरतरगच्छ ज्ञान वाटिका के बच्चों को चांदमल विमल कुमार कोचर, मुक्की बाबू परिवार की ओर से व सभी श्रावक-श्राविकाओं को कांतिलाल, पीयूष बोथरा व जिन कुशल सामयिक मंडल की ओर से प्रभावना से अभिनंदन किया गया। भक्ति संगीत संध्या हुई जिसमें स्थानीय कलाकार व मंडलों ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। आचार्य मुनिवृंद व साध्वीवृंद ने चतुर्विद संघ के साथ जिनालयों में दर्शन वंदन किए। नाहटा चौक के आदिश्वरजी के मंदिर में आठ दिनों तक नियमित विशेष अंगी व भक्ति का आयोजन होगा।

**घर जाकर पूजा कराई :** आचार्य मणिप्रभ सूरिश्वर की प्रेरणा से युवा परिषद (के.यू.प.) की बीकानेर शाखा की ओर से पर्युषण पर्व के दूसरे दिन रविवार को 'आज मेरे प्रभु घर आए' अभियान के तहत शारीरिक रूप से जिनालयों में दर्शन वंदन में असक्षम श्रावक-श्राविकाओं के घर जाकर पूजा करवाई। खरतरगच्छ युवा परिषद बीकानेर शाखा के अध्यक्ष अनिल सुराणा ने बताया कि यह अभियान 2019 में शुरू किया। श्रावक-श्राविकाओं की सराहना व दर्शन वंदन से मिलने वाले शुकून व भक्ति भाव से इसे पांच वर्षों से निरन्तर पर्युषण पर्व में किया जा रहा है।

रविवार को कांतिचंद, धीरज कुमार कोचर, पारसमल सुराणा के घर जाकर प्रभु की चंदन, पुष्प, धूप पूजा एवं चैत्यवंदन करवाया। दोनों परिवार घर बैठे परमात्मा की पूजा कर अत्यन्त भक्तिभाव के साथ भावुक हो गये। इस अवसर पर 'चंदन की पदो चौकियां, पुष्पन के पदों हार, केसर भरियो बाटिको, पूजो नेम कुमार' के नारे लगाये गए तथा शंखनाद किया गया।

घर जाकर प्रभु भक्ति के इस अभियान में रविवार को के.यू.प, बीकानेर शाखा के पवन खजांची, अनिल सुराणा, कमल चंद सेठिया, विक्रम सिंह भुगड़ी, धवल नाहटा, अभिषेक डागा, अरिहंत नाहटा, हिमांशु सेठिया, दर्शन, युवराज, मयंक छाजेड़ एवं युवा श्रावकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## फ्रैण्ड्स क्लब सेवा संस्था का जत्था रवाना

**बीकानेर,** (कासं)। गंगाशहर के पाबू चौक का फ्रैण्ड्स क्लब सेवा संस्थान का जत्था रविवार को चौक के व सुजानदेसर के बाबा रामदेव के मंदिर में जोत, दर्शन व वंदन कर रामदेवरा पैदल यात्रियों की सेवार्थ बीकानेर से 110 किलोमीटर दूर कानजी की सिड्डु गांव के लिए रवाना हुआ।

शोभायात्रा में बाबा रामदेवजी के भजनों के साथ श्रद्धालु हाथ में ध्वजा लिए हुए जयकारा लगा रह थे तथा नाचते हुए प्रस्थान किया। जत्थे की शोभायात्रा में बाबा रामदेवजी की प्रतिमा एक रथ पर थी। दो बाल घुड़सवार बाबा रामदेव का झंडा लिए हुए थे। जत्थे के पाबू चौक व सुजानदेसर पहुंचने पर वहां मेले का सा माहौल हो गया था। मंदिर के पुजारी ने रामदेवरा जातरूओं की मंगल यात्रा व सेवा कार्य की प्रार्थना की।

क्लब के अध्यक्ष नवरतन दईया व सचिव जयकिशन सोनी ने बताया कि बीकानेर से 110 किलोमीटर दूर 1 से 7 सितम्बर तक सेवा शिविर लगाया गया है। शिविर में नाश्ता, चाय, दोनों वक्त भोजन, विश्राम व चिकित्सा तथा यात्रियों के स्थान आदि की सेवा की जायेगी। शिविर स्थल पर 1500 वर्ग फीट का डोम लगाया गया है। वहां बिजली, जनरेटर, चिकित्सा, पेयजल, स्नान आदि की व्यवस्था रहेगी। शिविर में डॉ. जितेन्द्र शर्मा की 15 सदस्यीय टीम जहरीले जानवरों के काटने पर एन्टी विष टीका लगायेंगे तथा प्लास्टर करने, बी.पी., शुगर की जांच करने व इंजेक्शन लगाने आदि के कार्य करेंगी। गंभीर बीमार रोगियों के लिए बीकानेर, फलौदी व जोधपुर भिजवाने के लिए एम्बुलेंस व्यवस्था की सेवा की गई है।

# मोबाइल चुराने पर पीट- पीटकर की युवक की हत्या

- मृतक के परिजन फैक्ट्री के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक शव उठाने से इनकार
- शव को लेकर धरने पर बैठे परिजन, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े, मौके पर एसएफएल टीम ने सबूत जुटाए

**बीकानेर,** (कासं)। मोबाइल चुराने के मामले में आरोपियों ने युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक के परिजन फैक्ट्री के बाहर धरने पर बैठ गए हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी होने तक शव उठाने से इनकार कर दिया है। मामला बीकानेर के जामसर स्थित खारा गांव की फैक्ट्री में सुबह 10 बजे का है। मौके पर एसएफएल टीम ने सबूत जुटाए हैं। बीकानेर एसपी तेजस्विनी गौतम भी मौके पर पहुंची हैं।

बीकानेर एसपी तेजस्विनी गौतम ने बताया कि फैक्ट्री के अंदर रहने वालों और नरेंद्र सिंह के बीच विवाद हुआ है। प्राथमिक पूछताछ में मोबाइल चुराने की जानकारी सामने आ रही है। फिलहाल 1 आरोपी को हिरासत में लिया गया है। मामले में अभी जांच जारी है। खारा गांव में स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में एक फैक्ट्री में कालासर गांव के निवासी नरेन्द्र सिंह का शव मिला है। रविवार सुबह 10 बजे शव मिलने के बाद से क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव को वहां से हटाने का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण धरना लगाकर बैठ गए।

आरोप है कि नरेन्द्र सिंह की हत्या करने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए और पुलिस पकड़ नहीं पा रही है। ऐसे में आरोपियों के गिरफ्तार होने के बाद शव को हटाने दिया जायेगा। परिजन अब घटना स्थल पर ही धरना लगाकर बैठ गए हैं। थानाधिकारी की समझाइश के बाद भी पुलिस मानने के लिए तैयार नहीं है। जिस फैक्ट्री में हत्या हुई है, वो रीको इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित है। जिसका नाम गोदारा प्लास्टर बताया जा रहा है। इसी फैक्ट्री के आगे परिजन और नरेन्द्र सिंह के परिचित धरने पर बैठ गए हैं। पुलिस ने एफएसएल टीम व डॉग स्क्वायड को बुलाया मौके पर बुलाया है। एफएसएल टीम ने आसपास के सभी नमूने एकत्रित किए हैं।

## पारख का होगा सम्मान

**श्रीडूंगरगढ़,**(कासं)। शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने वाले भामाशाहों का राज्य व जिला स्तर पर रविवार को सम्मान किया जायेगा। भामाशाह सम्मान राजकीय कन्या महाविद्यालय के भवन निर्माता जतनलाल पारख को दिया जायेगा।

राज्य स्तर प्रेरक सम्मान हनुमान धोरा स्थित राजकीय विद्यालय के शिक्षक रमेश शर्मा को दिया जायेगा। भामाशाहों व प्रेरकों का सम्मान जिला परिषद सभागार बीकानेर में किया जायेगा।

जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान व प्रेरक सम्मान में चयनित सभी भामाशाहों व प्रेरकों को शिक्षा के क्षेत्र में सार्थक योगदान के लिए जिला शिक्षा अधिकारी गजानंद सेवग व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश प्रजापत ने बधाई दी है। जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान में सम्मानित होने वाले तहसील के 18 भामाशाहों में 13 भामाशाह व 5 प्रेरक कन्हैयालाल सिखवाल राज. महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय हनुमान धोरा से है।

# दोगुना बारिश होने से किसानों के चेहरे खिले

- बीकानेर में 89 प्रतिशत बारिश ज्यादा हुई है, न सिर्फ बीकानेर बल्कि संभाग के अन्य जिलों में भी सामान्य से ज्यादा बारिश हुई

**बीकानेर,** (कासं)। यहां बारिश का कोटा पूरा हो गया है। इस बार मानसून इतना जमकर बरसा है कि बीकानेर शहर के साथ ही कस्बों में भी खेतों को लबालब कर दिया और खुले मैदानी क्षेत्र पूरी तरह हरे-भरे हो गए हैं।

मौसम विभाग ने दावा किया है कि बीकानेर में 407 एम.एम. बारिश हुई है। जबकि औसतन यहां 215.3 एम.एम. बारिश ही होती है। करीब दो गुना बारिश के बाद किसानों के चेहरे पर खुशी है। मौसम विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक बीकानेर में 89 प्रतिशत बारिश ज्यादा हुई है। न सिर्फ बीकानेर बल्कि संभाग के अन्य जिलों में भी सामान्य से ज्यादा बारिश हुई है। संभाग में भी सबसे ज्यादा बारिश इस बार बीकानेर में हुई।

संभाग के हनुमानगढ़ में 62 फीसदी ज्यादा बारिश हुई है जबकि श्रीगंगानगर में 68 फीसदी ज्यादा बारिश हुई है। वहीं पश्चिमी राजस्थान में इस बार सामान्य से 74 फीसदी ज्यादा बारिश दर्ज की गई।बारिश का सिलसिला खत्म होने के साथ ही बीकानेर में गर्मी भी बढ़ने लगी है। मानसून फिलहाल पूर्वी राजस्थान पर मेहरबान है। ऐसे में बीकानेर और धौलपुर का तापमान पूरे राज्य में सर्वाधिक 37.2 डिग्री सेल्सियस रहा। हल्की बूंदाबांदी के बाद भी दोपहर में तापमान बढ़ गया था। बीकानेर में पारा एक बार फिर बढ़ सकता है।

# नोखा से रामदेवरा पैदल यात्रियों का संघ रवाना

- सात दिन की यात्रा कर बाबा रामदेव की समाधि को धोक लगायेंगे
- ग्रामीणों ने पैदल यात्रियों पर की पुष्पवर्षा कर ध्वजा सौंपकर भक्तों को रवाना किया

**नोखा,** (कासं)। भादवा माह लगते ही रामदेवरा पैदल यात्रियों के संघ के जत्थे रास्ते में हर जगह नजर आने लग जाते हैं। उसी क्रम में नोखा के समीप स्थित नोखा गांव से रविवार को राम भरोसे संघ के सदस्य बाबा के जयकारों के साथ 7 दिवसीय पैदल यात्रा के लिए रवाना हुए।

ग्रुप के श्याम सिंह सांखला ने बताया कि संघ रामदेवरा पहुंचकर बाबा की समाधि पर धोक लगायेगा। इस अवसर पर ग्रामीणों ने पैदल यात्रियों पर पुष्प वर्षा की, तिलक लगाया, गुड़ से मुंह मीठा करवाया, माला पहनाई, और बाबा की जयकारे के साथ बाबा की ध्वजा सौंपकर भक्तों को पदयात्रा के लिए रवाना किया। इस अवसर पर ओमप्रकाश पंचारिया, हजारीराम नाई, जेठूसिंह, मूलसिंह, मोहनसिंह, सुरेंद्र सिंह और महावीर सिंह उपस्थित थे। पैदल यात्री रवाना होने से पहले गांव में डीजे पर बाबा के भजनों पर थिरकते हुए पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचे जहां से रामदेवरा के लिए रवाना हुए।

## जातरूओं के लिए जल सेवा रवाना

**श्रीडूंगरगढ़,** (कासं)। बाबा के जयकारों के साथ कस्बे से करीब एक दर्जन संघ रवाना हुए है। यहां से डोर टू डोर पैदल यात्री संघ बैण्ड बाजों के साथ रवाना हुआ।

संघ के संजय करनानी ने बताया कि संघ में यात्रियों की सुविधाओं के लिए हर प्रकार की सुविधा मौजूद रहेंगी। कस्बे से न्यू सुखी संघ के साथ 20 हजार लीटर ठंडे पानी की जल सेवा जातरूओं के लिए रवाना हुई है। जो यात्रियों की जल सेवा करेगी।

सामाजिक कार्यकर्ता अनिल जोशी ने यह सेवा पैदल यात्रियों को समर्पित की है। इसी प्रकार बाबा रामदेव के दर्शनार्थ पैदल जा रहे जातरूओं की सेवार्थ में जलसेवा रूणीचा पैदल यात्री आपणो संघ, ऊपनी के बैनर पर गांव के व्यवसायी रतिराम गोदारा ने समर्पित की है।

# बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए किराये पर लेना होगा हॉल

- स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल का किराया चुकाना पड़ेगा

**बीकानेर,** (कासं)। 65 वीं जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता को लेकर आयोजकों की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। उन्हें डॉ. करणी सिंह स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल का किराया भी इस चुकाना होगा। जबकि पिछले साल खिलाड़ियों को हॉल निशुल्क उपलब्ध करवाया जाता था।

पिछले दिनों जिला कलेक्टर ने बैडमिंटन हॉल के किराये को लेकर आदेश जारी किया था। जिसमें 4 कोर्ट बैडमिंटन हॉल का प्रतिदिन 3 हजार रूपए तथा 2 कोर्ट बैडमिंटन हॉल का किराया 2 हजार रूपए किराया तय किया गया।

जिले में अभी 14 से 19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों की जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित होनी हैं। हैरानी की बात यहहै कि किसी भी सरकारी स्कूल में बैडमिंटन हॉल नहीं है। ऐसे में खिलाड़ियों और आयोजकों को डॉ. करणी सिंह स्टेडियम के बैडमिंटन हॉल में प्रतियोगिताएं करनी होगी। लेकिन उसके किराये को लेकर निकले आदेश के बाद आयोजक खेल अधिकारी और प्रारंभिक शिक्षा विभाग के बीच चक्कर काट रहे हैं। खेल अधिकारी श्रवण भांभू ने बताया कि जिला कलेक्टर के आदेशानुसार बैडमिंटन हॉल का किराया निर्धारित किया गया है।

ऐसे में आयोजकों को निर्धारित किराया चुकाने के बाद ही हॉल उपलब्ध करवाया जा सकता है। उधर खेल संघों से जुड़े पदाधिकारियों का तर्क है कि सरकारी स्कूलों को पिछले साल की तर्ज पर इस साल भी बिजली बिल का शुल्क लेने के बाद हॉल निशुल्क उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। गैर सरकारी संस्थाओं से हॉल का किराया जिला प्रशासन लेता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। बता दें जिले के करीब 250 से अधिक खिलाड़ी हैं, जिन्होंने बैडमिंटन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है।

## सार-समाचार

### ऐतिहासिक धरोहरों का शैक्षिक भ्रमण




महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने शेखावाटी क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों का भ्रमण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के एम.ए. आंकियोलोजी तथा बी.ए. आनर्स इतिहास के विद्यार्थियों ने शेखावाटी क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहरों का शैक्षिक भ्रमण किया। इससे पूर्व आज सुबह डॉ प्रभुदान चारण ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों द्वारा पुरातत्वविद गणेश बेरवाल के मार्गदर्शन में राजकीय संग्रहालय सीकर के साथ ही जीण माता मंदिर, हर्ष पर्वत के भैरव मंदिर लक्ष्मणगढ़ की चार चौक हवेली एवं फतेहपुर में गनेड़ीवाला का जोहड़ के पुरातत्व की जानकारी हासिल कर अपने ज्ञान का संवर्धन किया। इतिहासकार डॉ रीतेश व्यास एवं गोपाल कृष्ण व्यास ने विद्यार्थियों के साथ अपना ज्ञान एवं अनुभव साझा किया एवं पुरातत्व की सूक्ष्म जानकारियों से विद्यार्थियों को अवगत करवाया। इस अवसर पर इतिहास विभाग के संकाय सदस्य डॉ पवन रांकावत, तुलछाराम, रिंकू जोशी एवं किरण उपस्थित थे। विद्यार्थियों में भवानी सिंह तंवर, राज्यवर्धन सिंह, रोबिन, डिम्पल कंवर, दिव्या शर्मा, अनिल कुमार, सहदेव बीठू ने भ्रमण के दौरान व्यवस्था एवं अनुशासन बनाने में सहयोग प्रदान किया।

### बाल भक्तों का गजानन अभिषेक



दाऊजी रोड़ स्थित श्री आदि गणेश मंदिर में बाल भक्तों ने भगवान गजानन का अभिषेक किया।

**बीकानेर,** (कासं)। बच्चों में मोबाइल के बढ़ते प्रचलन से दूरी बनाने और सनातन संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दाऊजी रोड़ स्थित श्री आदि गणेश मंदिर में रविवार को बाल भक्तों ने भगवान गजानन का अभिषेक किया। श्री आदि गणेश भक्त मंडल के तत्वावधान में गणेश महोत्सव कार्यक्रमों की कड़ी में गणपति का बाल भक्तों द्वारा अभिषेक किया गया। ऊं गण गणपति नमो नम: सिद्धि विनायक नमो नम: के उद्घोष के साथ बाल भक्तों ने भगवान गजानन से गणपति जी गणेश नू मनावा की मंगलकामना करते हुए स्वस्थ रहने और बुद्धि का विकास करने की मंगलकामना की। बाल भक्तों ने गजानन का दूध, दही, घी, शहद, चीनी, पंचामृत से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ अभिषेक किया। आचार्य पंडित सुनील व्यास व पं विजय श्रीमाली ने देश में सुख स्मृद्धि की प्रार्थना की। इस मौके पर ब्राह्मणों की पौशाक में नन्हें मुन्ने बाल भक्त बहुत सुन्दर लग रहे थे। अभिषेक में निखिल सेठ, शशि पुरोहित, आशुतोष रंगा, नितेश बिन्नानी, अंकित सोलंकी, पुजारी गणेश सेवग, मोहित बांठिया, गौतम छींपा, हर्षित बिस्सा, फणींद्र श्रीमाली, नितेश बिन्नानी आदि का सहयोग किया।

### दो किलो अफीम सहित गिरफ्तार

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले की पीलीबंगा पुलिस ने 2 किलो अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। तस्कर के पास से तस्करी में प्रयुक्त बाइक भी पुलिस ने बरामद की है। पुलिस ने गश्त के दौरान इस कार्रवाई को अंजाम दिया। पीलीबंगा पुलिस एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच में जुटी हुई है। पीलीबंगा थानाधिकारी भूप सिंह सहारण ने बताया कि एसपी विकास सांगवान के निर्देशन में अवैध मादक पदार्थों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत पुलिस टीम ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया है। थानाधिकारी ने बताया कि एसआई सुमन अपनी टीम सहित थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थीं। गश्त के दौरान पुलिस टीम जैसे ही भारतमाला अंडरब्रिज के नीचे रोही जाखड़ांवाली के पास पहुंची तो एक बाइक सवार आता हुआ दिखाई दिया। जो पुलिस टीम को देखकर मुड़ने लगा। पुलिस ने युवक की संदिग्ध गतिविधि को देखते हुए उसे रोककर तलाशी ली तो उसके पास से 2 किलो अफीम बरामद हुई। युवक की पहचान संदीप बिश्नोई (35) पुत्र रामकुमार बिश्नोई निवासी 10 केडी रावला गांव पुलिस थाना रावला जिला अनूपगढ़ हाल वार्ड नंबर 10 रामदेव मोहल्ला सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर के रूप में हुई। पुलिस ने युवक से तस्करी में प्रयुक्त बिना नम्बर की बाइक भी बरामद की है। पीलीबंगा पुलिस ने युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। अब मामले में आगे की जांच रावतसर थाने में तैनात एसआई ईमीचन्द को सौंपी गई है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसआई सुमन, हैड कांस्टेबल राकेश मीणा, कांस्टेबल संदीप यादव, लक्ष्मीनारायण और पवन कुमार शामिल थे। जानकारी के अनुसार कार्रवाई करने में हैड कांस्टेबल राकेश मीणा और कांस्टेबल संदीप यादव की विशेष भूमिका रही।

# पूनरासर श्रीरामप्रसाद शाला ( भोजनालय ) के नवीनीकरण कार्यों का शुभारंभ

- श्रीरामप्रसाद शाला का यहां आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा
- पूनरासर स्थित मंदिर जन-जन की आस्था का केन्द्र है

**बीकानेर,**(कासं)। श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत और बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास ने रविवार को पूनरासर स्थित हनुमान मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं एवं आमजन के लिए श्री पूनरासर हनुमान ट्रस्ट कोलकता (पूनरासर) द्वारा संचालित श्रीरामप्रसाद शाला (भोजनालय) के नवीनीकरण कार्य का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर विधायक सारस्वत एवं विधायक व्यास, श्री पूनरासर हनुमान ट्रस्ट अध्यक्ष भीखमचंद पुगलिया, मंत्री मनोज कुमार जैन, सुमेरमल सुराणा, ट्रस्ट के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेन्द्र बच्छावत आदि बतौर अतिथि मंच पर मौजूद रहे। इस दौरान ट्रस्ट के संपत पारीक एवं छह न्याति ब्राह्मण महासंघ के अध्यक्ष पराशर नारायण शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ताराचंद




विधायक जेठानंद व्यास व ताराचंद सारस्वत ने पूनरासर श्रीराम प्रसाद शाला के नवीनीकरण कार्यों का उद्घाटन किया।

सारस्वत ने कहा कि श्री पूनरासर हनुमान ट्रस्ट द्वारा तैयार श्रीरामप्रसाद शाला का यहां आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा।

विधायक व्यास ने कहा कि पूनरासर स्थित मंदिर जन-जन की आस्था का केन्द्र है। यहां किए जा रहे विकास कार्य आमजन के लिए उपयोगी रहेंगे।

इस अवसर पर बजरंग लाल शर्मा, ओंकार नाथ, जगदीश पारीक, मोहननाथ, डालूराम सीवर, पूर्णनाथ, बीरबल नाथ, बजरंग बली जनकल्याण सेवा समिति अध्यक्ष शंकर नाथ, हेमनाथ जाखड़, महावीर प्रजापत, महेश राजोतिया, सुरेन्द्र चूरा, मूलचंद इंदौरिया, पार्षद जगदीश गुर्जर, पार्षद किशोर आचार्य, प्रदीप उपाध्याय, रजनीकांत सारस्वत और आमजन मौजूद थे।

# प्रत्येक बूथ पर 200 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य दिया

**हनुमानगढ़,** (कासं)। भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के तहत जिलेभर में बूथ स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ बूथ नंबर 73 से किया गया। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रकाश तंवर ने की।

जिला संयोजक डॉ. भारत भूषण शर्मा ने कहा कि 1 सितम्बर से शुरू होने वाले सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सदस्यता अभियान के दौरान सभी कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक लोगों को भाजपा के साथ जोड़ने के लिए सक्रिय होना होगा।

उन्होंने कहा कि यह अभियान तभी सफल होगा, जब बूथ का कार्यकर्ता पार्टी के लिए समर्पित होकर पार्टी की विचारधारा को आमजन तक पहुंचायेगा। उन्होंने बूथ कार्यकर्ता को पार्टी के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए सभी कार्यकर्ताओं को उक्त अभियान को



भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश तंवर ने बूथ स्तरीय कार्यशाला में सदस्यता अभियान के बारे में जानकारी दी।

सफल बनाने की अपील की। कार्यशाला के दौरान प्रत्येक बूथ पर 200 नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य भी दिया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को अभियान की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान हर बूथ पर 200 नए सदस्यों को जोड़ने के लक्ष्य से अवगत कराया गया। मंडल अध्यक्ष प्रकाश तंवर ने बताया कि कि सदस्यता अभियान का पहला चरण 1 से 25 सितम्बर तक चलेगा। दूसरा चरण 1 से 15 अक्टूबर तक चलेगा।

# मुनीम ने रची फर्जी लूट की कहानी, पुलिस ने 4 घण्टे में किया पर्दाफाश

## पुलिस ने मुनीम व उसके अन्य साथी को गिरफ्तार कर नकदी बरामद की

**मांडलगढ़, (निसं)।** मांडलगढ़ कस्बे में सेठ के द्वारा दिए गए चैक से बैंक से 4 लाख 33 हजार 500 रुपए की नकदी प्राप्त की। इस राशि और मुनीम का ईमान डोल गया, और लूट की फर्जी कहानी रच कर सेठ को गुमराह कर दिया। मुनीम द्वारा रचि गई फर्जी लूट की वारदात का पुलिस ने महज 4 घण्टे में खुलासा कर मुनीम और उसके एक अन्य साथी को गिरफ्तार किया, और चैक से निकाली गई राशि को बरामद कर लिया गया हैं। मांडलगढ़ थाना पुलिस के मुताबिक बरुनदनी निवासी अंकित कुमार सोमानी ने मांडलगढ़ थाने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि। मुनीम विनोद कुमार बैरागी को चैक द्वारा 31 अगस्त को मांडलगढ़ के बैंक से 4 लाख 33 हजार 500 रुपए निकाल कर लाने को भेजा गया।

दोपहर 12:00 से 1:00 बजे के बीच विनोद कुमार वैष्णव ने व्यापारी सेठ को फोन कर बताया कि वह रुपए लेकर कोतवाल का खेड़ा स्थित कंजर बस्ती के पास से गुजर रहा था। तभी एक महिला ने उसे रोककर रुपए से भरा बेग छीन लिया और कंजर बस्ती में भाग गई। इस मामले में रविवार को पुलिस ने केस दर्ज किया। जिला पुलिस अधीक्षक राजेंद्र दुष्यंत ओर मांडलगढ़ पुलिस उप अधीक्षक ने वारदात को गंभीरता से लेते हुए विशेष टीम गठित की। पुलिस टीम ने वारदात स्थल का जायजा लिया। जहां मुनीम द्वारा लूट की घटना होना बताया गया।

आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ 100 से अधिक सीसी टीवी कैमरा के फुटेज खंगाले गए। लेकिन लूट होने जैसा कोई साक्ष्य सामने नहीं आया। ऐसे में पुलिस ने मुनीम की गतिविधियों को सन्दिग्ध मानते हुए उससे कड़ाई से पूछताछ की। मुनीम विनोद कुमार ने अपना जुर्म स्वीकार किया और उसने अपने साथी नरेश अहीर के साथ मिल कर झूठी लूट की कहानी रच कर सेठ अंकित कुमार को सूचना देना कबूल किया। इन दोनों ने योजना पर तरीके से कंजर बस्ती कोतवाली का खेड़ा के पास पहुंचकर खाली बैग को पटक दिया और लूट की झूठी कहानी रची। पुलिस ने आरोपित बागीत निवासी मुनीम विनोद कुमार ओर इसके साथी हिंगोनिया निवासी नरेश कुमार अहीर को गिरफ्तार कर बैंक से निकाली गई उक्त राशि को बरामद किया हैं।

लूट की उक्त वारदात का खुलासा करने में उच्च अधिकारियों द्वारा गठित की गई पुलिस टीम में शामिल उप निरीक्षक चंद्रप्रभात, सहायक उप निरीक्षक गोपाल सिंह, हेड कांस्टेबल जलील अहमद, कांस्टेबल अनिल कुमार, कुलदीप मदनलाल, सुंदरलाल, विश्वनाथ सिंह, व गोपाल लाल शामिल थे।



पुलिस ने लूट की फर्जी वारदात रचने के आरोप में मुनीम और इसके साथी को गिरफ्तार किया है।

# वन विभाग के बिछाए जाल में फंसा पैंथर, रेस्क्यू किया

## दो मौत के बाद वन विभाग ने लगाये थे पिंजरे



मोरवड में 6 दिन पहले महिला को मारने वाले पैंथर को वन विभाग ने जाल बिछाकर पिंजरे में कैद किया।

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती गांव मोरवड में 6 दिन पहले महिला को मारने वाले पैंथर का कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर लिया गया। इस लेपर्ड को कपड़ने के लिए पिछले पांच दिनों से मोरवर्ड के जंगलों में जोधपुर वन विभाग की टीम ने अपना जाल बिछा रखा था। जिसके बाद रविवार को सुबह लेपर्ड टीम के एक पिंजरे में फंस गया। जिसके बाद वन विभाग और मोरवड के ग्रामीणों ने चेन की सांस ली है।

गौरतलब है कि जिले के मोरवड गांव में पिछले कई दिनों से एक आदमखोर लेपर्ड मूवमेंट कर रहा था। जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ था। इस लेपर्ड ने कई लोगों को अपना शिकार बनाते हुए उन पर जानलेवा हमले भी कर रखा थे। 6 दिन पहले जंगल में बकरी चरा रही काना तालाब मोरवड निवासी रकमा भील (35) पत्नी रामा भील पर इस लेपर्ड ने जानलेवा हमला किया था। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई थी। महिला पर लेपर्ड के हमले के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ था। जिसके चलते लोगों अकेले अपने घर से बाहर नहीं निकल रहे थे।

■ **पांच दिन से जंगल में डाल रखा था डेरा**

जोधपुर वन विभाग के ट्रैंकुलाइज करने वाले बंशीलाल ने बताया कि पिछले पांच दिन से लेपर्ड को पकड़ने के लिए अलग-अलग पॉइंट पर पिंजरे लगाए गए थे। इसके साथ ही उसकी टीम जंगल में संभव ठिकानों पर खोज भी कर रही थी। इसके साथ ही वह वन विभाग के पिंजरों व जाल को भी पहचान रखता है। ऐसे में इस लेपर्ड को पकडना मुश्किल भी हो रहा था। लेपर्ड नर है और इसकी उम्र करीब 8 साल है।

# वीडीओ ने किया 50 लाख का गबन, सस्पेंड

## पत्नी और रिश्तेदारों के खाते में ट्रांसफर करवाए रूपये, सरपंच ने करवाया मामला दर्ज

**झुंझुनूं, (निसं)।** नयासर ग्राम पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी ने 50 लाख रुपए का गबन कर लिया है। इस सम्बन्ध में नयासर सरपंच ने सदर थाने में ग्राम विकास अधिकारी के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

सरपंच रोशन मांजू ने रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में बताया कि सिद्धार्थ खीचड़ नयासर ग्राम पंचायत में विकास अधिकारी है। सिद्धार्थ खीचड़ ने 30 जुलाई 2024 से 29 अगस्त 2024 तक ग्राम पंचायत के खातों से करीब 50 लाख रुपयों का गबन कर लिया। ग्राम विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत के विकास के रुपयों को अपनी पत्नी और रिश्तेदारों के खातों में ट्रांसफर कर दिया। जब उन्होंने बैंक से स्टेटमेंट लिया तो मामले की जानकारी सामने आई। रिपोर्ट में बताया कि ग्राम विकास अधिकारी सिद्धार्थ खीचड़ ने अपनी पत्नी संगीता कुमारी और एक अन्य रिश्तेदार के खातों में 50 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। यह रुपए ग्राम पंचायत के विकास का था। सरपंच ने बताया कि उन्होंने इस सम्बन्ध में झुंझुनूं पंचायत समिति के विकास अधिकारी, जिला परिषद के सीईओ और जिला कलेक्टर को अवगत करवाया था। झुंझुनूं पंचायत समिति की विकास अधिकारी ममता चौधरी ने ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित कर दिया है। ग्राम विकास अधिकारी सिद्धार्थ खीचड़ का मुख्यालय ग्राम पंचायत अजाड़ी कला कर दिया गया है। चर्चा यह भी है कि किसी बड़े नेता का हाथ ग्रामसेवक के सिर पर है। जिसके कारण ही उसने इतना बड़ा गड़बड़झाला कर दिया।

नयासर के विकास अधिकारी सिद्धार्थ खीचड़ ने अपनी पत्नी संगीता को ग्राम पंचायत में लेबर कांट्रैक्टर दिखाकर ये रुपए ट्रांसफर किए हैं। सरपंच रोशन मांजू ने बताया- ग्राम पंचायत के खातों से कोई पेमेंट होता है तो इसके लिए सरपंच और ग्राम विकास अधिकारी दोनों की आईडी से ही होता है। लेकिन ग्राम विकास अधिकारी ने सिंगल ओटीपी से पेमेंट कर दिया। ग्राम विकास अधिकारी ने सिस्टम में अपनी ही आईडी सेट कर ली, सिर्फ खुद के पास ही ओटीपी लिया। सिंगल आईडी से वह पेमेंट करता रहा। पत्नी को ग्राम पंचायत में लेबर कांट्रैक्टर दिखाया गया है। जबकि पत्नी ने कभी भी कोई काम ही नहीं किया, ना ही ग्राम पंचायत नयासर से उनका किसी भी प्रकार के लेन देन का सम्बन्ध है।

## मसूदा पुलिस की लापरवाही से दो गोतस्कर फरार

**मसूदा (निसं.)।** मसूदा पुलिस की लापरवाही पड़ी भारी गोतस्करों को मसूदा पुलिस मसूदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से पुलिस थाने ले जाते समय दो गोतस्कर आरोपी रास्ते से हुए फरार जिसको लेकर गौसेवकों द्वारा जताया गया था रोष जिसको लेकर एसडीएम पुलिस अधीक्षक को मसूदा पुलिस के खिलाफ कार्रवाई को लेकर दिया गया था ज्ञापन। पुलिस विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर ब्यावर के जिला पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने मसूदा थाना अधिकारी सुरेंद्र सिंह को हटाकर पुलिस लाइन ब्यावर में लगाया गया। उनके स्थान पर गणपत सिंह को कार्य व्यवस्थार्थ मसूदा थाना प्रभारी नियुक्त किया गया।

# मंदबुद्धि युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर, (कासं)।** गंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार को 20 वर्षीय मंदबुद्धि युवती से पड़ोसी युवक द्वारा दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने नशे में वारदात करना स्वीकार किया है।

एसपी देवेंद्र कुमार विश्नोई ने बताया कि 31 अगस्त को पीड़िता के पिता ने गंज थाने में आरोपी पड़ोसी युवक के खिलाफ बहला फुसला कर अपने कमरे पर ले जाकर दुष्कर्म करने की शिकायत दर्ज कराई थी। जिस पर क्लॉक टावर थानाधिकारी दिनेश कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन कर कार्रवाई के निर्देश दिए। मामले में परिवादी व गवाह के बयान लिए। पीड़िता का मेडिकल मुआयना करवाया गया। एफएसएल टीम की सहायता से घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। युवती मानसिक रूप से बीमार थी तथा बयान देने में असमर्थ थी तो काउंसिलिंग करवाई और बयान के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी युवक नशे का आदि था और दिहाड़ी मजदूरी करता है। आरोपी ने शराब के नशे में वारदात अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया।

■ **नशे में वारदात करना स्वीकारा**



बून्दी में हरियाणा राज्य के भाजपा के प्रदेश प्रभारी एवं राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया रविवार को जयपुर से ट्रेन से कोटा अल्प प्रवास पर आए। इस दौरान बूंदी भाजपा जिला प्रवक्ता एवं जिला मीडिया संयोजक अनिल जैन तालेड़ा पूनिया से मुलाकात कर उनके साथ दौरे में शामिल रहे। जैन ने पूनिया को संगठनात्मक गतिविधियों से अवगत कराया। पूनिया ने पार्टी के कार्य में जुट जाने की बात कहते हुए भाजपा के सदस्यता अभियान को गति देने की बात कही।

# सोयाबीन का समर्थन मूल्य बढ़ाकर अतिरिक्त बोनस दे सरकार

## किसानों ने दी महापड़ाव की चेतावनी

**कोटा, (निसं)।** भारतीय राष्ट्रीय किसान महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज दुबे ने सरकार व प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा की अगर केंद्र सरकार ने सोयाबीन का समर्थन मूल्य नहीं बढ़ाया और राजस्थान सरकार ने सोयाबीन की खरीद पर अतिरिक्त बोनस देने की घोषणा नही की तो किसान संभागीय आयुक्त कार्यालय पर महापड़ाव डाल कर अनिश्चित कालीन घरने पर बैठ जाऐंगे।

मनोज दुबे ने कहा की सरकार ने सोयाबीन का समर्थन मूल्य 4892 रूपये घोषित किया है। जबकी मंडियों मे किसानो को 4 हजार रूपए से भी कम दाम मिल रहे है। राजस्थान एवं मध्य प्रदेश में सोयाबीन की कीमतों में लगातार गिरावट आ रही है किसान को खेती में खर्च की गई लागत भी नहीं मिल रही है जिससे हताश होकर सोयाबीन का किसान खेती छोड़ने पर मजबूर हो रहा हैं। सरकार किसानों को सोयाबीन का उचित मूल्य देने का काम करें।

मनोज दुबे ने कहा की राजस्थान सरकार सोयाबीन पर 3108 रूपए अतिरिक्त बोनस देकर सोयाबीन की खरीद 8 हजार रूपए क्विंटल कर किसानों को राहत दें। अभी किसान को मंडियों मे सोयाबीन का दाम मात्र 3500 से 4000 तक मिल रहा है। जो 12 साल पहले से भी कम दाम है। 2012 मे सोयाबीन का दाम 3800 क्विंटल था। किसानों की आय बढ ने के स्थान पर घटती जा रही है। सोयाबीन मे किसानों को लागत भी नहीं मिल रही है। ऐसी स्थित मे राजस्थान सरकार सोयाबीन पर 3108 रूपए अतिरिक्त बोनस देकर सोयाबीन की खरीद 8 हजार रूपए क्विंटल कर किसानों को राहत दें।

मनोज दुबे ने कहा की केन्द्र सरकार ने किसानों की आय दोगुनी करने का वायदा किया था। लेकिन किसानों को लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। लगातार किसान की लागत बढ़ रही है। एवं आय घट रही है, जो घोर चिंताजनक है। ऐसी स्थिति में केन्द्र सरकार सोयाबीन का समर्थन मूल्य बढ़ाऐं व राजस्थान सरकार किसानो को सोयाबीन पर 3108 रूपए बोनस देकर 8 हजार रूपए क्विंटल में सोयाबीन की खरीद कराए जाने से किसानों को राहत दें।

## 50 किलो का अजगर किया रेस्क्यू

**कोटा, (निसं)।** बारिश के सीजन में लगातार सरीसृप के बाहर निकलने का सिलसिला जारी है। इनमें अजगर और कोबरा भी शामिल हैं। रोज सर्प का रेस्क्यू किया जा रहा है। ऐसा ही मामला अब कोटा सरस डेयरी में सामने आया है। जहां पर 11 फीट लंबा इंडियन रॉक पाइथन 'अजगर' पहुंच गया था। सरस डेयरी के सिक्योरिटी ऑफिसर ने इसकी सूचना स्नेक कैचर गोविंद शर्मा को दी और वह मौके पर पहुंचे और इस अजगर को रेस्क्यू किया। इसके बाद फॉरेस्ट के भवानी सिंह जादौन को सूचना देकर लाड़पुरा रेंज के जंगल में अजगर को रिलीज किया गया।

## तीन आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** सविना थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से पैंतीस लाख रूपये की एमडीएमए (एक तरह की नशीली गोली) व अफीम डोडा चुरा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

एसपी योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में सविना थानाधिकारी अजयसिंह राव के नेतृत्व में गठित दल ने मादक पदार्थ कारोबारियों के खिलाफ कार्यवाही करते हुए रेस्टोरेंट संचालक मनोज सनाढ्य के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 67.710 ग्राम एमडीएमए, राजेन्द्र कुमार के कब्जे से 48.400 ग्राम एमडीएमए तथा मनोहर लाल के कब्जे से 66.600 ग्राम व 69.770 ग्राम अवैध अफीम डोडा पाउडर मय स्कूटी जब्त कर तीनों को गिरफ्तार किया।

# 'प्रदेशभर में नि:शुल्क दवाएं शत-प्रतिशत उपलब्ध हों'

■ **चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने शुरू की दवा आपूर्ति की नियमित मॉनिटरिंग**

**जयपुर, (कासं)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री के निर्देशों पर प्रदेशभर में मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत दवाओं की सुचारू आपूर्ति एवं उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। अस्पतालों में सुचारू दवा आपूर्ति के लिए राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन एवं सभी चिकित्सा संस्थान प्रभारियों को समुचित कार्यवाही किए जाने के लिए निर्देश दिए गए हैं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री नि:शुल्क दवा योजना के तहत दवा आपूर्ति की नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है। हमारा प्रयास है कि सभी चिकित्सा संस्थानों में दवाओं की शत-प्रतिशत उपलब्धता सुनिश्चित हो। आरएमएससीएल को निर्देश दिए गए हैं कि सभी दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रहे। इस संबंध में स्टॉक संबंधी गाइडलाइन की समुचित पालना सुनिश्चित की जाए।

सवाई मानसिंह चिकित्सालय के अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने बताया कि अस्पताल में दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने बताया चिकित्सकों द्वारा रोगियों के उपचार के अनुसार कुछ दवाएं अधिक स्ट्रेन्थ की लिखी जाती हैं और कभी-कभी दवा वितरण केंद्रों पर कम स्ट्रेन्थ की दवा उपलब्ध होती है। जैसे 40 मिलीग्राम स्ट्रेन्थ के स्थान पर 10 मिलीग्राम स्ट्रेन्थ की दवा उपलब्ध होना। इससे उपचार में किसी तरह की परेशानी नहीं आती। उन्होंने बताया कि एजिथ्रोमाइसिन दवा सभी वितरण केंद्रों पर उपलब्ध है। एट्रोवेस्टेटिन दवा 40 मिलीग्राम के स्थान पर 10 मिलीग्राम तथा थायरॉक्सिन सोडियम दवा भी 100 मिलीग्राम के स्थान पर 50 मिलीग्राम की पैकिंग में उपलब्ध है। इसी प्रकार सोडियम वेलप्रोएट दवा 500 मिलीग्राम के स्थान पर 200 मिलीग्राम की पैकिंग में उपलब्ध है। प्रीगेबलीन कैप्सूल भी सभी दवा केंद्रों पर उपलब्ध है।

# सुमेल बांध में पैर फिसलने से युवक डूबा

## एसडीआरएफ का रेस्क्यू अभियान जारी

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** समीपवर्ती गांव अमरगढ चौकी के पास स्थित सुमेल बांध में नहाते समय पैर फिसलने से एक 25 वर्षीय युवक डूब गया। घटना शनिवार शाम की है। सूचना के बाद पुलिस प्रशासन और गंगापुर से सिविल डिफेंस के अलावा भरतपुर से एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन रात में अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू का काम नहीं हो पाया। रविवार सुबह करीब 6 बजे सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू शुरू किया। मौके पर तलवाडा तहसीलदार और सदर थाना अधिकारी पन्नालाल के अलावा पुलिस प्रशासन मौजूद है।

■ **शनिवार को रात में अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू का काम नहीं हो पाया**

सपोटरा तहसील के खिदरपुर निवासी ज्ञान सिंह उर्फ लालू पुत्र पहलवान सिंह उर्फ भंवर सिंह जादौन रक्षाबंधन के त्योहार पर मच्छीपुरा में अपनी बहन के यहां पर आया था और तभी से वह अपनी बहन के पास में रुका हुआ था। शनिवार शाम को वह गांव के दोस्तों के साथ अमरगढ चौकी के पास सुमेल बांध में नहाने के लिए गया था। इसी दौरान ज्ञान सिंह का पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। आस पास के लोगों ने ज्ञान सिंह को बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। लोगों ने फिर ग्रामीणों को सूचना दी मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए। सूचना पर सरपंच लाला अमरगढ भी मौके पर पहुंच गए। लाला अमरगढ और अन्य ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन को सूचना दी। सूचना के बाद सदर थाना पुलिस और तलवाडा तहसीलदार मौके पर पहुंचे। साथ ही गंगापुर सिटी से सिविल डिफेंस की टीम भी मौके पर पहुंची। प्रशासन की सूचना पर भरतपुर से देर शाम एसडीआरएफ की टीम भी आ गई और टीम ने रेस्क्यू का काम शुरू किया, लेकिन अंधेरा होने के कारण रेस्क्यू का काम रोकना पडा। रविवार सुबह तहसीलदार तलवाडा और सदर थाना अधिकारी पन्नालाल के नेतृत्व में सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ की टीम के एक बार फिर रेस्क्यू अभियान शुरू किया।

# एमपी के सीएम मोहन यादव ने झालावाड़ में आचार्य प्रज्ञासागर महाराज का लिया आशीर्वाद

■ **प्रज्ञासागर जी महाराज की 52वीं जन्म जयंती के कार्यक्रम में की शिरकत**

**झालावाड़, (निसं)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव रविवार को झालावाड़ के एक दिवसीय दौरे पर रहे यहां उन्होंने झालरापाटन एसटीसी मैदान में आयोजित आचार्य गुरुदेव श्री प्रज्ञासागर जी महाराज की 52वीं जन्म जयंती के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस दौरान संत प्रज्ञासागर जी महाराज ने आशीर्वचन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की जमकर तारीफ की। संत प्रज्ञासागर जी ने कहा कि मोहन यादव उनके 50वें जन्मदिन पर उनसे आशीर्वाद लेने पहुंचे थे, तब उन्होंने उनसे कहा था कि वह चाहते हैं कि वह प्रदेश के मुख्यमंत्री बनकर आएं। उस दौरान मोहन यादव उच्च शिक्षा मंत्री के पद पर सरकार में थे और आज 52वें जन्म दिवस पर वह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बन इस अनुष्ठान में शामिल होने पहुंचे हैं। संत प्रज्ञासागर जी बोले कि नेमिनाथ जी भी यदुवंशी थे मोहन यादव भी यदुवंशी यादव हैं। ऐसे में वह नेमिनाथ जी की कृपा पाने वाले व्यक्ति हैं।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव आचार्य गुरुदेव श्री प्रज्ञासागर जी महाराज की 52वीं जन्म जयंती के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

मोहन यादव ने भी संत प्रज्ञासागर जी महाराज को श्रीफल भेंट कर उनसे आशीर्वाद लिया। डॉक्टर मोहन यादव ने कहा कि विश्व में 200 से भी अधिक देश हैं, लेकिन भारत जैसी संस्कृति कहीं नहीं मिलती। विश्व में यूनान, मिस्त्र, रोम जैसी कई संस्कृतियां लंबी नहीं चल पाई काल की धारा के प्रभाव में कई देश की संस्कृतियों बह गई, लेकिन भारतीय संस्कृति आज साधु-संतों और धर्म गुरुओं की बदौलत जीवित है।

# पेपर लीक मामले में गिरफ्तार पांच ट्रेनी एस.आई. छह दिन के रिमांड पर

## एस.ओ.जी. ने इन पांचों आरोपियों को रविवार को कोर्ट में पेश किया

- गिरफ्तार एसआई में आर.पी.एस.सी. के पूर्व सदस्य रामू राम राईका के बेटा-बेटी भी शामिल
- ज्ञात रहे कि सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 के पेपर लीक के मामले में एसओजी अब तक 42 चयनित ट्रेनी एसआई और पेपर लीक गैंग से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी
- बताया जा रहा है कि कई ट्रेनी एस.आई. अभी भी एसओजी के रडार पर चल रहे हैं, ऐसे में इस मामले में आगामी दिनों में और गिरफ्तारी संभव है

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। सब इंस्पेक्टर भर्ती-2021 में पेपर लीक के मामले में एसओजी ने पूछताछ के बाद पांच ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार रविवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां पर उन्हें छह दिन के रिमांड पर एसओजी को सौंप दिया गया। गिरफ्तार एसआई में राजस्थान लोक सेवा आयोग (आरपीएससी) के पूर्व सदस्य रामू राम राईका के बेटा-बेटी भी शामिल हैं। एसओजी ने शनिवार को राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) से इन सभी ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया था।

एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया कि सभी आरोपितों पर परीक्षा में अनुचित साधनों का उपयोग करने सहित अन्य आरोप है। पूछताछ के बाद ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है। इस मामले में आगामी दिनों में और गिरफ्तारी संभव है। इस मामले में रामू राम राईका ने कहा कि राईका ने स्वीकार किया था कि एसआई भर्ती-2021 से पूर्व 2016 की आरएएस भर्ती का भी बेटा-बेटी ने एग्जाम दिया था। हालांकि वह सफल नहीं हुए थे। यूपीएससी का भी एग्जाम दिया था। एसआई भर्ती-2021 में भी जब बैठे तो आयोग के नियमों की पालना की गई थी। इस एग्जाम में राईका की बेटी शोभा को 5वीं व बेटे देवेश को 40वीं रैंक मिली थी। रामू राम राईका जुलाई 2018 से जुलाई 2022 तक आरपीएससी के सदस्य रहे थे। सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 में राईका की बेटी शोभा को 5वीं और बेटे देवेश को 40वीं रैंक मिली थी। भर्ती परिणाम के बाद से ही राईका पर कई लोगों ने धांधली करने का आरोप भी लगाया था।

एसओजी एडीजी ने बताया कि सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 में पेपर लीक के मामले में एसओजी अब तक 42 चयनित ट्रेनी एसआई और पेपर लीक गैंग से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुकी। अभी भी कई ट्रेनी एसआई एसओजी के रडार पर चल रहे हैं। एसओजी ने इसी साल अप्रैल में पहली बार इस एग्जाम से जुड़े ट्रेनी एसआई की गिरफ्तारी की थी। रविवार को गिरफ्तार सब इंस्पेक्टर में शोभा राईका, देवेश राईका, मंजू देवी, अविनाश और विजेंद्र शामिल हैं।

गौरतलब है कि सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 पेपर लीक मामले में भजनलाल सरकार की ओर से बनाई गई एसआईटी ने 6 मार्च को आरपीए से 14 ट्रेनी एसआई को पकड़ा था। एसओजी ने एडमिट कार्ड की फोटो, परीक्षा के दौरान की गई वीडियोग्राफी और उपस्थिति रजिस्टर में किए हस्ताक्षरों की एफएसएल जांच के बाद कार्रवाई को अंजाम दिया था। 2 अप्रैल को भी 15 ट्रेनी एसआई को डिटेन कर एसओजी मुख्यालय लाया गया था। इसमें 2 महिला और 13 पुरुष सब इंस्पेक्टर शामिल थे। यहां पूछताछ के बाद 3 अप्रैल को 11 ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके अलावा एसओजी ने जोधपुर कमिश्नरेट के सदर बाजार थाने में तैनात कांस्टेबल अभिषेक बिश्नोई को भी गिरफ्तार किया था। इसके बाद 8 जून को तीन महिला ट्रेनी एसआई समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें एक प्लाटून कमांडर थीं। महिला ट्रेनी एसआई को आरपीए और जोधपुर के मंडोर स्थित ट्रेनिंग सेंटर से पकड़ा गया था।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर एडीजी रैंक के अधिकारी आज से करेंगे अपनी-अपनी रैंज का दौरा



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

- प्रदेश में कानून व्यवस्था, अपराधों की रोकथाम और लंबित प्रकरणों की मौके पर समीक्षा करेंगे
- फील्ड में उतरकर आमजन से फीडबैक लेकर अपराधों पर लगाम कसने की तैयारी में सरकार

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय से अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) स्तर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सोमवार से अपने प्रभार वाली पुलिस रैंज का सघन दौरा करेंगे। मुख्यमंत्री द्वारा सीएमओ में शनिवार को ली गई गृह विभाग की समीक्षा बैठक में इस संबंध में विशेष दिशा-निर्देश दिए थे।

पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने बताया कि पुलिस मुख्यालय की ओर से सभी रेंज प्रभारी अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (एडीजी) को रेंज का दौरा कर कानून व्यवस्था की स्थिति एवं अपराधों की रोकथाम एवं पेंडिंग प्रकरणों की समीक्षा कर विस्तृत रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

डीजीपी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा समीक्षा बैठक में प्रदेश में कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण की स्थिति को चाक-चौबंद बनाने के लिए अतिरिक्त सजगता बरतने को कहा गया है। इसकी पालना में सभी रेंज प्रभारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अपनी रेंज के पुलिस जिलों की विजिट के दौरान वहां कमजोर वर्गों, महिला व बच्चों के विरुद्ध अपराध एवं साइबर सुरक्षा से मामलों पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ ही इनके पेंडिंग प्रकरणों की समीक्षा के लिए पाबंद किया गया है। इसके अलावा सभी रेंज प्रभारी एडीजी मादक पदार्थो से संबंधित मामलों पर की स्थिति एवं अन्य गंभीर प्रकृति के अपराधों पर नियंत्रण की समीक्षा कर पेंडिंग प्रकरणों के बारे में अपनी रिपोर्ट पुलिस मुख्यालय को प्रस्तुत करेंगे।

साहू ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर एडीजी बिनीता ठाकुर जयपुर रेंज और जयपुर आयुक्तालय, आनंद एडीजी भरतपुर रेंज, एडीजी एस सेंगाथिर कोटा रेंज, एडीजी सचिन मित्तल अजमेर रेंज, एडीजी अनिल पालीवाल जोधपुर रेंज एवं कमिश्नरेट, एडीजी बिपिन कुमार पांडेय सीकर रेंज, एडीजी हवा सिंह घुमरिया बीकानेर रेंज, एडीजी डॉ. प्रशाखा माथुर पाली रेंज तथा एडीजी संजीब नर्जरी उदयपुर और बांसवाड़ा रेंज का प्रभारी के तौर पर दौरा करेंगे।

साहू ने बताया कि सभी रेंज प्रभारी एडीजी अपने दौरे के दौरान सुरक्षा सखियों से बात कर महिला एवं बाल अपराधों से संबंधित प्रकरणों के बारे में अलग से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही सभी रेंज में निर्भया स्क्वाड, एंटी रोमियो स्क्वाड और महिला हेल्पलाइन की सक्रियता और वे कैसा काम कर रही है, इसकी मौके पर विस्तार से समीक्षा की जाएगी।

## 'प्रधानमंत्री आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर अभियान का करेंगे आगाज'

**जयपुर**। भाजपा के सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ अरूण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 सितंबर को केंद्रीय भाजपा कार्यालय नई दिल्ली में पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर सदस्यता अभियान का आगाज करेंगे। भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत मिस्ड कॉल, नमो ऐप, वेबसाइट और क्यूआर कोड स्कैन करके कोई भी व्यक्ति सदस्य बन सकता है। वहीं 3 सितंबर को प्रदेश में सीएम भजनलाल शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और प्रदेश के प्रमुख नेता सदस्यता अभियान की शुरूआत करेंगे।

डॉ चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश में सभी 51 हजार बूथों पर 1 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रदेश में सदस्यता अभियान का पहला चरण 1 सितंबर तक चलेगा। अभियान के तहत एक सिम से एक ही व्यक्ति पार्टी का सदस्य बन सकता है। इस बार ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन सदस्य भी बनाए जाएंगे। जहां मोबाइल नेटवर्क की समस्या या अन्य तकनीकी समस्या सामने आएगी, वहां ऑफलाइन फॉर्म भर कर सदस्य बनाया जाएगा। सदस्यता अभियान को लेकर प्रदेशभर में 20 से 31 अगस्त तक विशेष अभियान चलाकर कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इन कार्यशालाओं में सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण और अभियान की जानकारी दी गई।

अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी ने बताया कि सदस्यता अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता प्रदेशभर में घर-घर जाकर भाजपा की रीति और नीति से आमजन को अवगत करवाएंगे और भाजपा के सदस्य बनाएंगे।

# मोतीडूंगरी गणेशजी को अर्पित की 56 प्रकार की मिठाईयां

**जयपुर**। श्रीमोतीडूंगरी गणेश मंदिर में गणेश जन्मोत्सव के तहत रविवार को प्रथम पूज्य के समक्ष छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान गणपति के दर्शन करने के लिए मंदिर पहुंचे। वहीं देर शाम को जयपुर के कलाकारों ने भगवान गणेशजी को प्रिय कथक नृत्य की प्रस्तुतियां भी दी गई। मंदिर में मोदक झांकी, सिंजारे व गणेश चतुर्थी के लिए तैयारियां भी अंतिम चरण में चल रही है।

- शाम को मंदिर प्रांगण में डॉ. स्वाति अग्रवाल के निर्देशन में कथक नृत्य की प्रस्तुति दी गयी

महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि भगवान गणेश के जन्मोत्सव का शुभारंभ शनिवार को पुष्य नक्षत्र अभिषेक के साथ हुआ। दूसरे दिन रविवार को छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। छप्पन भोग के व्यंजनों में गाय का शुद्ध दूध और देशी घी का इस्तेमाल किया गया। भगवान गणपति को 56 प्रकार की मिठाई व 16 प्रकार की नमकीन का भोग लगाया गया। इनमें रसगुल्ला, हलवा, पेड़ा, जलेबी, लड्डू, शकरपारा, मठरी, गुलाब जामुन, मोहनथाल जैसे व्यंजनों का भगवान को भोग लगाया गया।

रविवार शाम को साथ ही भगवान के समक्ष डॉ. स्वाति अग्रवाल के निर्देशन में कथक नृत्य की प्रस्तुतियां भी दी गई। कथक नृत्यांगना डॉ. स्वाति अग्रवाल ने अपने शिष्याओं के साथ कथक नृत्य की मनोहारी प्रस्तुति दी । डॉ. अग्रवाल ने गणेश वंदना विघ्न हरण गवरी के नंदन प्रस्तुत की इसके अतिरिक्त उनके शिष्याओं ने ताल त्रिताल धमार व पंचमसवारी में शुद्ध कथक नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त गणेश संकटनाशन स्तोत्रम प्रस्तुत किया । गणेश जी की आरती. सुखकर्ता दुखहर्ता का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया। इसके अतिरिक्त भजन-प्रथम नमो गिरजा सूत् गणपति से गणपति को रिझाया उनके साथ गायन पर पंडित मुन्नालाल भाट, तबले पर महेंद्र डांगी, पढंत पर पंडित कौशल खान पवार वह सितार पर हरिहर भट्ट चरण ने संगत की।



गणेश जन्मोत्सव समारोह के तहत दूसरे दिन रविवार को छप्पन भोग की झांकी सजाई।

### घर से कर सकेंगे गणेशजी के दर्शन

मोतीडूंगरी गणेश मंदिर से भगवान गणेशजी के लाइव दर्शन के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि गणेशजी की तस्वीर वाला विशेष स्कैनर तैयार किया गया है। मोबाइल से इसे स्कैन करने पर भक्त मन्दिर से सीधे गणेशजी के लाइव दर्शन कर सकेंगे।

## महेंद्र सिंह पंवार को बनाया प्रदेश संयोजक

**जयपुर**। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर ने भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर मोर्चे के प्रदेश संयोजक एवं सह-संयोजक सहित जिला, मंडल स्तर पर संयोजकों की घोषणा की है। मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चंपालाल गेदर ने बताया कि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ और अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ अरूण चतुर्वेदी के निर्देशानुसार आज मोर्चे में मंडल स्तर तक का कार्य विभाजन किया गया। इसके तहत मोर्चे के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह पंवार को मोर्चे में अभियान की जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश संयोजक बनाया है। वहीं संभाग स्तर पर सुनील यादव, पुष्कर तेली, सुनील गहलोत, फूलचंद कुमावत, सहीराम विश्नोई, जगदीश सुथार और जगदीश सैनी को सह-संयोजक बनाया गया है।

## जयपुर में शाम को बदला मौसम आधे शहर में हुई बारिश

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर में आज दोपहर बाद आधे शहर में बारिश हुई। वहीं जयपुर और जयपुर ग्रामीण के कुछ क्षेत्रों में रात नौ बजे बाद अचानक तेज बारिश का दौर आया। आममान में बिजलियां कड़कने के साथ ही बारिश हुई। मौसम विभाग ने उत्तर-पूर्वी हिस्सों और अन्य क्षेत्रों में हल्की बारिश और कुछ इलाकों में मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है। राजस्थान के 22 जिलों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

रविवार को दोपहर बाद राजधानी जयपुर में शाम 4 बजे से रिमझिम बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है। वहीं देर रात को भी एक बाद फिर बारिश होने से मौसम में बदलाव महसूस किया गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आगामी तीन दिनों तक कई जिलों में मूसलाधार बारिश होने के आसार हैं। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आंध्र प्रदेश, उड़ीसा तट पर बंगाल की खाड़ी में एक नया लो-प्रेशर सिस्टम बना है। उन्होंने आगे बताया कि ये सिस्टम अगले 24 घंटे में और स्ट्रांग होकर वेल मार्क लो-प्रेशर सिस्टम में तब्दील होगा। शर्मा ने कहा, ये सिस्टम अब आगे उत्तर पश्चिमी दिशा की तरफ बढ़ रहा है। इस सिस्टम के असर से राजस्थान के कई हिस्सों में तेज बारिश होने की संभावना है।

जयपुर मौसम केंद्र ने शनिवार को राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्सों में हल्की बारिश और बादल छाए रहने की संभावना जताई है। कुछ जिलों में मौसम शुष्क रहने और धूप निकलने की भी संभावना है।

# पोषण माह की शुरुआत आज से

- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को सितंबर से मिलेंगे 10 हजार रुपये
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मज़बूत कदम : दिया कुमारी

**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री व महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने बताया कि 2024-25 में प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना (पीएमएमवीवाई) के अन्तर्गत दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को प्रथम सन्तान के लिए वर्तमान में दी जा रही राशि 6500 रूपये के स्थान पर 1 सितंबर से बढ़ाकर 10 हजार रूपये किया गया है। उन्होंने बताया कि यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु मज़बूत कदम है।

दिया कुमारी ने बताया कि दिव्यांग महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान तथा संतान के जन्म के पश्चात अधिक पौष्टिक आहार मिल सके इस हेतु उक्त राशि में बढ़ोतरी कर उसे 10 हजार रूपये किया गया है। इसके साथ ही माँ और बच्चें का बेहतर स्वास्थ्य हो तथा टीकाकरण सुनिश्चित हो सके, इस हेतु उक्त प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। उन्होंने कहा कि यह 3500 रूपये की अतिरिक्त राशि 100 प्रतिशत राज्य निधि से डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी।

निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओपी बुनकर ने बताया कि राज्य सरकार ने परिवर्तित बजट वर्ष 2024-25 में प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना (पीएमएमवीवाई) के अन्तर्गत दिव्यांग गर्भवती महिलाओं को प्रथम सन्तान के लिए वर्तमान में दी जा रही राशि 6500 रूपये को 1 सितंबर से बढ़ाकर 10 हजार कर दिया है।

बुनकर ने बताया कि योजना के अनुसार प्रथम किश्त का भुगतान आंगनबाड़ी केन्द्र पर पंजीकरण एवं कम से कम एक प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच पर पूर्व में 3000 रूपये दिये जाते थे। जिसे बढ़ाकर 4000 रूपये कर दिया गया है। बच्चे के जन्म पर पूर्व में मिलने वाले 1500 रुपये की द्वितीय किश्त को बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया गया है। बच्चे के जन्म का पंजीकरण एवं प्रथम चरण के सम्पूर्ण टीकाकरण पर 14 सप्ताह की आयु तक के सभी टीके पूर्ण करवाने पर मिलने वाली तीसरी किश्त 2000 रूपये को बढ़ाकर 3000 रुपये कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बढ़ी हुई राशि 3500 रूपये ऐसी महिलाएं को देय है जो आआंशिक रूप से (40 प्रतिशत) अथवा पूरी तरह से अक्षम है। उन्हें डीबीटी के माध्यम से उक्त राशि दी जाएगी।

उपमुख्यमंत्री व महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने यह भी बताया कि 1 सितम्बर से प्रदेश में "राष्ट्रीय पोषण माह 2024" का आयोजन किया गया है। जिसमें महिलाओं और बच्चों का पोषण को बढ़ावा देने, उनके बेहतर स्वास्थ्य की गतिविधियां संचालित करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और पोषण भी पढ़ाई भी को लक्षित किया गया है।

आईसीडीएस निदेशक ओपी बुनकर ने बताया कि महिलाओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य और पोषण को सुनिश्चित करने के लक्ष्य से आयोजित होने वाले इस अभियान में एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर शासन के लिए तकनीकी उपाय, पर्यावरण संरक्षण थीम्स हैं। राष्ट्रीय पोषण माह 2024 का कैलेंडर तैयार किया गया है। जिसके अनुसार गतिविधियों को आयोजित किया जाना है। बुनकर ने जिला उपनिदेशकों एवं सीडीपीओ को निर्देशित किया गया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा वर्कर, महिला पर्यवेक्षक, स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अन्य सभी सहयोगी विभागों के समन्वय से "राष्ट्रीय पोषण माह 2024" की गतिविधियों का कैलेंडर के अनुसार आयोजन किया जाए।

## पति ने वृंदावन जाने से मना किया तो महिला ने घर छोड़ा

**जयपुर** । पति ने वृंदावन जाने से मना किया तो एक महिला ने घर छोड़ दिया। घटना के सम्बंध में पति ने महिला की खोह नागोरियान थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई है। वृंदावन जाने की जिद करने पर पति ने मना करने पर वह गुस्सा हो गई थी। पुलिस ने बताया कि जगदम्बा कॉलोनी त्रिवेणी नगर खोह नागोरियान निवासी राखी देवी उर्फ बबली (46) की गुमशुदगी दर्ज करवाई गई है। शिकायत में उनके पति हरिश चंद योगी ने बताया कि 28 अगस्त को सुबह उनकी पत्नी राखी वृंदावन मथुरा जाने की कहने लगी। बार-बार वृंदावन मथुरा जाने की जिद करने लगी। जिद करते देखकर राखी को जाने से मना कर सुबह करीब 10 बजे अपने काम पर चला गया। पीछे से गुस्से में पत्नी रेखा घर छोड़कर चली गई। बेटे के लौटने पर घर खुला मिलने के साथ राखी गायब मिली।

## वी.सतीश कुमार ने संभाला इंडियन ऑयल अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली** । वी. सतीश कुमार ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडियन ऑयल) के अध्यक्ष के रूप में अतिरिक्त प्रभार संभाला है। वह निदेशक (विपणन) के रूप में अपनी भूमिका जारी रखते हुए समवर्ती रूप से अध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे, इस पद पर वह अक्टूबर 2021 से हैं। उन्होंने अक्टूबर 2022 से एक वर्ष की अवधि के लिए निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला, यह अवधि यूक्रेन-रूस संघर्ष के कारण भू-राजनीतिक तनाव की विशेषता थी।

35 वर्षों के लंबे करियर के साथ, वी. सतीश कुमार ने देश भर के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा की है और प्रमुख पदों पर कार्य किया है, जिससे इंडियन ऑयल ने पेट्रोलियम उत्पादों के विपणन में अपना नेतृत्व बनाए रखने के प्रयासों का नेतृत्व किया है।

उन्होंने बहुराष्ट्रीय तेल कंपनियों के साथ जुड़ने का भी व्यापक अनुभव प्राप्त किया है, वे इंडियन ऑयल और पेट्रोनास (मलेशिया) के संयुक्त उद्यम इंडियन ऑयल पेट्रोनास प्राइवेट लिमिटेड जो इंडियनऑयल की सहायक कंपनी है उसके गैर-कार्यकारी अध्यक्ष और इंडियन ऑयल मॉरीशस लिमिटेड के गैर-कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं।

## युवक के खाते से 25 हजार रु. निकाले

**जयपुर**। रामगंज थाना इलाके में एटीएम पर रुपए निकालने गए युवक की मदद के बहाने एटीएम कार्ड बदल लिया और उससे 25 हजार रुपए निकाल लिए। ठगी का पता पीड़ित को मोबाइल पर मैसेज आने पर लगा। पुलिस के अनुसार हनुमंत कॉलोनी निवासी मंगल सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह एक एटीएम पर रुपए निकालने गया था। वहां पर कुछ युवकों ने उसकी मदद की थी।

# गोत्र, वंश और परम्परा की अविच्छिन्न धारा है संतति : डॉ. हितेश जानी



डॉ. हितेश जानी ने रविवार को भारतीय अभ्युत्थान समिति के तत्वाधान में जयपुर के सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय में एक दिवसीय गर्भाधान संस्कार कार्यशाला को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने की।

**जयपुर**। गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर के पूर्व प्राचार्य डॉ. हितेश जानी ने कहा कि हमारी प्राचीन आयुर्वेद पद्धति से ही उत्तम संतति प्राप्त की जा सकती है। गोत्र, वंश और परम्परा की अविच्छिन्न धारा संतति है। आयुर्वेद में गर्भ संस्कार में गर्भणी परिचर्या के चार बिन्दुओं आहार, विहार सद्वृत और सुरक्षा के मायने हैं। उन्होंने कहा कि गर्भवती माता का भोजन, वस्त्रों का चयन, क्या सुनना, योगासन, व्यायाम और औपचारिक अवसरों पर सुनिश्चित नियमों और प्रक्रियाओं की व्यवस्था से मनचाही संतान प्राप्त करना संभव है। शिवाजी की माता जीजाबाई, भगवान कृष्ण की माता देवकी, भक्त प्रहलाद की माता देवी कयाधु और अभिमन्यु की माता सुभद्रा इसके उदाहरण है, जिन्होंने मनचाही संतानों को जन्म दिया।

डॉ. हितेश जानी रविवार को भारतीय अभ्युत्थान समिति के तत्वाधान में जयपुर के सवाई मानसिंह चिकित्सा महाविद्यालय में एक दिवसीय गर्भाधान संस्कार कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेश अग्रवाल ने की।

डॉ. जानी ने कहा कि गर्भ संस्कार और गर्भ विज्ञान का गहरा संबंध है। उन्होंने कहा कि उत्तम संतति की व्यवस्था विवाह से पहले शुरू हो जाती है। इसमें सगौत्र विवाह नहीं होना चाहिए। जेनेटिक रोगों से मुक्त संतान चाहिए तो सगौत्र विवाह वर्जित है। तक्षिशला विश्वविद्यालय के आयुर्वेदाचार्य जीवक के कार्य का स्मरण कराते हुए कहा भारत आज से हजारों साल पूर्व टेस्ट्यूब बेबी, सेरोगेट मदर जैसे विज्ञान में पारंगत था। जेनैटिक सांइस आयुर्वेद में है। जेनैटिक इंजिनियरिंग भी आयुर्वेद में है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व गुरु बनेगा अपने ज्ञान से हम हमारे ज्ञान से विश्व गुरु बनेगें दुनिया की समस्या को समझना पड़ेगा उसे हल भी हमें करना होगा। उन्होंने कहा लाइफ स्टाइल डिसआर्डर विश्व की सबसे बडी समस्या है। वह भारत की भी है हमें हमारी जीवन शैली में बहुत बड़ा परिर्वतन करना होगा ।

उन्होंने कहा हमारी जो विरासत है। हमारा जो साइंस है, खासकर जो आयुर्वेद है। आयुर्वेद में क्या नहीं है। हमें पता ही नहीं है, हमारे शास्त्रों में क्या है। आयुर्वेद यानि पुडी वाला शास्त्र, काडा वाला शास्त्र, ही नहीं, आयुर्वेद वेद है, ज्ञान का स्त्रोत है। उस ज्ञान के स्त्रोत से जो हमारी जीवनचर्या थी, उसे हम लगभग भूल चूके हैं, या उसके विरूद्ध जा रहे हैं। भारत विश्वगुरू जब ही बनेगा जब हम अपने ज्ञान और विरासत को सहेज कर नई पीढ़ी को अवगत कराएंगे।

## युवक से परेशान छात्रा ने लगाया फांसी का फंदा

**जयपुर** । मुहाना इलाके में युवक से परेशान होकर एक 12वीं क्लास की छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।पुलिस ने बताया कि मृतक छात्रा के पिता ने आरोपित लड़के के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया है। मृतका के पिता रामवतार जांगीड़ का फर्नीचर का बिजनेस है। मृतका की चार बड़ी बहने और एक छोटा भाई है। इनमें से तीन बड़ी बहनों की शादी हो चुकी है। बाकी सभी लोग घटना के वक्त घर से बाहर थे। पुलिस ने बताया कि अचरावाला सांगानेर निवासी 19 वर्षीय मोना 12वीं क्लास में पढ़ती थी। जिसने अपने कमरे में चुन्नी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के दौरान घर पर कोई नही था। परिजनों के घर लौटने पर कमरा अंदर से लॉक मिला। काफी खटखटाने व आवाज लगाने के बाद भी मोना ने कोई जवाब नहीं दिया। पडौसियों की मदद से धक्का देकर गेट खोला तो मोना फंदे से लटकी मिली। मोना के पिता ने विष्णु शर्मा नाम के लड़के के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज करवाया। पुलिस जानकारी में सामने आया है कि पिछले काफी समय से घर के पास स्थित श्याम धर्मकांटा पर बैठने वाला विष्णु शर्मा नाम का लड़का उसे परेशान कर रहा था। घर से निकलने पर पीछा करने के साथ ही मोबाइल पर बात करने का दबाव बनाता था। परेशान होकर मोना ने घरवालों को विष्णु शर्मा की करतूत बताई। बेटी के आपबीती सुनाने पर पिता रामवतार जांगिड़ ने विष्णु को बैठाकर समझाया।

## तीन किलो गांजे के साथ तस्कर पकड़ा

**जयपुर** । जयपुर कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने ऑपरेशन "क्लीन स्वीप" के तहत बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार के पास से गांजा 3 किलो 100 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एवं परिवहन में प्रयुक्त दुपहिया वाहन बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर पुलिस बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत सीएसटी ने बस्सी थाना इलाके में कार्रवाई करते हुए मादक पदार्थ गांजे की तस्करी करने वाले नरेन्द्र जाट निवासी उच्चैन जिला भरतपुर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नरेन्द्र यह गांजा भरतपुर के पास कारौठ गांव के रहने वाले राजवीर के पास से 24 हजार रुपये में खरीद कर जयपुर के जगतपुरा में बलराम नाम के व्यक्ति को देने जा रहा था।

# पत्नी व ससुराल वालों से परेशान युवक ने कीटनाशक पिया, अस्पताल में मौत

**हनुमानगढ़, (कासं)।** मैं अपनी जिंदगी से बहुत ज्यादा परेशान हूं। मेरी परेशानी की वजह मेरी पत्नी, उसके बच्चे और मेरे ससुराल पक्ष के लोग हैं। एक तो धोखे से शादी करके मुझे फंसाया उसके बाद रोज लड़ाई झगड़ा करने लगे। अलग-अलग तरह की डिमांड करने लगे। आठ पेज का सुसाइड नोट लिखकर रविन्द्र कुमार ने कीटनाशक स्प्रे पी लिया। युवक का 15 दिन से अस्पताल में इलाज चल रहा था। रात को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मामला हनुमानगढ़ के जंक्शन के वार्ड 52 झूलेलाल मंदिर के पास का है। युवक के पिता दीनदयाल ने बताया कि उसका बेटा 15 दिन तक जिंदगी और मौत से लड़ता रहा। अब उसने बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में दम तोड़ दिया। जंक्शन पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर युवक की पत्नी सहित ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। जंक्शन थाना पुलिस बीकानेर जाकर मृतक के शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंपेगी।

एसआई चुंका देवी ने बताया कि दीनदयाल पुत्र उद्धवदास निवासी वार्ड 52 झूलेलाल मंदिर के पास जंक्शन ने रिपोर्ट दी कि 31 अगस्त 2021 को उसके बेटे रविन्द्र कुमार (32) उर्फ रवि पुत्र दीनदयाल की दर्शना सोनी उर्फ दिव्या के साथ शादी हुई थी। दर्शना ने रविन्द्र को यह कहकर शादी की थी कि वह तलाकशुदा है और तुम भी कुंवारे हो। इसलिए उसके साथ शादी कर लो। रविन्द्र ने उसकी बातों पर विश्वास करके शादी कर ली।

जब रविन्द्र को पता चला कि दर्शना तलाकशुदा नहीं है, तो रविन्द्र ने एक मामला दर्शना और उसके परिवार के खिलाफ दर्ज करवाया था। एसआई ने बताया कि दर्शना और उसके पिता कृष्ण सोनी, माता ज्ञान देवी, उसका भाई नरेन्द्र सोनी और बहन ममता सोनी ने मिलकर रविन्द्र को परेशान करते थे और नाजायज रूपयों की मांग करते थे। रविन्द्र के जो रूपए और सोना पड़ा था। दर्शना और ससुराल वालों ने चोरी कर लिया। रविन्द्र के पास कुछ भी नहीं बचा था।

दर्शना उससे और रूपयों की मांग करती थी। उसे डराती धमकाती थी और झूठे मामले में फंसाने की धमकी देती थी। वह उससे हर समय लड़ती झगड़ती रहती थी और कहती थी कि तू मर जा, किसी काम का नहीं है।

युवक के पिता दीनदयाल ने बताया कि मेरे सामने रविन्द्र को मरने के लिए कई बार कहा। 15 अगस्त की रात को दर्शना ने रविन्द्र के साथ लड़ाई झगड़ा किया। रूपयों की मांग की। रूपए नहीं देने पर दर्शना झगड़ा करने लगी। जिससे रविन्द्र सारी रात परेशान रहा और सुबह उसने कीटनाशक स्प्रे पी लिया।

युवक के पिता दीनदयाल ने बताया कि 17 अगस्त को रविन्द्र को महावीर अस्पताल हनुमानगढ़ टाउन ले गए। जहां 5 दिन उसका इलाज चला, लेकिन तबीयत बिगड़ने के कारण 22 अगस्त 2024 को बीकानेर रेफर कर दिया। जिसे बीकानेर पीबीएम में भर्ती करवाया, जहां 31 अगस्त 2024 को रात करीब पौने 12 बजे रविन्द्र की मौत हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर बीएनएस की धारा 108 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




**युवक के आत्महत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजनों ने जंक्शन थाना के समक्ष प्रदर्शन किया।**

- **आठ पेज का सुसाइड नोट लिख कीटनाशक स्प्रे पी लिया था**
- **15 दिन से अस्पताल में इलाज चल रहा था, गत रात को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई**
- **पत्नी व ससुराल वाले उससे रूपयों की मांग करते थे**

## बिजली का बकाया बिल वसूली शुरू

**बीकानेर, (कासं)।** विद्युत निगम ने बकाया 162 करोड़ रूपए वसूलने के लिए अंतिम नोटिस देने के बाद अब घर-घर जाकर बकाया बिल वसूलने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

निगम के पास अब कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है। बकाया के चलते 57 हजार 429 उपभोक्ताओं के कनेक्शन पहले से काटे हुए हैं। ऐसे में अब बकाया जमा करवाने को लेकर आई एमनेस्टी स्कीम में 31 दिसम्बर 2023 तक के कटे सभी श्रेणी के विद्युत उपभोक्ता बकाया राशि बिना ब्याज/पेनल्टी के एकमुश्त जमा करा सकते हैं।

दिसम्बर तक बढ़ाई गई स्कीम से अधिकारियों में वसूली को लेकर उम्मीद जागी है। विभाग बकायादारों को स्कीम के बारे में जानकारी देकर रुपए जमा करवाने के लिए समझाने में जुटा है। मार्च 24 में छूट के वक्त 734 उपभोक्ताओं से चार करोड़ 73 लाख रूपए वसूले गए थे। इस बार अभी तक 226 उपभोक्ताओं से एक करोड़ 13 लाख रूपए जमा करवाए जा चुके है।

खास बात यह है कि योजना उन उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध नहीं है, जिन्होंने तीन वर्षों में इस योजना का लाभ लिया है। विद्युत निगम के एओ राजेन्द्र राजुपुरोहित ने बताया कि बकाया जमा करवाने को लेकर उपभोक्ताओं में रूझान बेहद कम है। बहुत से लोग गांव से ढाणियों में पलायन कर चुके हैं।

## सार-समाचार

### राजस्थानी युवा कवियों के सुर



**राजस्थानी युवा कविता के स्वर कार्यक्रम को वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र जोशी ने संबोधित किया।**

**बीकानेर,(कासं)।** सादुल राजस्थानी रिसर्च इंस्टीट्यूट, बीकानेर के तत्वावधान में समकालीन राजस्थानी युवा कविता के स्वर कार्यक्रम की तीसरी कड़ी का आयोजन रविवार को बीकानेर व्यापार उद्योग मंडल के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार कवि - कथाकार राजेन्द्र जोशी ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार-सम्पादक रवि पुरोहित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कवि -कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि अध्यक्षता करते हुए कवि-कथाकार राजेन्द्र जोशी ने कहा कि राजस्थानी भाषा में वर्तमान पीढ़ी सर्वाधिक संभावनाशील नजर आती है। जो पौराणिक कथाओं के साथ-साथ वर्तमान और भविष्य के सन्दर्भों को अपनी कविताओं में उपस्थित करते हैं। जोशी ने कहा कि युवाओं की राजस्थानी रचनाओं में स्थानीयता से लेकर वैश्वीकरण तक के विषय प्रमुखता में रहते हैं। जोशी ने कहा कि राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण है। मुख्य अतिथि साहित्यकार रवि पुरोहित ने कहा कि युवा कवियों को अपनी सर्जनात्मक प्रविधि में राजस्थानी मुहावरे, संस्कृति और मूल्य बोध को रचनाओं में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विषय और बुनगट के स्तर पर युवाओं को अतिरिक्त सावचेत रहना पड़ेगा। रविवार को आयोजित कार्यक्रम में राजस्थानी के तीन युवा कवियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से कार्यक्रम को उमंग और जोश से भर दिया

### पुणे एक्सप्रेस का मिरज पर ठहराव

**बीकानेर, (कासं)।** रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए बीकानेर-पुणे-बीकानेर साप्ताहिक एक्सप्रेस का 2 सितम्बर से पूना-गोवा रास्ते पर आने वाले स्टेशन मिरज पर ठहराव होगा। मिरज स्टेशन पर अब गाड़ी का स्थायी रूप से ठहराव होगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 20475 बीकानेर-मिरज साप्ताहिक एक्सप्रेस 2 सितंबर से बीकानेर से प्रत्येक सोमवार को 7:30 बजे रवाना होगी। बीकानेर से रवाना हुई गाड़ी मंगलवार को पुणे स्टेशन पर 7:35 बजे पहुंचेगी। यहां 10 मिनट रुकने के बाद मिरज के लिए गाड़ी रवाना हो जाएगी। जो दोपहर 1:45 बजे मिरज पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 20476 मिरज-बीकानेर साप्ताहिक एक्सप्रेस 3 सितंबर से मिरज से प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 2:25 बजे रवाना होकर पुणे स्टेशन पर शाम 8 बजे पहुंचेगी। वहां 10 मिनट ठहरने के बाद शाम 8:10 बजे रवाना होगी जो बुधवार को 8:40 बजे बीकानेर पहुंचेगी।

### नोखा में देर रात हुई रिमझिम बारिश

**नोखा, (कासं)।** एक सप्ताह के बाद बारिश का दौर शुरू हुआ। जिससे लोगों को तेज गर्मी और उमस से काफी राहत मिली है। कस्बे में अचानक देर रात से मौसम में बदलाव आया इसके बाद दक्षिण दिशा से काली घटाएं उमड़ी लेकिन मामूली बूंदाबांदी होकर एक बार बारिश रूक गई। पूर्व दिशा की ओर से आए घने काले बादलों से आसपास के गांवों में बरसात होने के बाद चली ठंडी हवा के बाद आमजन को राहत का एहसास हुआ। देर शाम को हल्की बूंदाबांदी का दौर शुरू हुआ है जिसके देर रात तक सड़कें भीग गई। वहीं हल्की बरसात जारी है। यह बारिश मोठ, बजारा, गवार, मूंगफली और फसलों के लिए वरदान साबित होगी। साथ ही किसानों को इस बार अच्छा जमाना होने के भी आसार बन गए है। बरसात होने के बाद नोखा से रूणिचा के लिए पैदल रवाना हुए यात्रियों को भी तेज गर्मी और उमस से काफी राहत मिलेगी। लोग बारिश का आनंद लेने घरों से निकल गए हैं। वहीं चाट पकौड़ी की दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखाई दी।

### गर्ल्स कॉलेज में 21 पदों की मंजूरी

**अनूपगढ़, (कासं)।** राजस्थान सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में जारी आदेश के अनुसार राज्य के 3 नव स्थापित सरकारी गर्ल्स कॉलेजों में 63 नए पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति निम्न हेड-चित्तौड़गढ़, चाढ़ो की ढाणी (सिणधरी ) बालोतरा और अनूपगढ़ में स्थापित किए गए गर्ल्स कॉलेज के लिए दी गई है। इन महाविद्यालयों में 21-21 पदों की स्वीकृति दी गई है, जिनमें प्राचार्य, सहायक आचार्य, शारीरिक शिक्षक, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, वाणिज्यिक सहायक, प्रयोगशाला सहायक, वाहन चालक, और अन्य कर्मचारी शामिल हैं। यह स्वीकृति इन महाविद्यालयों की शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से दी गई है। नए कॉलेजों में समुचित संख्या में स्थायी स्टाफ की उपलब्धता तक, सरकार ने विद्या संबल योजना के तहत अस्थायी रूप से विशेषज्ञों और शिक्षकों की नियुक्ति की अनुमति दी है। इस योजना के अंतर्गत, विशेष योग्यता और अनुभव रखने वाले व्यक्तियों को गेस्ट फैकल्टी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। जिससे शिक्षण कार्य में किसी प्रकार की रूकावट नहीं आयेगी। सरकार के द्वारा जारी आदेश के अनुसार कॉलेजों में लैब, वाहन, कंप्यूटर आदि के लिए आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए भी विद्या संबल योजना का उपयोग किया जा सकता है। इससे नए कॉलेजों की शैक्षणिक गतिविधियों में निरंतरता बनी रहेगी और विद्याथिर्यों की शिक्षा प्रभावित नहीं होगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इन पदों पर स्थाई नियुक्तियों की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जायेगी। भामाशाह और भाजपा नेता मोहित छाबड़ा ने कहा कि अनूपगढ़ में कन्या महाविद्यालय बनने से क्षेत्र की बालिकाओं की शिक्षा के लिए अच्छे अवसर मिलेंगे।

# रामदेवरा पदयात्रियों के बैग टीशर्ट पर लगाए रेडियम स्टीकर

**नोखा, (कासं)।** नोखा कस्बे के जैन चौक से बाबा रामदेव के दर्शन करने के लिए नवयुवक संघ लगातार 31 वीं बार रवाना हुआ। नोखा से प्रतिवर्ष हजारों पैदल यात्री रूणिचा धाम दर्शन के लिए जाते हैं। इन पदयात्रियों की सुरक्षा के लिए पहली बार नोखा पुलिस और मीडिया ने एक नवाचार किया है जिसमें पदयात्रियों और सेवादारों के रेडियम स्टीकर लगाये गए हैं जो रात्रि के समय सड़क हादसों से बचने का कार्य करेंगे।

अभियान में प्रत्येक यात्री की पीठ पर लटके बैग, बनियान, टीशर्ट पर रेडियम का लाल कलर का स्टीकर लगाया जा रहे हैं ताकि रात्रि के समय पद यात्रा आराम से यात्रा कर सकें। पैदल यात्री संघ के सदस्यों और सेवादारों ने पुलिस और इस मीडिया के शुरू किए गए नवाचार की सराहना की है। संघ को रवाना करते हुए सीओ हिमांशु शर्मा ने रामदेवरा पदयात्रियों से

- **हादसों से पदयात्रियों को बचाने के लिए पुलिस का नवाचार**

**गणपति सजा रहे जोधपुर- जालोर के कलाकार :** गणेश चतुर्थी में अब महज एक सप्ताह का समय शेष है। ऐसे में गणपति की प्रतिमाएं बनाने वाले कलाकार भी एक्टिव हो गए हैं। श्रीगंगानगर में गणेश प्रतिमाएं बनाने के लिए जोधपुर और जालोर के कलाकार आए हैं। ये कलाकार गणपति की ऐसी शानदार प्रतिमाएं तैयार कर रहे हैं कि देखने वाले की नजरें ही ठहरी जा रही हैं। इनमें करीब छह से सात फीट ऊंची प्रतिमाएं हैं वहीं छह इंच ऊंचाई वाली प्रतिमाएं भी हैं।

ये कलाकार बताते हैं कि उन्होंने मार्च से गणेश उत्सव के लिए तैयारी शुरू कर दी थी। प्लास्टर ऑफ पेरिस और मिट्टी की अलग-अलग प्रतिमाएं तैयार की गई। प्लास्टर ऑफ पेरिस की प्रतिमाएं विसर्जन के बाद पानी में पूरी तरह से गल नहीं पाती है। ऐसे में ज्यादा डिमांड शुद्ध मिट्टी से बनी प्रतिमाओं की है। इन प्रतिमाओं का विसर्जन भी लोग अपने घरों में ही पौधों में कर लेते हैं।

श्रीगंगानगर में हनुमानगढ़ रोड पर मूर्तियां बना रहे कारीगरों ने बताया कि मार्च में उन्होंने इसके लिए शुरूआत कर दी थी। अब लोग मिट्टी की ईको फ्रेंडली मूर्तियों की डिमांड खूब कर रहे हैं। इसी को देखते हुए छोटे से बड़े आकार में मिट्टी की मूर्तियां तैयार की गई हैं। गणपति की कई मूर्तियों को कपड़े और गहने भी पहनाए गए हैं।

ये कारीगर बताते हैं कि बरसात में पानी से बचाव के लिए भी लगातार प्रयास करते हैं। पूरे परिवार सहित यहां मेहनत करते हैं। कारीगर अमृतलाल ने बताया कि उनके यहां गणपति उत्सव पर मिट्टी की मूर्तियों की डिमांड रहती है।

## 43 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** जिले की हिन्दुमलकोट थाना पुलिस ने 43 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों युवक अपने उपयोग के लिए ही नशा लेकर घूम रहे थे। पुलिस को इस इलाके में युवकों के हेरोइन लाने की सूचना मिली थी।

इस पर सब इंस्पेक्टर सीर कौर के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। गांव कोठां से गांव खखां रोड पर आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखी गई। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस टीम को देखते ही ये लोग घबरा गए। उनके चेहरे के हाव-भाव देखकर पुलिस को शक हुआ। इस पर इन्हें रोककर तलाशी ली तो इनके पास 43 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

शुरूआती पूछताछ में आरोपी गांव खखां के लखविंदर सिंह पुत्र सोहनसिंह और रवि पुत्र प्रीतम सिंह ने बताया कि वे खुद ही नशे का उपयोग करते हैं। एसआई सीर कौर ने बताया कि आरोपी श्रीगंगानगर जिले के खखां इलाके के ही हैं। इनसे पूछताछ की जा रही है। मोटरसाइकिल जब्त कर ली गई है।

# हार्डकोर अपराधी डेलू को राजपासा में जेल

**बीकानेर, (कासं)।** लूट, हत्या और डकैती सहित कई मामलों में लिप्त रहे हार्डकोर अपराधी कमल डेलू को पुलिस ने राजपासा के तहत जेल में डाल दिया है।

राजस्थान असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 2006 के तहत उस पर कार्रवाई करते हुए अदालत में इस्तगासा पेश किया गया था। जिस पर स्वीकृति मिलते ही शनिवार को उसे जेल पहुंचा दिया। बीकानेर के गजनेर रोड स्थित चुंगी चौकी पर भूतनाथ मंदिर के पास रहने वाले कमल डेलू को गिरफ्तार किया गया है। ये कार्रवाई नयाशहर पुलिस की ओर से की गई है।

आरोप है कि कमल डेलू रावताराम स्वामी गैंग का मुख्य सदस्य है जो पुलिस थाना नयाशहर का हिस्ट्रीशीटर व जिले का हार्डकोर अपराधी है। कमल के खिलाफ लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, फिरौती व अवैध हथियार के गंभीर प्रकरण दर्ज है। इसके विरूद्ध पुलिस अधीक्षक ने राजस्थान असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम, 2006 के तहत जिला मजिस्ट्रेट बीकानेर के समक्ष इस्तगासा पेश किया। जिनके द्वारा धारा (3) राजपासस एक्ट के तहत कार्रवाई हुई है। अदालत की ओर से कमल डेलू को निरूद्ध करने के आदेश जारी किए गये है, जिसकी पालना में गिरफ्तार कर केन्द्रीय कारागृह बीकानेर में भेजा गया है। कमल डेलू पुत्र जगदीश बिश्नोई का पुलिस थाना नयाशहर का आपराधिक रिकॉर्ड है। उसके खिलाफ बीकानेर, जैसलमेर, जोधपुर, फलौदी, बाडमेर सहित कई जिलों में हत्या, लूट और डकैती के मामले दर्ज है।

- **डेलू के खिलाफ लूट, डकैती, हत्या के प्रयास, फिरौती व अवैध हथियार के गंभीर प्रकरण दर्ज है**

# बीकानेर की लाडली डॉ आकृति यूपी में सम्मानित

**बीकानेर, (कासं)।** भारतीय कृषि खाद्य परिषद द्वारा लखनऊ में उत्तर प्रदेश स्टेट एग्रीकल्चर कानक्लेव एंड यूपी स्टेट एग्री अवार्ड 2024 का आयोजन किया गया।

गायत्री परिवार ट्रस्टी व मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सारस्वत ने बताया कि उत्तरप्रदेश स्टेट एग्रीकल्चर कानक्लेव एंड यूपी स्टेट एग्री अवार्ड सेरेमनी में बीकानेर की डॉ आकृति शर्मा को प्रतिष्ठित एंटरप्रोन्यर लीडरशीप पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उन्हें यह पुरस्कार यूपी कृषि खाद्य परिषद चेयरमैन मुकेश सिंह व निदेशक तुषार शर्मा की उपस्थिति में उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने प्रदान किया। उद्यमिता के क्षेत्र में डॉक्टर शर्मा के अतुलनीय योगदान के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया गया है। वर्तमान में नई दिल्ली के पूसा संस्थान में वैज्ञानिक एवं पूसा कृषि के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के पद पर कार्यरत डॉ आकृति शर्मा बीकानेर डूंगर कालेज के प्रिंसिपल रहे डॉ प्रेम रतन ओझा की पुत्रवधू तथा सुदर्शना नगर निवासी कृषि अधिकारी राजेन्द्र शर्मा व शिक्षाविद मधुबाला शर्मा की पुत्री हैं।

डॉ आकृति द्वारा देश में बीकानेर जिले का नाम रोशन करने पर गायत्री परिवार प्रबंध ट्रस्टी पवन कुमार ओझा, ट्रस्टी देवेन्द्र सारस्वत, करनीदान चौधरी, कुटुंब प्रबोधन गतिविधि विभाग प्रमुख अशोक वशिष्ठ तथा शोभा सारस्वत ने प्रसन्नता जताई है।

## कलश यात्रा में उमड़ा उत्साह

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** पुरानी आबादी के श्रीकृष्ण मंदिर के वार्षिकोत्सव के उपलक्ष में रविवार को शोभायात्रा निकाली गई। यहां श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के बाद से लगातार आयोजन हो रहे हैं। रविवार सुबह शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

मंदिर परिसर से निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरूष शामिल हुए। शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए। वहीं महिलाएं सिर पर कलश धारण करके शोभायात्रा में शामिल हुई। मंदिर में सोमवार से अयोध्या के आशुतोष महाराज कथा करेंगे। शोभायात्रा में एक बग्घी पर सवार कथा वाचक आशुतोष महाराज भी शामिल हुए। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस मंदिर परिरसर पहुंची।

# विद्युत सुदृढ़ीकरण के लिए एक करोड़ के कार्य स्वीकृत

**बीकानेर, (कासं)।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा के प्रयासों से लूणकरनसर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विद्युत सुदृढ़ीकरण और आपूर्ति सुचारू करने के लिए विद्युत विभाग द्वारा करीब एक करोड़ रूपए के कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

खाद्य मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि इन कार्यों में हापासर गांव के लिए नई लाइन बिछाने न्यू फीडर से जोड़ने और अतिरिक्त क्षमता के लिए ट्रांसफार्मर लगवाने सहित अन्य स्वीकृति जारी की गई है। हापासर में विद्युत सुदृढीकरण के लिए 10 लाख 51 हजार खर्च होंगे। गोदारा ने बताया कि हापासर में 9 किलोमीटर लम्बी नई लाइन तीन ट्रांसफार्मर तथा न्यू फीडर के लिए 10 लाख 51 हजार रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इस कार्य के पूर्ण होने से क्षेत्र वासियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी साथ ही वोल्टेज उतार चढ़ाव के कारण होने वाली समस्याओं से भी निजात मिलेगी। हापासर के ग्रामीण लम्बे समय से नये ट्रांसफार्मर और न्यू फीडर की मांग कर रहे थे उनकी मांग पर यह कार्य स्वीकृत करवाया गया है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने बताया कि आरडीएसएस स्कीम के तहत 12 अन्य स्थानों पर अतिरिक्त क्षमता के नए ट्रांसफॉमर्स स्वीकृत किए गए हैं। गोदारा ने बताया कि भादवा धीरेराए नौरंगदेसर रासीसर मार्ग कालू में 100 केवीए ट्रांसफॉर्मर खोखराना बींछरवाली कागासर एन एच 62 नर्सरी के पास वार्ड संख्या 4 तथा अर्जुनसर में 63 केवीए ट्रांसफॉर्मर जसवंतपुर में 40 केवीए ट्रांसफार्मर की स्वीकृति जारी की गई है। इसके अतिरिक्त लूणकरनसर के विश्वकर्मा मार्केट में 160 केवीए क्षमता के ट्रांसफार्मर हेतु स्वीकृति जारी की गई है। उन्होंने बताया कि स्वीकृत किए गए कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर आमजन को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।

- **हापासर में तीन ट्रांसफार्मर तथा न्यू फीडर की मंजूरी**

# कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ देखे सर्कल्स, चौराहे और उद्यान

**बीकानेर, (कासं)।** जिला कलेक्ट नम्रता वृष्णि ने रविवार को नगर निगम, नगर विकास न्यास और सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न चौराहों, सर्कल्स और मुख्य मार्गों का अवलोकन किया तथा इनके सौन्दर्यकरण, पौधारोपण, साफ-सफाई और रखरखाव व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर सर्किट हाउस के सामने तथा गांधी पार्क के आगे खाली जगह पर साफ-सफाई और पौधारोपण के लिए कहा। उन्होंने तेस्सीतोरी पार्क का अवलोकन किया तथा कहा कि इसका उचित रखरखाव किया जाए। उन्होंने जय नारायण व्यास कॉलोनी स्थित मूर्ति सर्किल, पंचसती सर्किल तथा मेजर पूर्ण सिंह सर्किल के सौन्दर्यकरण की संभावनाओं को देखा।

साथ ही व्यास कॉलोनी स्थित डायनासोर पार्क का अवलोकन भी किया। उन्होंने कहा कि शहर के ऐसे सार्वजनिक उद्यानों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई जाए तथा इन उद्यानों को और अधिक बेहतर बनाने की दिशा में कार्य हो। जिला कलेक्टर ने रानी बाजार औद्योगिक क्षेत्र की पांच नंबर रोड का निरीक्षण भी किया। उन्होंने कहा कि इस रोड को आदर्श रोड के रूप में विकसित किया जाए। यहां साफ-सफाई, सर्कल और डिवाइडर निर्माण जैसे कार्य हो। इस दौरान जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष डी.पी. पचीसिया मौजूद थे। जिला कलेक्टर ने म्यूजियम परिसर स्थित राजकीय गंगा संग्रहालय तथा राजकीय सार्वजनिक मंडल पुस्तकालय का अवलोकन किया। उन्होंने म्यूजियम परिसर में संकलित ऐतिहासिक और पुरा महत्व की वस्तुओं को देखा और कहा कि अधिक से अधिक लोगों को उनके अवलोकन के लिए प्रेरित किया जाए। जिससे इनकी जानकारी आमजन को हो सके। साथ ही विदेशी पर्यटकों को भी इसका अवलोकन करवाने के लिए टूरिस्ट गाइड्स को निर्देशित करने का कहा। उन्होंने सभी दीर्घाओं का अवलोकन किया तथा इनके ऐतिहासिक परिपेक्ष के बारे में जाना। उन्होंने म्यूजियम से जुड़ी बजट घोषणा के क्रियान्वयन की प्रगति के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि इसे सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म्स के माध्यम से इसे प्रचारित करने को कहा।



**बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने अधिकारियों के साथ सर्कल्स, चौराहों और मुख्य मार्गों का अवलोकन किया।**

- **साफ-सफाई, सौन्दर्यकरण और रखरखाव के निर्देश दिए**

# पर्युषण महापर्व का प्रथम दिवस खाद्य संयम दिवस के रूप में मनाया

**बीकानेर, (कासं)।** जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा गंगाशहर के तत्वावधान में तेरापंथ भवन में युगप्रधान आचार्य महाश्रमण की सुशिष्या साध्वी चरितार्थ प्रभा एवं साध्वी प्रांजल प्रभा के पावन सानिध्य में आज पर्युषण महापर्व का प्रथम दिवस खाद्य संयम दिवस के रूप में मनाया गया।

इस अवसर पर साध्वी चरितार्थ प्रभा ने अपने मंगल उद्बोधन में तीर्थंकर भगवान की स्तुति करते हुए कहा कि एक जैसा जीवन व्यक्ति को पसंद नहीं होता है। नवीनता, उत्साह व उमंग लाने के लिए समय-समय पर पर्व मनाए जाते हैं। पर्युषण महापर्व बाहर की दुनियां से भीतर की दुनियां में प्रवेश करने का महापर्व है। आसक्ति से अनासक्ति, वासना से उपासना, राग से विराग की ओर प्रस्थान ही पर्युषण है।

साध्वी ने इतिहास के अनेक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि पर्युषण काल में जप, तप, सामायिक, मौन, त्याग व तपस्या के साथ-साथ मोबाइल का वर्जन भी करें। यह समय आत्मा के उत्थान हेतु साधना में लगे ऐसा प्रयास करना चाहिए। साध्वी प्रांजल प्रभा ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्युषण महापर्व पर्वों में अनुत्तर है, सर्वोत्तम है। इस पर्व में धर्म का पोषण होता है। यह आत्म शुद्धि का प्रेरक पर्व है, अत: इसे महापर्व कहते हैं। पर्युषण पर्व व्यक्ति के शुद्ध भावों को बढ़ाने वाला तथा विकारी भावों को घटाने वाला है। पर्युषण पर्व मनाने का उद्देश्य आत्म कल्याण करना है। इसमें अहिंसा की चेतना व अध्यात्म की चेतना का जागृत करना है।




**जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा गंगाशहर में पर्युषण महापर्व कार्यक्रम को साध्वी चरितार्थ प्रभा ने संबोधित किया।**



मैं बस खेलना चाहता हूं, और कोशिश करना चाहता हूं और टीम के लिए अपना काम करना चाहता हूं और जितना हो सके उतना रन बनाना चाहता हूं। साथ ही देखना चाहता हूं कि हम कहां पहुंचते हैं। - जो रूट

इंग्लैंड क्रिकेटर, लॉर्ड्स टेस्ट की दूसरी पारी में शतक ठोकने के बाद बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## मनीषा रामदास



भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाडी मनीषा रामदास ने रविवार को पेरिस पैरालिंपिक 2024 की महिला एकल एसयू5 क्यूएफ स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए जापान की मामिको टोयोडा को 2-0 से हराया। इसी के साथ उन्होंने इस स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां मनीषा ने अपनी जीत के सिलसिले को जारी रखते हुए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में जापानी खिलाडी को 21-13, 21-16 से हराया। इससे पहले मनदीप कौर को एसएल3 की क्वार्टर फाइनल स्पर्धा में नाइजीरिया की मरियम बोलाजी के खिलाफ सीधे सेटों में 8-21, 9-21, 2-0 से हार गईं।

**क्या आप जानते हैं ?...** 1958 में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में मिल्खा सिंह ने 400 मीटर की दौड़ में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। इस रिकॉर्ड को आज तक कोई भी भारतीय नहीं तोड़ पाया।

## पीएम मोदी ने भारतीय पैरा एथलीट्स से की बात

नई दिल्ली, 1 सितंबर। पीएम मोदी ने रविवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 में पदक जीतने वाले एथलीट्स से फोन पर बात की और उनके प्रयासों को सराहा। अधिकारियों के अनुसार, पीएम ने इस दौरान मोना अग्रवाल, प्रीति पाल, मनीष नरवाल और रुबीना फ्रांसिस से बात की। इस दौरान पीएम ने सभी एथलीट्स को बधाई दी और कहा कि उन्होंने अपने प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित किया है। वहीं अधिकारियों ने बताया कि पीएम मोदी ने अवनि लेखरा को उनके आगे की स्पर्धा के लिए शुभकामनाएं दी। बता दें कि, इस दौरान अवनि पीएम से बात नहीं कर पाईं क्योंकि उनके अन्य स्पर्धा में हिस्सा ले रही थीं। भारत ने पेरिस पैरालंपिक में अब तक पांच पदक अपने नाम किए हैं। जिसमें एक गोल्ड पदक भी शामिल है। अवनि लेखरा ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एचएच 1 स्पर्धा में भारत को गोल्ड मेडल दिलाया था। जबकि मोना ने इसी स्पर्धा का कांस्य अपने नाम किया था। वहीं, पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच 1 स्पर्धा में मनीष नरवा ने रजत पदक जीता था। इसके अलावा प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर टी35 स्पर्धा और रुबीना फ्रांसिस ने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच 1 में कांस्य पदक जीता।

## रामकृष्ण, अवनि, सिद्धार्थ मिश्रित निशानेबाजी स्पर्धा से हुए बाहर

पेरिस, 1 सितंबर। भारतीय निशानेबाज श्रीहर्ष देवरेड्डी रामकृष्ण रविवार को पेरिस पैरालंपिक खेलों की निशानेबाजी स्पर्धा के मिश्रित 10 मीटर एयर राफइल प्रोन एसएच2 में फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। रामकृष्ण ने क्वालीफायर राउंड में 630.2 अंकों के साथ 26वें स्थान पर रहे एवं पैरालंपिक अभियान से बाहर हो गए। इससे पहले भारतीय पैरा निशानेबाज अवनि लेखरा और सिद्धार्थ बाबू रविवार को पैरा निशानेबाजी की मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन एसएच1 क्वालिफिकेशन से बाहर हो गई थी। मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन एसएच1 निशानेबाजी स्पर्धा जीतने वाली अवनी 632.8 के स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रहीं। सिद्धार्थ 628.3 अंकों के साथ 28वें स्थान मिला। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह अवनि ने 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 वर्ग की स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता था।

## नौकायान : अनीता और नारायण की जोड़ी फाइनल में हारी

पेरिस, 1 सितंबर। भारतीय नौकायान की मिश्रित युगल जोड़ी अनीता और के नारायण को रविवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की रोइंग पीआर3 मिश्रित युगल की स्पर्धा के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। आज खेले गए मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने फाइनल बी में 8:16.96 के समय के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया और कुल मिलाकर आठवां स्थान पर रही। इस हार के साथ इन दोनों का पैरालंपिक में अभियान समाप्त हो गया। अनीता और के. नारायण ने पहली बार पैरालंपिक में देश का प्रतिनिधित्व किया था।

## मिराज के पैरों में फंसी गेंद तो रिजवान ने की फनी हरकत

नई दिल्ली, 1 सितंबर। पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरा टेस्ट मैच रावलपिंडी के मैदान पर खेला जा रहा है। रविवार को मुकाबले के तीसरे दिन पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने एक फनी हरकत की। उन्होंने मेहदी हसन मिराज के साथ कुछ ऐसा किया, जिसे देखकर शायद आप भी मुस्कुरा दें। यह नजारा अबरार अहमद द्वारा डाले गए 30वें ओवर में देखने को मिला, जिसका वीडियो पीसीबी ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। दरअसल, मिराज ने 30वें ओवर की चौथी गेंद को डिफेंड किया। गेंद उनके पैरों में फंस गई। मिराज को लगा कि गेंद दूर गई है तो वह इधर-इधर देखने लगे। तभी रिजवान पीछे से आए और मस्ती करते हुए बांग्लादेशी खिलाड़ी को हटाने की कोशिश की। मिराज ने अपनी जगह खड़े रहने का प्रयास किया। इसके बाद, रिजवान और मिराज हंसने लगे। रिजवान ने गेंद उठाकर अबरार की ओर फेंक दी। रिजवान ने मिराज को लगे भी लगाया। बता दें कि मिराज ने तीसरे दिन मुश्किल हालात में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने 124 गेंदों में 78 रन की पारी खेली, जिसमें 13 चौके और एक छक्का शामिल है। मिराज ने लिटन दास के साथ सातवें विकेट के लिए 165 रन की मजबूत पार्टनरशिप की थी। लिटन ने 228 गेंदों का सामना किया और 138 रन जुटाए। उन्होंने 13 चौके और 4 सिक्स ठोके थे। यह उनके टेस्ट करियर का चौथा और पाकिस्तान के खिलाफ दूसरा शतक है।

## देश के चार हिस्सों में खेला जायेगा इंटरकॉन्टिनेंटल कप

हैदराबाद, 1 सितंबर। इंटरकॉन्टिनेंटल कप टूर्नामेंट का मंगलवार से शुरु हो रहा चौथा संस्करण देश के चार अलग-अलग हिस्सों में खेला जायेगा। तीन से नौ सितंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 16 साल बाद हैदराबाद में आयोजित होगा। जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में तेलंगाना मॉरीशस और सीरिया की मेजबानी करेगी। इसके अलावा मुंबई, अहमदाबाद और भुवनेश्वर में मैच खेले जायेंगे। नवनियुक्त मुख्य कोच मनोलो मार्केज के नेतृत्व में पिछले अनुभवों को भूला कर भारतीय फुटबॉल टीम नई शुरुआत करेंगी। उनका लक्ष्य अगले साल मार्च में होने वाले क्वालीफाई मुकाबलों के जरिए भारतीय टीम को एएफसी एशियाई कप 2027 के लिए क्वालीफाइ करना है।



## डब्ल्यूबीबीएल में छह भारतीय क्रिकेट महिला खिलाड़ी चयनित

नई दिल्ली, 1 सितंबर। 27 अक्टूबर से शुरू होने वाली आगामी महिला बिग बैश लीग में भारत की 6 महिला क्रिकेटर्स को चुना गया है। इस लिस्ट में टीम इंडिया की उपकप्तान स्मृति मंधाना को एडिलेड स्ट्राइकर्स ने पहले ही मंधाना के साथ अनुबंध कर लिया था। दयालन हेमलता पर्थ स्कॉर्चर्स की टीम से जुड़ेंगी। टॉप क्रम की ये बल्लेबाज पहली बार इस लीग का हिस्सा होंगी।

विकेटकीपर-बल्लेबाज यास्तिका भाटिया भी में डेब्यू करेंगी। वह मेलबर्न स्टार्स टीम के साथ जुड़ेंगी। भारतीय हरफनमौला दीप्ति शर्मा भी इस टीम का हिस्सा है। तेज गेंदबाजी के साथ बल्ले से योगदान देने के लिए जानी जाने वाली शिखा पांडे को ब्रिसबेन हीट ने चुना है। वह पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगी क्योंकि वह भारत की टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह ब्रिसबेन हीट की टीम में जेमिमा रोड्रिग्स के साथ शामिल हुईं हैं। डब्ल्यूबीबीएल 27 अक्टूबर को एडिलेड में एडिलेड स्ट्राइकर्स और ब्रिसबेन हीट के बीच मैच के साथ सुरू होगा।

## एशियाई संघ ने आईबीए के पक्ष में मतदान किया, मुक्केबाजी का भवष्यि अधर में लटका

नई दिल्ली, 1 सितंबर। मुक्केबाजी का ओलंपिक में भविष्य पहले ही अधर में लटका है और अब इस खेल की एशियाई संचालन संस्था ने निलंबित अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) के पक्ष में मतदान करके उसकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। गुप्त मतदान के जरिए किए गए मतदान में 21 देशों ने आईबीए के साथ बने रहने के पक्ष में जबकि 14 देशों ने इस खेल के संचालन के लिए गठित की गई नई संस्था वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने के पक्ष में मतदान किया।

भारत के अलावा जिन अन्य देशों ने मतदान में भाग लिया उनमें बहरीन, भूटान, ब्रुनेई, कंबोडिया, चीन, चीनी ताइपे, तिमोर लेस्ते, हांगकांग, इंडोनेशिया, ईरान, इराक, जापान, जॉर्डन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, लाओस, लेबनान, मकाऊ, मलेशिया, म्यांमार, नेपाल, पाकिस्तान, फिलिस्तीन, फिलीपींस, कतर, सऊदी अरब, सिंगापुर, श्रीलंका, सीरिया, ताजिकिस्तान, थाईलैंड, तुर्कमेनिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान, वियतनाम और यमन शामिल थे। भारत ने पर्यवेक्षक के रूप में भाग लिया।



आईबीए का अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के साथ विवाद चल रहा है। आईओसी ने तोक्यो और पेरिस खेलों के लिए ओलंपिक क्वालीफिकेशन प्रक्रिया की जिम्मेदारी संभाली थी। एशियाई मुक्केबाजी परिसंघ (एएसबीसी) का वर्ल्ड बॉक्सिंग में शामिल होने से इनकार करने के इस फैसले के बाद लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में मुक्केबाजी को शामिल करने को लेकर परेशानियां बढ़ गई हैं।

## हरमनप्रीत को नहीं मिला डब्ल्यूबीबीएल में अनुबंध

सिडनी, 1 सितंबर। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को ऑस्ट्रेलिया में खेली जाने वाली वींमस बिश बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) के आगामी सत्र में किसी भी टीम से कोई अनुबंध नहीं मिला है। हरमनप्रीत की पुरानी टीम मेलबर्न रेनेगेड्स के पास उन्हें खरीदने का अवसर था लेकिन उन्होंने हरमनप्रीत का चयन नहीं किया। लीग के आगामी सत्र में जेमिमाह रॉड्रिग्स, दीप्ति शर्मा सहित कुल छह भारतीय खिलाड़ी भाग लेगी। डब्ल्यूबीबीएल ड्राफ्ट में कुल पांच भारतीय खिलाड़ियों को चुना गया है।

रॉड्रिग्स को ब्रिस्बेन हीट ने अपनी टीम में शामिल किया जबकि दीप्ति को मेलबर्न स्टार्स ने अपने साथ जोड़ा। रॉड्रिग्स और दीप्ति दोनों को उनकी टीमों ने प्लेटिनम राउंड में खरीदा किया। दूसरे राउंड में शिखा पांडे को ब्रिस्बेन हीट ने अपने 15वें पिक खिलाड़ी के तौर पर ड्राफ़्ट कर लिया। रॉड्रिग्स और शिखा दोनों ही डब्ल्यूपीएल (दिल्ली कैपिटल्स) और डब्ल्यूसीपीएल (ट्रिनबैगो नाइट राइडर्स) की टीम मेट जेस जॉनासन के साथ खेलती नज़र आएंगी।

## युवराज सिंह के पिता योगराज ने धोनी पर लगाए गंभीर आरोप

### बेटे को भारत रत्न देने की मांग की

नई दिल्ली, 1 सितंबर। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने एक बार फिर से एमएस धोनी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि धोनी ने उनके बेटे युवराज सिंह का क्रिकेट करियर बर्बाद कर दिया। उन्होंने कहा कि वह भारत के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज धोनी को कभी माफ नहीं करेंगे क्योंकि उनका बेटा टीम के लिए टीम के लिए 5-6 साल और खेल सकता था।

युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह पहले भी अपने बेटे के क्रिकेट करियर में गिरावट के लिए एमएस धोनी को जिम्मेदार ठहराते रहे हैं। इस बार भी उन्होंने धोनी पर निशाना साधने से परहेज नहीं किया। योगराज सिंह ने कहा कि धोनी को आईने में अपना चेहरा देखना चाहिए।




उन्होंने कहा कि धोनी इतना बड़ा क्रिकेटर है, लेकिन उसने युवराज सिंह के साथ कुछ भी अच्छा नहीं किया। जी स्विच यूट्यूब चैन से बात करते हुए योगराज ने कहा कि मैं एमएस धोनी को माफ नहीं करूंगा और उसे आईने में अपना चेहरा देखना चाहिए। योगराज ने आगे कहा कि वह बहुत बड़ा क्रिकेटर है, लेकिन उसने मेरे बेटे के खिलाफ जो कुछ किया है। वह सब अब सामने आ रहा है, उसे जीवन में कभी माफ नहीं किया जा सकता।

## वर्ल्ड रिकॉर्ड बनने पर आयूष बडोनी को नहीं था यकीन



नई दिल्ली, 1 सितंबर। उत्तरी दिल्ली स्ट्राइकर्स के खिलाफ रिकार्ड 19 छक्के लगाने वाले साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के कप्तान आयुष बडोनी का मानना है कि दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) मैच में अपनी शानदार टाइमिंग के दम पर वह 55 गेंद में 165 रन की रिकॉर्डतोड़ पारी खेलने में सफल रहे। दायें हाथ के 24 साल के इस खिलाड़ी की ताबड़तोड़ पारी के दम पर साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स ने शनिवार को खेले गे मैच को 112 रन से जीतकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया।

बडोनी ने इस दौरान सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य (120) के साथ दूसरे विकेट के लिए 286 रन की साझेदारी कर टी20 क्रिकेट का नया रिकॉर्ड बनाया। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए खेलने वाले बडोनी ने 19 छक्के जड़े जो टी20 क्रिकेट का नया रिकॉर्ड है। टी20 मैच की किसी पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड इससे पहले संयुक्त रूप से वेस्टइंडीज के क्रिस गेल और एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम था। दोनों बल्लेबाजों ने एक समान 18 छक्के लगाये थे।

बडोनी से 'पीटीआई-वीडियो' से कहा, " मैं बस गेंद को अच्छी तरह से हिट करने पर ध्यान दे रहा था, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं एक पारी में 19 छक्के लगाऊंगा। मैं सिर्फ गेंद की टाइमिंग पर ध्यान देता हूं और गेंद को जोर से मारने की कोशिश नहीं करता।" इस पारी के बाद आईपीएल की आगामी मेगा नीलामी में बडोनी के लिए कई फ्रेंचाइजी टीमें बोली लगाएंगीं। इस युवा बल्लेबाज ने कहा, " मैं अभी (आईपीएल) मेगा नीलामी के बारे में नहीं सोच रहा हूं। एक कप्तान के तौर पर मेरा ध्यान फिलहाल डीपीएल जीतने पर है।"

## मोहम्मद अमान 18 साल में बने भारतीय अंडर-19 टीम के कप्तान

नई दिल्ली, 1 सितंबर। बीसीसीआई ने शनिवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज के लिए भारतीय अंडर-19 टीम का ऐलान कर दिया है। जहां उत्तर प्रदेश के मोहम्मद अमान को टीम का कप्तान बनाया गया है, साथ ही राहुल द्रविड़ के बेटे समित द्रविड़ को भी इस टीम में मौका मिला है। अमान का भारतीय अंडर-19 टीम का कप्तान बनने का सफर संघर्षों भरा रहा है। 16 साल की उम्र में ही उनके माता-पिता का निधन हो गया जिसके बाद उनके तीन छोटे भाई बहनों की जिम्मेदारी उनपर आ गई। अमान के सिर से माता-पाति का साया छिनने के बाद वो अनाथ हो गए। इतनी कम उम्र में मिला ये गम किसी



को भी तोड़ने के लिए काफी होता है। लेकिन अमान ने हिम्मत नहीं हारी और अपने क्रिकेट के सपने को न सिर्फ पूरा किया, बल्कि भारतीय अंडर-19 वनडे क्रिकेट टीम के कप्तान भी चुने गए। माता-पिता के निधन के बाद अमान के पास दो ही रास्ते थे या तो क्रिकेट खेलना जारी रखें या अपने सपने को छोड़कर परिवार की जिम्मेदारी उठाने के लिए कोई छोटी- मोटी नौकरी करें। लेकिन मजबूत इच्छाशक्ति और संघर्ष का जज्बा काम आए और आज वो भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के कप्तान बने, जो अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए चार दिवसीय मैच भी खेलेगी।

## अवनि लेखरा, सिद्धार्थ बाबू और श्रीहर्ष देवरड्डी फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाये

नई दिल्ली, 1 सितंबर। भारतीय निशानेबाज अवनि लेखरा पैरालंपिक खेलों की मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच1) स्पर्धा में रविवार को यहां 11वें जबकि सिद्धार्थ बाबू 28वें स्थान पर रहे और इस तरह से फाइनल के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए। मिश्रित 10 मीटर एयर राइफल प्रोन (एसएच2) क्वालीफिकेशन में श्रीहर्ष देवरड्डी रामकृष्ण 630.2 के कुल स्कोर के साथ 26वें स्थान पर रहे।अवनि 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के अपने प्रदर्शन को नहीं दोहरा पाई और अच्छी शुरुआत के बावजूद 628.8 अंक के कुल स्कोर के साथ फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रही। सिद्धार्थ ने 628.3 का स्कोर किया। अवनि के छह सीरीज में अंकों का क्रम 105.7, 106.0, 104.1, 106.0, 104.8, 106.2, जबकि सिद्धार्थ का स्कोर 104.6, 103.8, 105.7, 104.9, 103.6, 105.7 रहा। अवनि ने शुक्रवार को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वह लगातार दो पैरालंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनी थी। उन्होंने विश्व रिकॉर्ड के साथ अपने खिताब का बचाव किया था। एसएच1 में खिलाड़ी बिना किसी मुश्किल के बंदूक पकड़ सकते हैं तथा खड़े होकर या बैठकर निशाना लगा सकते हैं।

## बेरोजगार खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया देगा दो लाख

लखनऊ, 1 सितंबर। हॉकी इंडिया ने भारतीय पुरुष और महिला संभावित कोर ग्रुप के बेरोजगार खिलाड़ियों को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता देगा ताकि वह अपने करियर पर पूरा ध्यान केंद्रित कर सकें। यह फैसला रविवार को लखनऊ में आयोजित 14वीं हॉकी इंडिया कांग्रेस में लिया गया। बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि हॉकी इंडिया फिर से हॉकी इंडिया लीग की शुरुआत करेगा जिसमें पहली बार महिलाओं की भी लीग होगी।

यह फैसला हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, महासचिव भोलानाथ, कोषाध्यक्ष शेखर जे. मनोहरन, कार्यकारी निदेशक कमांडर आरके श्रीवास्तव सहित भारतीय हॉकी टीम की चयन समिति के चेयरमैन डॉ. आरपी सिंह की मौजूदगी में हुई एजीएम में लिया गया। इसी के साथ वार्षिक साधारण सभा (एजीएम) में हॉकी इंडिया के संस्थापक सदस्य डा.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव, उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ) को खेल के प्रसार में उनके योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

## 7 माह की प्रेग्नेंट ब्रिटेन की आर्चर जोड़ी ग्रिनहम ने रचा इतिहास

नई दिल्ली, 1 सितंबर। पेरिस पैरालंपिक 2024 में शनिवार को ब्रिटेन की तीरंदाज जोडी ग्रिनहम ने इतिहास रच दिया है। जिसके बाद उनकी हर तरफ चर्चा हो रही है। दरअसल, जोडी ग्रिनहम सात महीने की गर्भवरती हैं और उन्होंने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। जोडी की उम्मीद है कि उनकी उपलब्धि कई अन्य महिलाओं को प्रेरित करेगी।

बता दें कि, जोडी ग्रिनहम जब पैदा हुईं तब उनके बाएं हाथ में उंगलियां नहीं थीं। केवल आधा अंगूठा था। मौजूदा समय में उनका दो साल का एक बच्चा है। इससे पहले वह तीन बार गर्भवती होकर मां नहीं



बन सकी थीं। ऐसे में गर्भावस्था के दौरान तीरंदाजी करना शारीरिक ही नहीं मानसिक तौर पर भी काफी मुश्किल है। जोडी ग्रिनहम को सेमीफाइनल मैच के दौरान काफी दिक्कत हुई। इस मुकाबले के दौरान उनका बच्चा हिल डुल रहा था और वह हार गईं।

पैरालंपिक में मेडल जीतने से पहले जोडी ने पिछला वीकेंड पेरिस के एक अस्पताल में बिताया था, क्योंकि उनका बच्चा हिल नहीं रहा था। उनके बच्चे के दिल की लगातार गिगरानी चल रही थी। इसके ट्रेनिंग के दौरान वह बच्चे के अप्रत्याशित मूवमेंट को लेकर भी तैयारी कर रही थीं। वह अब अपने बच्चे को बता सकेंगी कि वह दुनिया में आने से पहले ही पोडियम पर पहुंच गया था।

## 40वां शतक लगाकर अजिंक्य रहाणे ने फिर खटखटाया भारतीय टीम का दरवाजा

नई दिल्ली, 1 सितंबर। भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे के 40वें प्रथम श्रेणी शतक की बदौलत लीसेस्टरशर रविवार को काउंटी चैम्पियनशिप डिवीजन दो के मैच में ग्लेमोर्गन के खिलाफ अंतिम दिन हार से बचने के लिए कड़ा संघर्ष कर रही है। रहाणे ने अपनी पारी के दौरान 13 चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने साथ ही ऑस्ट्रेलिया के पीटर हैंड्सकॉम्ब के साथ चौथे विकेट के लिए 183 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी निभाई। हैंड्सकॉम्ब चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन लंच तक 94 रन पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। रहाणे और हैंड्सकॉम्ब



की लीसेस्टरशर की अंतरराष्ट्रीय जोड़ी मैच बचाने के उद्देश्य से डटी रही। रहाणे ने 192 गेंद में 102 रन बनाए। अजिंक्य रहाणे को लंच ब्रेक से पहले पार्ट-टाइम ऑफ स्पिनर किरण कार्लसन ने आउट किया। इससे पहले ग्लेमोर्गन के कोलिन इंग्राम ने नाबाद 257 रन की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली जिससे उसने पहली पारी नौ विकेट पर 550 रन के स्कोर पर घोषित की।

## सरकार की खेल नीति से प्रतिभावान खिलाड़ियों को मिला मंच : योगी

लखनऊ, 1 सितंबर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि सरकार की खेल पॉलिसी से प्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को मंच मिलने के साथ उन्हें प्रोत्साहित भी किया जा रहा है। हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष इंटर जोन चैंपियनशिप-24 के उद्घाटन समारोह में योगी ने कहा कि इस चैंपियनशिप में छह टीमें एक सप्ताह तक मैच खेलेंगी।

यह खिलाड़ियों के लिए नया अनुभव और अवसर है क्योंकि पहले यह सुविधाएं नहीं थी। इससे कभी-कभी लगता था कि राष्ट्रीय खेल अपने ही घर में उपेक्षित है, लेकिन अब उपेक्षा नहीं बल्कि नये जोश और भरोसे के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले दो ओलंपिक टोक्यो और पेरिस में भारतीय हॉकी टीम ने अपना परचम लहाराया है। इसमें दोनों बार भारतीय टीम का हिस्सा रहे खिलाड़ी ललित उपाध्याय को पिछली बार ही यूपी पुलिस में डिप्टी एसपी के पद पर तैनाती दी गई थी। वहीं इस बार ओलंपिक में अपना शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राजकुमार पाल को भी डिप्टी एसपी बनाने जा रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में खेल को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए।

योगी ने कहा कि इस पहल से खेल को लेकर जो पहले लोगों में नकारात्मकता का भाव था, वह आज सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ रही है। इसे आगे बढ़ाने में निजी खेल अकादमी की बड़ी भूमिका है। ऐसे में इसे आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने खेल पॉलिसी बनायी हुई है। इसके तहत ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड, वर्ल्ड चैंपियनशिप आदि में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सीधी भर्ती के माध्यम से सरकारी सेवा में स्थान दिया जा रहा है। इसके साथ ही उन्हें खेल में आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ खेलों को अडॉप्ट किया जा रहा है।

उन्होने कहा कि उनकी सरकार अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों अलग-अलग सेवा में सरकारी नौकरी दे चुकी है। सरकार इसे आगे भी जारी रखेगी। उन्होंने कहा कि यह दुर्लभ संजोग है, जो उत्तर प्रदेश में जूनियर हॉकी चैंपियनशिप, उत्तर प्रदेश लीग क्रिकेट और सोमवार से केडी सिंह बाबू स्टेडियम में फुटबॉल मैच शुरू होने जा रहा है। यह खेल के प्रति हमार नया सकारात्मक दृष्टिकोण है, जो युवाओं को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। प्रदेश के हर गांव में खेल का मैदान बनाने की प्रक्रिया तेजी से चल रही है। प्रदेश के हजारों गांवों में खेल के मैदान बन चुके हैं। वहीं 825 विकासखंडों में मिनी स्टेडियम और हर जनपद में खेल स्टेडियम बनाएंगे। वहीं अलग-अलग खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए अब तक युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को 65000 से अधिक स्पोर्ट्स किट उपलब्ध करायी जा चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हॉकी खिलाड़ी राजू पाल गाजीपुर के जिस अकादमी से निकले हैं वह एक निजी अकादमी है। यहां खेल गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से पिछले वर्ष 5 करोड़ रुपये की सहायता धनराशि दी गयी है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात में मु.मंत्री ने प्रदेश के विकास कार्यों के विषय में प्रधानमंत्री मोदी से चर्चा की तथा उन्होंने ''राइज़िंग राजस्थान'' समिट कार्यक्रम को मिल रही उल्लेखनीय सफलता के बारे में प्र.मंत्री को अवगत कराया। मु.मंत्री ने इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की तथा उन्हें प्रदेश की स्थिति एंव वर्तमान प्रोजैक्ट्स के बारे में जानकारी दी।*

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की

## राजस्थान के विकास एवं राइज़िंग राजस्थान-समिट को लेकर लोकसभा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्रियों से चर्चा की

नई दिल्ली/जयपुर, 1 सितम्बर (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को नई दिल्ली प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री मोदी से राजस्थान के समग्र विकास, प्रगति एवं जनकल्याण से संबंधित विभिन्न योजनाओं के संदर्भ में चर्चा की।

- **मुख्यमंत्री ने लोकसभाध्यक्ष ओम बिड़ला से भी मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ भी प्रदेश के विकास कार्यों एवं विभिन्न प्रोजैक्ट्स की जानकारी दी।**

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विकास और जनहित से जुड़े हुए विभिन्न विषयों पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से भी नई दिल्ली में भेंट कर चर्चा की।

शर्मा ने नई दिल्ली में ही केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं केन्द्रीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश में दिसम्बर माह में आयोजित होने वाले राइज़िंग राजस्थान इन्वेस्टमैंट समिट-2024 की विस्तृत कार्ययोजना एवं प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में निवेश आकर्षण सहित महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की।

# मणिपुर में उग्रवादियों का आतंक, आम नागरिकों पर बड़े पैमाने पर हमले

## उग्रवादियों की अंधाधुध गोलीबारी में एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए

इम्फाल, 1 सितम्बर। मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में रविवार को संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा किए गए हमले में एक महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, उग्रवादियों ने पहाड़ी के ऊपरी इलाके से कोत्रुक और पड़ोसी कडांगबांड के घाटी के निचले इलाकों की ओर अंधाधुंध गोलीबारी करने के साथ बम से हमले किए। पुलिस ने बताया कि इस हमले में एक महिला की मौत हो गयी जबकि उसकी आठ साल की बेटी और एक पुलिस अधिकारी समेत चार अन्य लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि गांव पर अचानक हुए हमले से लोगों में दहशत फैल गई, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा। मृतक महिला की पहचान नगांगबाम सुरबाला देवी (31) के रूप में हुई है, जिसका शव पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान (आरआईएमएस) ले जाया गया है। सुरबाला की बेटी और पुलिस अधिकारी एन. रॉबर्ट (30) को रिम्स में भर्ती कराया गया है, जबकि दो अन्य राज मेडिसिटी में अपना इलाज करवा रहे हैं गोलीबारी और बम विस्फोट के समय पीड़ित अपने घरों पर थे। पुलिस ने बताया कि हालात को स्थिर करने के लिए राज्य और केंद्रीय इकाइयों सहित सुरक्षा बलों को इलाके में तैनात किया गया है।

- **पुलिस ने बताया कि राजधानी इंफाल के एक गांव पर अचानक हुए हमले से लोगों में दहशत फैल गई, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित कई लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भागने के लिए मजबूर होना पड़ा।**

वहीं, मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने अरामबाई तेंगगोल समेत मेइती-समर्थक उग्रवादी समूहों के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए संकल्प लिया है कि वह इन समूहों को कट्टरपंथी एवं राष्ट्र-विरोधी नहीं बनने देंगे। अरामबाई तेंगगोल पर कुकी समुदाय के खिलाफ हिंसा भड़काने का आरोप है। सिंह ने पीटीआई वीडियो से एक हालिया साक्षात्कार में कहा, मैंने उनसे (अरामबाई तेंगगोल) से कहा कि आप कोई भी राष्ट्र-विरोधी या सांप्रदायिक काम नहीं करेंगे। आपको सरकार की मदद करनी होगी।

उन्होंने कहा, आपके मुंह से कोई सांप्रदायिक शब्द नहीं निकलना चाहिए। मैंने साफ चेतावनी दी थी कि आप कुछ भी नहीं बोलेंगे। सिंह ने कहा कि उनके (अरामबाई तेंगगोल) मुंह से पांच महीने में एक भी शब्द नहीं निकला। उन्होंने कहा, मैं उन्हें कट्टरपंथी, राष्ट्र विरोधी नहीं बनने दूंगा। अरामबाई तेंगगोल विवाद का केन्द्र बिन्दु रहा है। कुकी प्रतिनिधियों ने हिंसा को बढ़ाने के लिए इस संगठन को दोषी ठहराया है।

## तमिलनाडूः पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से दो श्रमिकों की मौत

थूथुकुडी (तमिलनाडु), 1 सितंबर (वार्ता)। तमिलनाडु के दक्षिणी जिले थूथुकुडी में एक निजी पटाखा फैक्टरी में विस्फोट होने से दो श्रमिकों की मौत हो गयी और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने बताया कि दुर्घटना नाजरेथ पुलिस सीमा के अंतर्गत कुरिपनकुलम गांव में शनिवार शाम को हुई। उन्होंने बताया कि विस्फोट घर्षण के कारण हुआ जब कर्मचारी शिवशक्ति फायरवर्क्स फैक्टरी में फैंसी किस्म के पटाखे बनाने के लिए उपयोग किए जाने वाले अत्यधिक ज्वलनशील रसायनों को मिला रहे थे। विस्फोट के बाद लगी आग से गोदाम पूरी तरह नष्ट हो गया।

## वंदे भारत स्लीपर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लोको कैब को बेहतर बनाया गया है तथा लोको पायलट और अटेंडेट्स की सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रखा गया है। इसके साथ ही यह ट्रेन टक्कर रोधी कवच प्रणाली से लैस है।

उन्होंने बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का डिजाइन और इसका इंटीरियर काफी आकर्षक और इसमें विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं इस ट्रेन में यूएसबी चार्जिंग प्रावधान के साथ एकीकृत रीडिंग लाइट, सार्वजनिक घोषणा और विजुअल इन्फॉर्मेशन प्रणाली, इनसाइड डिस्प्ले पैनल और सिक्योरिटी कैमरे तथा मॉड्यूलर पैंट्री की सुविधा है। इसके साथ ही दिव्यांग यात्रियों के लिए विशेष बर्थ और शौचालय उपलब्ध कराए गए हैं इसके अतिरिक्त, फर्स्ट एसी डिब्बे में यात्रियों के लिए गर्म पानी के शॉवर की सुविधा भी उपलब्ध करायी गयी है।

रेल मंत्री ने बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ट्रायल जल्द शुरू होने वाला है और उसके पश्चात इसे देश के विभिन्न रेल मार्गों पर संचालित किया जाएगा। वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को लंबे रेल रूट्स पर संचालित किया जाएगा और इस ट्रेन से भारत में लंबी दूरी की रेल यात्रा में क्रांति आने की उम्मीद है। वहीं वंदे भारत स्लीपर ट्रेन आराम, सुरक्षा और दक्षता के मामले में नए मानक स्थापित करेगी।

वैष्णव ने आज यहां उत्पादन इकाई का दौरा किया और वहां वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट के उत्पादन का निरीक्षण किया। उन्होंने वंदे भारत स्लीपर के उत्पादन में कार्यरत कर्मचारियों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन भी किया। इस दौरान केंद्रीय रेल राज्य मंत्री वी सोमन्ना भी मौजूद रहे।

## कंगना रनौत ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कारण बताओ नोटिस या फिर वो चीजें जिन्हें लेकर फिल्म में बदलाव किए जाने की जरूरत है, मेकर्स को दिए जाना बाकी है। फिल्म के संवेदनशील कॉन्टेंट और इसे लेकर बढ़रहे विवादों के बीच इतना साफ है कि इसे रिलीज के लिए हरी झंडी मिलने में अभी वक्त लग सकता है। ऐसे में कंगना रनौत डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो पाना अब नहीं हो पाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक कई जगहों पर कट लगाए जाने का सुझाव दिया गया है लेकिन जहां तक सर्टिफिकेशन का मामला है तो अभी भी चीजें रिव्यू की स्टेज पर ही हैं।

## के.सी. त्यागी ने....

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कि त्यागी ने निजी कारण से पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पद से इस्तीफा दे दिया है। विज्ञिप्त के अनुसार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन प्रसाद को राष्ट्रीय प्रवक्ता के पद पर नियुक्त किया है।

सूत्रों के अनुसार त्यागी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राजनीतिक सलाहकार बने रहेंगे।

बिहार के पूर्व मंत्री श्याम रजक बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ आज जनता दल यूनाइटेड (जदयू) में शामिल हो गए।

रजक जदयू प्रदेश मुख्यालय में रविवार को आयोजित एक सादे समारोह में जदयू में शामिल हुए। इस मौके पर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव और रत्नेश सदा के अलावा प्रदेश जदयू अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा समेत बड़ी संख्या में वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

जदयू को सदस्यता ग्रहण करने के बाद रजक ने कहा कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कामकाज से काफी प्रभावित हैं कुमार ने समाज के दबे-कुचले तबके के हितों की रक्षा के लिए कड़ी मेहनत की है।

# झारखण्डः सिपाही की भर्ती परीक्षा में दो दिन में छः लोगों की मौत

## दौड़ के बाद 100 से ज्यादा अभ्यर्थी बेहोश होकर अस्पताल पहुँच चुके हैं

रांची, 1 सितम्बर। झारखण्ड में उत्पाद (आबकारी) सिपाही की बहाली के लिए राज्य के विभिन्न केंद्रों पर चल रही दौड़ के क्रम में दो दिनों के भीतर छह अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है, जबकि एक सप्ताह के भीतर ऐसे आठ लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं।

राज्य में इस नियुक्ति के लिए 22 अगस्त से चल रही शारीरिक जांच परीक्षा में 100 से अधिक अभ्यर्थी बेहोश होकर अस्पताल पहुंच चुके हैं, जिनमें दर्जनों लोग अभी भी जगह-जगह इलाजरत हैं।

- **भर्ती में 60 मिनट में 10 किलोमीटर की दौड़ पूरी करनी होती है।**
- **डॉक्टरों का कहना है कि, बीमार व बेहोश हुए अभ्यर्थियों के हाव भाव व व्यवहार देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इन लोगों ने अपना प्रदर्शन बेहतर करने के लिए क्षमता बढ़ाने वाली स्टेरॉयड जैसी उत्तेजक दवा, इंजैक्शन या एनर्जी ड्रिंक का इस्तेमाल किया है, जिसका इनके शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ा।**

दौड़ के समय सबसे ज्यादा अभ्यर्थियों की मौत व बेहोशी के मामले पलामू से सामने आए हैं, जहां दो दिनों में चार लोगों की मौत हो चुकी है और 80 से ज्यादा अभ्यर्थी इलाजरत हैं। पलामू के अलावा हजारीबाग में दो तथा गिरिडीह और पूर्वी सिंहभूम में एक-एक अभ्यर्थी की दौड़ के क्रम में दम फूलने से जान गई है।

डाक्टरों का कहना है कि बीमार व बेहोश हुए अभ्यर्थियों के हाव भाव व व्यवहार देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि इन लोगों ने अपना प्रदर्शन बेहतर करने के लिए क्षमता बढ़ाने वाली स्टेरायड जैसी उत्तेजक दवा, इंजेक्शन या एनर्जी ड्रिंक का इस्तेमाल किया है, जिसका इनके शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ा।

कुछ ने एनर्जी ड्रिंक लेने की बात स्वीकार भी की है। वहीं, तेज धूप और उमस में घंटों लाइन में खड़े रहने और दौड़ने को भी लोग मौत की वजह बता रहे हैं।

जिन अभ्यर्थियों की दौड़ के क्रम में मौत हुई है, उनके शवों का पोस्टमार्टम कराए जाने के बाद बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है। चिकित्सकों के अनुसार बिसरा रिपोर्ट में यह स्पष्ट हो सकेगा कि मौत की वास्तविक वजह क्या थी।

अभी प्रारंभिक तौर पर दौड़ के क्रम में दम फूलने और हृदयगति रुकने के कारण मौत की बात सामने आई है। कारणों की पड़ताल के लिए डाक्टरों की टीम बनाई गई है। पलामू के मेदिनीनगर में स्थित मेदिनीराय मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराए गए कुछ अभ्यर्थी इलाज के दौरान असामान्य और उग्र व्यवहार कर रहे हैं।

एक-दो मरीजों ने इलाज कर रहे मेडिकल स्टाफ पर हमले की भी कोशिश की है। अस्पताल के अधीक्षक डा. आरके रंजन ने कहा कि अभ्यर्थियों का हिंसक व्यवहार को देखते हुए ऐसी आशंका है कि उन्होंने उत्तेजक दवाएं ली हैं।

उन्होंने कहा कि अस्पताल में सिपाही बहाली के दौरान अस्पताल में आने वाले अभ्यर्थियों में से अधिकांश ब्लड प्रेशर डाउन था। उन्हें काफी पसीना आ रहा था औऱ सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। आक्सीजन लेवल भी बहुत कम था। वहीं, कुछ लोग कोमा में चले गए थे। भर्ती दोड़ के दौरान अभ्यर्थियों की मौत और बेहोशी के मामलों पर संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

# सिक्किम राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का 3 सितम्बर को होगा नागरिक अभिनन्दन समारोह

## ओम माथुर का बिड़ला ऑडिटोरिम में महिलाओं द्वारा राजस्थानी रीति-रिवाज से स्वागत किया जायेगा

जयपुर, 1 सितम्बर (का.सं.)। सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का 3 सितम्बर को नागरिक अभिनन्दन समारोह का आयोजन बिड़ला ऑडिटोरियम में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी, प्रेमचंद बेरवा, सहित अनेक नेता मौजूद रहेंगे।

इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा व तिलक व पंडितों द्वारा मंगलाचरण के द्वारा राजस्थानी परम्परा से स्वागत किया जायेगा। जिसमें लगभग 35 विभिन्न समाज, सामाजिक, व्यापारिक, खेल व अन्य संगठन व एसोसिएशन पदाधिकारी व गणमान्य नागरिक राज्यपाल ओम माथुर का अभिनन्दन करेंगे। गौरतलब है कि ओम माथुर पाली जिले के बाली के रहने वाले हैं। आपातकाल के समय भी संघर्ष के दौरान जेल भी गये। किसान संघ के संस्थापक सदस्य रहे व किसानों की आवाज को उठाते हुये जीरा आन्दोलन जैसे विशाल आन्दोलन के जनक रहे।

- **ओम माथुर का भाजपा के संगठनात्मक कार्यों में विशेष योगदान रहा है। वे किसान संघ संस्थापक सदस्य रहे हैं। वे चार बार भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सहित कई पदों पर विराजमान रहे हैं।**

उसके पश्चात् राजस्थान भाजपा के संगठन मंत्री के रुप में संगठन को खड़ा करने व मजबूत कार्यकताओं की एक फौज तैयार करने का कार्य किया। उसके पश्चात भारतीय जनत पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री, 4 बार राष्ट्रीय महासचिव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, राजस्थान प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष जैसे पदों पर दायित्व निर्वहन करते हुये पार्टी का सम्पूर्ण देश में विस्तार करने में योगदान दिया। पूरे देश में लगभग, आधा दर्जन प्रदेशों, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, उत्तराखण्ड जैसे प्रदेशों के भाजपा के प्रभारी रहते हुये कई चुनावों (लोकसभा व विधानसभा) की अगवानी की और इस क्षेत्र में उन्होंने 100 प्रतिशत जीत का रिकार्ड कायम किया। माथुर भाजपा केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य भी रहे।

## उपद्रवियों को भाजपा से मिली है हुड़दग मचाने की खुली छूट : राहुल

नयी दिल्ली, 01 सितंबर (वार्ता) कांठोस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से उपद्रवियों को हुड़दंग मचाने की खुली छूट मिली है इसलिए वे देश में भय और नफरत का माहौल फैलाने के काम में जुटे हैं।

राहुल गांधी ने कहा,नफ़रत को राजनीतिक हथियार बनाकर सत्ता की सीढ़ी चढ़ने वाले देश भर में लगातार भय का राज स्थापित कर रहे हैं। भीड़ की शक्ल में छिपे हुए नफरती तत्व कानून के राज को चुनौती देते हुए खुलेआम हिंसा फैला रहे हैं।

उन्होंने कहा,भाजपा सरकार से इन उपद्रवियों को खुली छूट मिली हुई है, इसीलिए उनमें ऐसा कर पाने का साहस पैदा हो गया है।

अल्पसंख्यकों, खास कर मुसलमानों पर लगातार हमले जारी हैं और सरकारी तंत्र मूक दर्शक बना देख रहा है। ऐसे अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई कर कानून का इकबाल क़ायम किया जाना चाहिए।

# तृणमूल की असम इकई के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने पद से इस्तीफा दिया

गुवाहाटी, 1 सितम्बर। तृणमूल कांग्रेस की असम यूनिट के अध्यक्ष रिपुन बोरा ने रविवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया और दावा किया कि इस पूर्वोत्तर राज्य के लोग टी.एम.सी. को पश्चिम बंगाल की एक क्षेत्रीय पार्टी मानते हैं और इसे अपना मानने के इच्छुक नहीं हैं। बोरा की घोषणा के बाद तृणमूल युवा कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष महबूब अली ने भी पार्टी से इस्तीफा दे दिया। अली ने कहा, निजी कारणों से मैं असम तृणमूल कांठोस की युवा शाखा के अध्यक्ष पद के साथ-साथ पार्टी से भी इस्तीफा दे रहा हूं।

- **बंगाल में राजनीतिक स्थिरता के बीच रिपुन बोरा के इस कदम को मु.मंत्री ममता बनर्जी के लिए बड़ा झटक माना जा रहा है।**

तृणमूल कांग्रेस के महासचिव अभिषेक बनर्जी को लिखे पत्र में पूर्व राज्यसभा सदस्य बोरा ने कहा कि उन्होंने पार्टी सुप्रीमो एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को असम में टीएमसी को स्वीकार्य बनाने के लिए कई सुझाव दिए थे, लेकिन उन पर कोई काम नहीं किया गया।

बोरा ने अपने त्यागपत्र में कहा, टी.एम.सी. की असम इकाई में काफी संभावनाएं हैं, लेकिन बार-बार सामने आने वाले कुछ मुद्दों ने हमारी प्रगति में बाधा उत्पन्न की है, जिसमें पार्टी को पश्चिम बंगाल की एक क्षेत्रीय पार्टी के रूप में देखना भी शामिल है।

## शिवाजी की प्रतिमा गिरने के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अजीत पवार के पोस्टर को जूते मारने में हमारा साथ दें।

इस रैली के दौरान एन.सी.पी. के नेता शरद पवार ने कहा कि छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का ढहना भाजपा द्वारा किए जा रहे भारी भ्रष्टाचार का एक उदाहरण है। यह सभी शिवाजी के अनुयायियों और पूरे महाराष्ट्र का अपमान है। दरअसल, सिंधुदुर्ग के राजकोट जिले में मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति 26 अगस्त को ढह गई थी। इस मूर्ति का अनावरण पिछले साल पीएम मोदी ने 4 दिसंबर को किया था। मूर्ति कि ढ़हने के बाद पहले महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुले तौर पर माफी मांगी फिर उसके बाद शुक्रवार को महाराष्ट्र पहुंचे पीएम मोदी ने भी मंच से माफी मांगते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज सिर्फ एक नाम या राजा नहीं हैं वे हमारे लिए देवता हैं आज मैं उनके चरणों में सिर झुकाता हूं और अपने देवता से माफी मांगता हूं। इस मामले के बाद डैमेज कंट्रोल में जुटी महाराष्ट्र की सरकार ने जांच के लिए एस.आई.टी. गठित की है तो इंडिया गठबंधन ने इस मामले को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महाविकास अघाड़ी ने मेगा मुंबई प्रोटेस्ट का ऐलान कर दिया है। वहीं प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। सत्ताधारी बीजेपी विपक्ष के इस प्रदर्शन का जवाब देने के लिए अलग प्रदर्शन करने जा रही है। रविवार को गेट वे ऑफ इंडिया के पास भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया और सुरक्षा कारणों से आम लोगों के यहां आने पर रोक लगा दी गई। हुतात्मा चौक से शुरू होने वाले इस मार्च में शिवसेना (यू.बी.टी) चीफ उद्धव ठाकरे और एन.सी.पी. (शरद पवार) चीफ शरद पवार भी शामिल हो रहे हैं विपक्ष ने इस विरोध प्रदर्शन को ''सरकार को जूते मारो'' प्रोटेस्ट का नाम दिया है। इसका मतलब होता है चप्पल मारना। शिवसेना की तरफ से कहा गया की महाराष्ट्र की स्वाभिमान जगाने के लिए वे शिवाजी के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित करने जा रहे हैं वहीं शरद पवार के गुट की ओर से कहा गया कि भ्रष्ट शिवद्रोहियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

## आंध्र प्रदेश व तेलंगाना में बाढ़, 294 गाँव खाली ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

चिकित्सा शिविरों की भी व्यवस्था की गई है। गृह मंत्री ने आधिकारिक विज्ञिप्त में कहा, भारी बारिश के कारण अब तक 9 लोगों की मौत हो चुकी है। पुलिस, एन.डी.आर.एफ. और राज्य आपदा मोचन बल के दलों ने जलमग्न इलाकों से 600 लोगों को बचाया है। एन.डी.आर.एफ. और एसडीआरएफ के 17 दलों ने सात जिलों में 22 जलमग्न स्थानों पर बचाव अभियान चलाया।

प्रारंभिक अनुमानों का हवाला देते हुए अनिता ने बताया कि बारिश के कारण 62,644 हेक्टेयर धान की फसल और 7,218 हेक्टेयर बाग जलमग्न हो गए हैं उन्होंने बताया कि सभी जिलों में टोल फ्री नंबर और नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं साथ ही स्थिति पर नजर रखने के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मौसम की स्थिति की समीक्षा की। इस दौरान उन्हें बताया गया कि बापटला जिले में प्रकाशम बैराज के मुहाने पर रहने वाले 6,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। नायडू ने बताया कि 31 अगस्त की तुलना में रविवार को कम बारिश हुई, लेकिन कुछ कॉलोनियों और घरों में अब भी पानी भरा हुआ है।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ स्थानों पर 27 सेमी तक बारिश हुई है। नायडू ने अधिकारियों को इन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। उन्होंने कहा कि पिछले 50 वर्षों में ऐसी रिकॉर्ड बारिश नहीं देखी गई थी। नायडू ने अधिकारियों को बाढ़ का आकलन करने और उसके अनुसार राहत व बचाव अभियान चलाने के लिए ड्रोन जैसी प्रौद्योगिकियों को शामिल करने की सलाह दी है। साथ ही उन्होंने बाढ़ के कारण होने वाले खाद्य संकट और जल प्रदूषण के प्रति सावधान रहने का भी निर्देश दिया है। नागरिक आपूर्ति मंत्री एन मनोहर ने मुख्यमंत्री को बताया कि कुछ स्थानों पर जरूरतमंद लोगों को चावल सहित कुछ आवश्यक सामान उपलब्ध कराए गए हैं।

सीएम ने कहा कि विजयवाड़ा के प्रकाशम बैराज से रविवार शाम तक 10 लाख क्यूसेक पानी छोड़े जाने की संभावना है। इसलिए उन्होंने अधिकारियों को निचले इलाकों के ग्रामीणों को सतर्क करने और उन्हें वहां से हटाने का निर्देश दिया है। डीजीपी सी. द्वारका तिरुमला राव ने मुख्यमंत्री को बताया कि बाढ़ के कारण एनटीआर जिले के रायनपाडु रेलवे स्टेशन पर रेल परिचालन रोक दिया गया है। रेलवे स्टेशन पर तमिलनाडु एक्सप्रेस को रोके जाने के बाद गृह मंत्री ने गौर किया कि यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए एपीएसआरटीसी बसों के जरिए यात्रा की वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है। विजयवाड़ा के नगर आयुक्त एचएम ध्यानचंद्र ने कहा, बुदमेरु नहर के कई इलाकों में ओवरफ्लो हो रही है। 12 वार्ड जलमग्न हो गए हैं पानी के बहाव को रोकने के लिए अपस्ट्रीम गेट बंद कर दिए गए हैं करीब 3,000 लोगों को निकाला गया है। बुदमेरु की स्थिति को नियंत्रण में लाने का आश्वासन देते हुए नगर आयुक्त ने कहा कि राहत कार्यों के लिए एन.डी.आर.एफ. की दो और एसडीआरएफ की दो टीम तैनात की जाएंगी। मौसम विभाग के अधिकारी ने देखा कि उत्तरी आंध्र प्रदेश और दक्षिणी ओडिशा के तटों पर बना अवदाब रविवार की सुबह कलिंगपट्टनम के पास दक्षिणी राज्य के तट को पार करने के लिए उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ गया। अवदाब के अगले 24 घंटे में दक्षिण ओडिशा और दक्षिण छत्तीसगढ़ से होते हुए पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने व कमजोर होकर कम दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील होने की संभावना है।

**मार्डन मीडिया, बीकानेर के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा,** आर.एन.आई. नं. 35214/79, **जयपुर कार्यालयः** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोनः 2372634, 4103333-34, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोनः 2386031, 2386032,फैक्सः0744-2386033, **उदयपुर कार्यालयः** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालयः**-राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665, **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422,226423, फैक्सः 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्सः 01562-256908